सच, सिर्फ सच *

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 17 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 17, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 188 अंकों की उछाल

सेंसेक्स लगातार दो कारोबारी सत्र की गिरावट के बाद 187 .64 अंक की बढ़त के साथ 83,570 .35 अंक पर बंद हुआ। } 14

## सबसे महत्वपूर्ण समझौता साबित होगा एफटीए

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) सबसे महत्वपूर्ण समझौता साबित होगा। } 16



# वैश्विक नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित करें भारतीय स्टार्टअप

### पीएम मोदी ने स्टार्टअप इंडिया पहल की 10वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय स्टार्टअप से विनिर्माण, गहन प्रौद्योगिकी और वैश्विक नेतृत्व पर अधिक ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि स्टार्टअप इंडिया का अगला दशक भारत को नवाचार के वैश्विक अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा करने वाला होना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्टार्टअप इंडिया पहल की 10वीं वर्षगांठ पर भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप भारत के आर्थिक और प्रौद्योगिकी भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया पहल को एक क्रांति करार देते हुए कहा कि 2014 में जहां देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे, वहीं आज यह संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है। इनमें से करीब 125 स्टार्टअप एक अरब डॉलर या उससे अधिक मूल्यांकन के साथ यूनिकॉर्न दर्जा हासिल कर चुके हैं। मोदी ने कहा कि इसके साथ ही भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जोखिम लेने की प्रवृत्ति को पहले हतोत्साहित किया जाता था लेकिन अब वह मुख्यधारा में आ गई है और स्टार्टअप रोजगार सृजन, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने स्टार्टअप संस्थापकों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पारंपरिक व्यंजनों को ब्रांडिंग, पैकेजिंग व मार्केटिंग से जोड़ेगी सरकार

### ○ ओडीओपी की तर्ज पर जमीनी स्तर पर लागू होगी ओडीओसी ○ कारीगरों व हलवाइयों को मिलेगी स्थायी आजीविका

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की समृद्ध और विविधतापूर्ण खान-पान परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना के शुभारंभ का निर्णय लिया है। ब्रांड यूपी को सशक्त बनाने में एक जनपद-एक उत्पाद योजना की बड़ी भूमिका के बाद अब उत्तर प्रदेश की पारंपरिक क्यूजीन को संगठित ब्रांडिंग के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का हर जनपद अपने विशिष्ट स्वाद, संस्कृति और पहचान के साथ सामने आए, यही ओडीओसी योजना का मूल उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि मैनपुरी की सोनपापड़ी, मथुरा का पेड़ा, अलीगढ़ की चमचम, हाथरस की रबड़ी, कासगंज का कलाकंद और मूंग का दलमा, एटा की चिकोरी, सुल्तानपुर की कड़ाहा की पूरी और कोहड़े की सब्जी, बाराबंकी की चंद्रकला मिठाई, आजमगढ़ का सफेद गाजर का हलवा, वाराणसी की लौंगलता, बरेली की सिंवइयां, अमेठी का समोसा, बस्ती का सिरका और सिद्धार्थनगर की रामकटोरी जैसी पारंपरिक मिठाइयां और व्यंजन केवल भोजन नहीं, बल्कि स्थानीय विरासत, कौशल और आर्थिकी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन्हें गुणवत्ता, पहचान और बाजार उपलब्ध कराकर प्रदेश की सांस्कृतिक ताकत को आर्थिक शक्ति में बदला जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि ओडीओसी को ओडीओपी की तर्ज पर जमीनी स्तर पर लागू किया जाए, ताकि पारंपरिक कारीगरों, हलवाइयों और छोटे उद्यमियों को स्थायी आजीविका के अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और सभी उत्पादों को खाद सुरक्षा मानकों के अनुरूप प्रमाणित किया जाए। मुख्यमंत्री ने जीआई टैगिंग को प्रोत्साहित करने, स्थानीय व्यंजनों की पहचान सुरक्षित रखने और युवाओं व आधुनिक उपभोक्ताओं की पसंद के अनुसार स्वाद-आधारित विविधता विकसित करने पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओसी के तहत प्रत्येक जनपद के विशिष्ट व्यंजनों की पहचान कर उन्हें क्यूजीन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### ईडी ने अल फलाह विवि की संपत्तियां कीं कुर्क

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय की लगभग 140 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां शुक्रवार को कुर्क कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी और उनके ट्रस्ट के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है। अल फलाह विश्वविद्यालय राष्ट्रीय राजधानी में पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के निकट हुए कार बम विस्फोट के बाद केंद्रीय एजेंसियों की जांच के घेरे में है। उन्होंने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी एक अंतरिम आदेश के तहत फरीदाबाद के धौज क्षेत्र में स्थित विश्वविद्यालय की 54 एकड़ भूमि, विश्वविद्यालय की इमारतों, विभिन्न स्कूलों और विभागों से संबंधित इमारतों और छात्रावासों को कुर्क कर लिया गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में सबसे पहले यह खबर दी थी कि ईडी अल फलाह ट्रस्ट के स्वामित्व वाली इन संपत्तियों को अपराध से अर्जित आय के रूप में वर्गीकृत करते हुए इन्हें कुर्क करने जा रही है।

### गौतमबुद्ध नगर के जिला आबकारी अफसर सस्पेंड

लखनऊ। गौतमबुद्ध नगर के जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार को निर्धारित से ज्यादा कीमत पर शराब की बिक्री के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर की शराब की दुकानों पर ज्यादा कीमत पर शराब की बिक्री की शिकायत मिलने पर आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने मामले की जांच कराई थी। जांच में जिला आबकारी अधिकारी को दोषी पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। आबकारी राज्य मंत्री ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर में शराब की दुकानों पर निर्धारित कीमत से ज्यादा पर शराब बेचने की शिकायत की जांच मेरठ के तत्कालीन उप आबकारी आयुक्त राकेश कुमार सिंह से कराई गई थी। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बीएमसी चुनाव : भाजपा ने लहराया परचम

### 227 सीटों में से 114 सीटों पर आगे चल रहा भाजपा गठबंधन



## जनता ने राजग के जनहितकारी एजेंडे को दिया आशीर्वाद : मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों में, शुक्रवार को भाजपा नीत गठबंधन के शानदार जीत की ओर बढ़ने को लेकर राज्य की जनता का आभार जताया और कहा कि राज्य के लोगों ने राजग के जनहितकारी सुशासन के एजेंडे को आशीर्वाद दिया है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की 227 सीट में से 210 सीट के लिए टेलीविजन चैनलों पर दिखाये ...शेष पृष्ठ 14 पर

**बीएमसी चुनाव के नतीजे** सीटें: 227 बहुमत: 114

| भाजपा+ | शिवसेना (यूबीटी)+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| 116 | 73 | 24 | 03 |

एजेंसी

मुम्बई। महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा गठबंधन एकतरफा जीत की ओर है। रुझानों में 29 नगर निगमों में से 23 में भाजपा गठबंधन को बढ़त है। मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 116 सीटों पर आगे चल रहा है। इसके अलावा नागपुर, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, पिंपरी चिंचवाड और नासिक में भी भाजपा गठबंधन को बढ़त है। लातूर में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। 70 में से 43 सीटें जीतीं। शिवसेना (अबाठा) नेता संजय राउत ने कहा-मुंबई में जिस तरह गिनती जारी है, उसे देखते हुए फाइनल नतीजे आधी रात तक नहीं आएंगे। जारी आंकड़े गलत हैं। करीब 100 वार्डों में अभी तक गिनती शुरू भी नहीं हुई। शुक्रवार को नगर निगम चुनाव की सुबह 10 से काउंटिंग जारी है। राज्य में निगम चुनाव के लिए 15 जनवरी को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मथुरा : जल्द शुरू होगा श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर का निर्माण

मथुरा। भव्य और दिव्य 'श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर' के निर्माण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को भूमि की पहली रजिस्ट्री सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश पर गठित हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से कॉरिडोर निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना से न केवल दर्शन सरल होंगे, बल्कि समूचे ब्रज क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिए आज बिहारी पुरा क्षेत्र की संपत्ति संख्या- 25 के एक भाग (69.26 वर्ग मीटर) की रजिस्ट्री तहसीलदार सदर के पक्ष में की गई। यति गोस्वामी, अभिलाष गोस्वामी और अनिकेत गोस्वामी ने इस पुनीत कार्य हेतु सहर्ष अपनी भूमि का विक्रय-विलेख (सेल डीड) निष्पादित किया। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह और अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा के प्रयासों से हुई यह पहली रजिस्ट्री कॉरिडोर निर्माण के संकल्प को धरातल पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 20 को होगी भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम जारी करते हुए कहा कि इस पद के लिए नामांकन 19 जनवरी को दाखिल किए जाएंगे और अगले दिन नए पार्टी अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी।

○ नितिन नवीन के निर्विरोध चुने जाने की संभावना

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की संभावना है, क्योंकि इस बात की उम्मीद कम ही है कि कोई और नेता इस मुकाबले में शामिल होगा। भाजपा के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण द्वारा जारी संगठन चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे के बीच दाखिल किया जा सकेगा और उम्मीदवार उसी दिन शाम 5 बजे से शाम 6 बजे के बीच नामांकन वापस ले सकेंगे। उम्मीदवारों के नामांकन पत्र की छानबीन 19 जनवरी को शाम 4 बजे से शाम 5 बजे के बीच की जाएगी। लक्ष्मण ने कहा अगर जरूरत पड़ी तो 20 जनवरी को मतदान होगा और उसी दिन नए चुने गए भाजपा अध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी। नवीन भाजपा अध्यक्ष के तौर पर जे पी नड्डा की जगह ले सकते ...शेष पृष्ठ 14 पर

## समाज को प्रगति के पथ पर पहुंचाता है शिक्षक

### सीएम धामी ने रुड़की में आयोजित सम्मान समारोह को किया सम्बोधित

प्रमुख संवाददाता



रुड़की/देहरादून। शिक्षक, समाज की चेतना को दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। जिस समाज में शिक्षक सुरक्षित, सम्मानित और संतुष्ट होता है। वहीं, समाज प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए उन्नति के शिखर को छूता है। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुड़की के कन्हैया लाल डीएवी महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार शिक्षकों और विद्यार्थियों के हितों को प्रमुखता देते हुए राज्य में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

हम शिक्षा व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, व्यावहारिक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए भी कई स्तरों पर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा सरकार, शिक्षा व्यवस्था को केवल परीक्षा और डिग्री तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि उसे स्किल डेवलपमेंट से जोड़कर राज्य में रोजगार के साथ स्वरोजगार के क्षेत्र में भी युवाओं को आगे बढ़ाना चाहती है। सरकार ने देश में सबसे पहले नई शिक्षा नीति को लागू कर अपनी प्राथमिकताओं के बारे में स्पष्ट कर दिया है। नई शिक्षा नीति के तहत अब हमारे विश्वविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और बिग डेटा जैसे कई नए कोर्स शुरू हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा सरकार द्वारा राज्य में 20 मॉडल कॉलेजों की स्थापना की जा रही है। छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए महिला छात्रावास, आधुनिक आई.टी. लैब और नए परीक्षा भवनों का निर्माण किया जा रहा है। हमने ब्रिटेन के साथ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एसआईआर अभियान के लिए चार विशेष तिथियां निर्धारित

विशेष संवाददाता



○ विशेष अभियान में हर मतदान केंद्र पर बनेगी हेल्प डेस्क, फार्म भरने में मिलेगी सहायता

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी, 2026 से 06 फरवरी तक निर्धारित की गई है।

इस अवधि में मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष अभियान तिथियां 18 जनवरी (रविवार), 31 जनवरी (शनिवार) एवं 01 फरवरी (रविवार) तय की गई हैं। इसके अतिरिक्त, एक चौथी विशेष अभियान तिथि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जिला स्तर पर सुविधानुसार निर्धारित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान तिथियों के दौरान प्रदेश ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 7.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

○ डिफेंस कॉरिडोर के लिए 1000 एकड़ भूमि देंगे (पृष्ठ-02)
○ खेल प्रतिभाएं तराशें शिक्षण संस्थान : योगी (पृष्ठ-02)
○ रुपया 50 पैसे टूटकर 90.84 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-14)
○ सोने, चांदी के वायदा भाव में रिकॉर्ड तेजी थमी (पृष्ठ-14)
○ विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 687.19 अरब डॉलर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने राजधानी लखनऊ में जगह-जगह जलवाये अलाव, लोगों ने आग तापकर ली राहत की सांस

# जाड़े में जरूरतमंदों के लिए जारी रहेगा अलाव अभियान : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह







लखनऊ। गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से राहत पहुंचाने हेतु बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था की। इससे सर्दी में घर से निकले लोगों ने काफी सहूलियत महसूस की। ट्रेन-बस पकड़ने वाले मुसाफिरों और यात्रियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापे। शुक्रवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास की इस मानवीय पहल का तहे दिल से स्वागत किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर राहत महसूस की।

गौरतलब है कि शरद ऋतु में रात काटना गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ता है। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को दूर करने का प्रयास करते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर समाज के अन्य लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करते हैं। शहर के हर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# खेल प्रतिभाएं तराशें शिक्षण संस्थान : सीएम योगी

## किसी एक खेल को गोद लें विश्वविद्यालय-महाविद्यालय, पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों का आह्वान किया है कि वे किसी एक खेल को गोद लेकर उससे जुड़ी प्रतिभाओं को तराशें। खेल के जरिये स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कराकर अनुशासन और खेल भावना को मजबूत करने में योगदान दें।

सीएम योगी शुक्रवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता के औपचारिक उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल गतिविधियों को बढ़ाने से युवा नशे से दूर रहेंगे, तमाम विकृतियों से बचे रहेंगे। युवा खेलेगा तो खिलेगा, और यही युवा देश को आगे बढ़ाने में, 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में योगदान देगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने खेलों के माध्यम से भी विकसित भारत बनाने के अभियान में भरपूर प्रयास किए हैं। प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेरठ में बन चुकी है। मेरठ में हर प्रकार के स्पोर्ट्स आइटम बन रहे हैं और इसे सरकार ने ओडीओपी में शामिल किया है।

- **मैच देखकर बढ़ाया मुख्यमंत्री ने महिला खिलाड़ियों का उत्साह**



**पीएम मोदी की खेलों में अपार रुचि** : सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 11 वर्षों में देश में एक नई खेल संस्कृति ने जन्म लिया है। 2014 के पहले खेल की गतिविधियां और प्रतियोगिताएं सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं होती थीं। खेल और खिलाड़ियों की उपेक्षा होती थी। अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर न होने से खिलाड़ी खेल से पलायन करने को विवश होते थे। कुंठित, हताश और निराश रहते थे। जबकि 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेल और खिलाड़ियों का प्रोत्साहन देखते ही बनता है। पीएम मोदी ने खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेल प्रतियोगिता जैसे अभियानों से स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र की प्रेरणा दी है। गांव-गांव तक खेल प्रतिभाओं को मंच दिया है। प्रधानमंत्री स्वयं विभिन्न खेलों में देश की विजेता टीमों के खिलाड़ियों के साथ बैठते हैं, प्रतियोगिता से पहले भी उनका हौसला बढ़ाते हैं।

- **खेल गतिविधियों को बढ़ाने से नशे से दूर रहेंगे युवा : सीएम योगी**

**यूपी ने बढ़ाया खेल इंफ्रास्ट्रक्चर :** सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ाया गया है। प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान व ओपन जिम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम, जिला स्तर पर स्टेडियम बनाने के कार्य युद्धस्तर पर आगे बढ़े हैं।

खेल गतिविधियां अनौपचारिक न रहें, बल्कि दिनचर्या का हिस्सा बनें, इसके लिए सरकार ने 96000 से अधिक युवक मंगल दलों और महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट वितरित की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अब तक 500 से अधिक पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरी दे चुकी है।

खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, तहसीलदार और क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी के पद पर भी नियुक्त किया गया है।

**कॉमनवेल्थ और ओलंपिक के अनुरूप करें तैयारी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स गुजरात में होंगे। हर राज्य और खिलाड़ियों को इसके अनुरूप खुद को तैयार करना होगा। भारत 2036 के ओलंपिक गेम्स की मेजबानी के लिए भी आवेदन कर रहा है। कॉमनवेल्थ और ओलंपिक में अधिक पदक जीतने की तैयारी अभी से करनी होगी।

### गुरु गोरक्षनाथ की धरा पर किया खिलाड़ियों का अभिनंदन

अपने संबोधन में सीएम योगी ने प्रदेश सहित देश के 14 राज्यों से आईं बास्केटबाल की महिला खिलाड़ियों का गुरु गोरखनाथ की पावन साधनास्थली पर स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने गोरखपुर को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से समृद्ध धरा बताने के साथ आजादी के आंदोलन में चौरीचौरा की घटना, वैदिक साहित्य के विश्व में सबसे बड़े प्रकाशन केंद्र 'गीता प्रेस' की महत्ता बताई। साथ ही अमर सेनानी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल तथा बंधु सिंह से इस जिले के किसी न किसी रूप में जुड़ाव का उल्लेख करते हुए गोरखपुर को महान उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की कर्मभूमि बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर अनेक विभूतियों की पावन धरा है। मंचीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने गोरखपुर विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की खेल विवरणिका का विमोचन भी किया।

### गुब्बारे उड़ाकर व बास्केटबॉल कोर्ट में बॉल उछाल कर किया उद्घाटन

- मंचीय कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुब्बारे उड़ाकर तथा बास्केटबॉल कोर्ट में फीता काटकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने स्वयं भी बास्केटबॉल कोर्ट में बॉल उछाली। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर विश्वविद्यालय और शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ की खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया। मंचीय कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद सीएम योगी ने फर्स्ट हाफ का मैच देखा और ताली बजाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

### खेलों से मजबूत होती है राष्ट्रीय चेतना : कुलपति

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि खेलों के आयोजन से राष्ट्रीय चेतना मजबूत होती है। खेल केवल परंपरा ही नहीं, संस्कार और सामाजिक चेतना का भी माध्यम होते हैं। 14 राज्यों के 31 विश्वविद्यालयों की महिला खिलाड़ियों की प्रतिभागिता वाले इस आयोजन से उदीयमान प्रतिभाओं को प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। यह आयोजन सांस्कृतिक समन्वय और राष्ट्रीय एकता का भी प्रभावी मंच है। खेल से स्वास्थ्य, स्वास्थ्य से आत्मविश्वास और आत्मविश्वास से सशक्त राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है। खेल वह भाषा है, जो विविधता को एकसूत्र में बांधती है। इस अवसर पर कुलपति ने खेल के क्षेत्र में गोरखपुर विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उद्घाटन कार्यक्रम को गोरखपुर विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. विमलेश कुमार मिश्र ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, श्रवण कुमार निषाद, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, डॉ. विभ्राट चंद कौशिक आदि भी मंचासीन रहे।

# स्टार्टअप क्रांति को गति दे रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

## प्रदेश सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था का नया दौर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश त्वरित गति से नवाचार, अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीक के विकास की दिशा में अग्रसर है। प्रदेश में 07 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस देश की तकनीकी अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह स्टार्टअप क्रांति को गति देने का काम कर रहे हैं।

सरकार का यह कदम स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बना रहा है। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर इनोवेशन हब के रूप में स्थापित होने की ओर कदम बढ़ा रहा है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को आधुनिक अर्थव्यवस्था का इंजन कहा जाता है। ये ऐसे विशेषीकृत संस्थान होते हैं, जो किसी एक उन्नत तकनीक या क्षेत्र में अनुसंधान, प्रशिक्षण, उत्पाद, विकास और उद्योग सहयोग के केंद्र के रूप में काम करते हैं। यहां पर स्टार्टअप और युवा उद्यमियों को उच्च स्तरीय लैब सुविधाएं, प्रोडक्ट परीक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और उद्योग जगत से नेटवर्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

- **लैब सुविधा, मेंटरशिप, टेस्टिंग और नेटवर्किंग से युवाओं को मिल रहा अवसर**



उत्तर प्रदेश सरकार ने थीम आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को स्वीकृति दी है। ये केंद्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन, मेडिटेक, टेलिकॉम, ड्रोन, एडिटिव, मैन्युफैक्चरिंग और ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। इन अत्याधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवा विश्वस्तरीय स्टार्टअप बना सकेंगे और प्रदेश को नए रोजगार अवसरों का बड़ा गंतव्य बनाएंगे।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चयनित प्रोडक्ट आधारित स्टार्टअप को जो सुविधाएं प्रदान की जा रही है, उनमें उच्च स्तरीय लैब, को-वर्किंग स्पेस, रिसर्च सपोर्ट, प्रोडक्ट टेस्टिंग और विशेषज्ञ मेंटरशिप शामिल हैं। इस व्यवस्था का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रतिभाशाली युवा की राह में संसाधनों का आभाव रोड़ा न बने। प्रदेश सरकार की ओर से इन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए वित्तीय सहायता का भी मजबूत ढांचा तैयार किया है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थापित 07 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्षेत्रीय विकास को भी गति दे रहे हैं। जिससे छोटे शहरों के युवाओं को भी विश्व स्तरीय सुविधाएं अपने ही प्रदेश में उपलब्ध हो रही हैं।

# सरकारी कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की दिलायी जायेगी शपथ

**लखनऊ।** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह को गरिमापूर्ण ढंग से मनाये जाने के संबंध में तैयारियों एवं कार्ययोजना को लेकर बैठक हुई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मतदाता दिवस कार्यक्रम को दिव्य एवं भव्य रुप से आयोजित करने तथा मतदाताओं को जागरुक करने व लोकतंत्र के प्रति पूर्ण आस्था एवं समर्पण सुनिश्चित करने के लिए बैठक में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों और उत्तरदायित्वों को समय से पूर्ण करें और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस वर्ष 25 जनवरी को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए प्रदेश स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जो भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं उसमें लोकतंत्र की भावना के साथ प्रदेश की सांस्कृतिक झलक भी दिखनी चाहिए। कार्यक्रम को व्यापक रुप देने के लिए पोस्टर व बैनर के साथ लाइव प्रसारण के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म की भी व्यवस्था रहे।

- **अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा**

इस अवसर पर जर्नी ऑफ इलेक्शन्स थीम पर निर्वाचन के बढ़ते कदम आधारित लगाई जाने वाली प्रदर्शनी और स्टॉल की तैयारी अभी से कर ली जाए। संस्कृति विभाग लोकतंत्र की थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से दलों का चयन करेंगे जो प्रस्तुति देंगे।

# ग्रामीण जीवन में आये बदलावों का अध्ययन

## हर घर जल योजना से स्वास्थ्य सुधरा, पढ़ाई बेहतर हुई और महिलाओं को मिली नयी ऊर्जा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जल जीवन मिशन के तहत लागू हर घर जल योजना से ग्रामीण इलाकों में नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाकर रोजमर्रा की जिंदगी में बड़ा बदलाव लाया जा रहा है। अब इस बदलाव की वास्तविक तस्वीर सामने लाने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालय, आईआईटी मद्रास तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से प्रभाव आकलन (इंपैक्ट असेसमेंट) कराया जाएगा।

लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी समेत 11 मंडलों में इंपैक्ट असेसमेंट की प्रक्रिया फिलहाल चल रही है। बुंदेलखंड क्षेत्र में यह जिम्मेदारी आईआईटी मद्रास को दिए जाने की तैयारी है। मुरादाबाद, आगरा, मेरठ तथा देवीपाटन मण्डलों में प्रभाव का आंकलन केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से कराने की योजना है।

- **लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी समेत 11 मंडलों में हो रही इंपैक्ट असेसमेंट की प्रक्रिया**
- **बुंदेलखंड में आए सकारात्मक नतीजों का भी होगा अध्ययन**

पाइप से पेयजल योजना के जरिए शुद्ध पानी मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य स्तर बेहतर हुआ है। बच्चों की शिक्षा में निरंतरता आई है और रोजगार के लिए होने वाला प्रवासन घटा है। सबसे अहम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। आईआईटी मद्रास की टीम इन सभी प्रभावों का धरातल पर आकलन करेगी। इसके लिए राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की ओर से अनुरोध किया गया है। इससे पहले झांसी और चित्रकूट मण्डल में कराए गए इंपैक्ट असेसमेंट में भी यही सामने आया कि नल से जल ने ग्रामीण परिवारों की दिनचर्या आसान बनाई है। गोरखपुर मण्डल में हुए अध्ययन में भी शुद्ध पेयजल आपूर्ति का सकारात्मक सामाजिक असर दर्ज किए गए हैं। बुंदेलखंड के साथ-साथ प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी योजना के प्रभाव को परखा जा रहा है। अयोध्या, बस्ती, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, बरेली, सहारनपुर, आजमगढ़ और मिजार्पुर मण्डलों में इंपैक्ट असेसमेंट की प्रक्रिया फिलहाल चल रही है। मुरादाबाद, आगरा, मेरठ व देवीपाटन मण्डलों के लिए केंद्रीय व राज्य विश्वविद्यालयों तथा अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्थाओं से आकलन कराने का अनुरोध किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत कराया जा रहे व्यापक इंपैक्ट असेसमेंट से यह भी पता चल सकेगा कि नल से आया जल सिर्फ सुविधा बना या ग्रामीण बदलाव की असली धारा।

# डिफेंस कॉरिडोर में आवंटित होगी 1000 एकड़ भूमि

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में राज्य सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत पाइपलाइन में मौजूद निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए लगभग 1000 एकड़ अतिरिक्त भूमि आवंटन की तैयारी की जा रही है। सरकार की स्पष्ट डिफेंस इंडस्ट्रियल नीति, तेज निर्णय प्रक्रिया और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते देश-विदेश की कंपनियां उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर में निवेश के लिए आगे आ रही हैं। उपलब्ध प्रस्तावों के अनुसार निवेश की इच्छुक कंपनियों को विभिन्न नोड्स में भूमि आवंटन प्रस्तावित है, जिनके माध्यम से करीब 3.5 हजार करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है।



उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत प्रस्तावित निवेश में झांसी नोड निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। यहां गुडलक एस्ट्रा की ओर से 247 एकड़ भूमि पर 1000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। वहीं, रेडवुड जेस की ओर से 247 एकड़ भूमि पर 700 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। यही नहीं, सिटाडेल और गुरुत्वा जैसी कंपनियों द्वारा भी डिफेंस एंड एलाइड मैन्युफैक्चरिंग में भारी निवेश का प्रस्ताव है। झांसी में यह निवेश बुंदेलखंड को डिफेंस इंडस्ट्रियल क्लस्टर के रूप में विकसित करने के योगी सरकार के विजन को मजबूती देगा। अलीगढ़ फेज-2 नोड में स्पेसकेम, मराल और जी-1 ऑफशोर जैसी कंपनियों की ओर से केमिकल, ऑफशोर और डिफेंस सपोर्ट मैन्युफैक्चरिंग में निवेश प्रस्तावित है। चित्रकूट नोड में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की ओर से 209.95 एकड़ भूमि पर 672 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त, आईजी ड्रोन्स की ओर से ड्रोन टेक्नोलॉजी सेक्टर में 100 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव है। यह निवेश चित्रकूट को योगी सरकार के डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स और ड्रोन टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम होगा। राजधानी लखनऊ स्थित डिफेंस नोड में भी नेक्सा मुंबई, इंद्रप्रस्थ और प्रोमोटेक जैसी कंपनियों की ओर से कम भूमि में उच्च तकनीक आधारित निवेश प्रस्तावित हैं। यह निवेश डिफेंस सप्लाई चेन, टेक्नोलॉजी और सपोर्ट सिस्टम को मजबूती प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) को डिफेंस कॉरिडोर में इसके अतिरिक्त भी निवेश के कई और आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, जिनके लिए आवश्यक भूमि के आवंटन की प्रक्रिया विभिन्न चरणों में है। यूपीडा की ओर से स्पष्ट किया गया है कि उसके पास डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में संभावित निवेश के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए भूमि आवंटन की सभी आवश्यक प्रक्रियाओं और स्वीकृतियों का पालन किया जा रहा है। यह पहल रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान को भी मजबूती देगी।

# राष्ट्र निर्माण की वास्तविक शक्ति युवा वर्ग में निहित

## स्वामी विवेकानंद के विचारों के साथ राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय शिक्षण मंडल (युवा गतिविधि) की ओर से स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह का शुक्रवार को समापन हो गया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित संगोष्ठी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता मेजर जनरल ए. के. चतुर्वेदी ने युवाओं को विश्व में परिवर्तन का प्रमुख वाहक बताते हुए कहा कि परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण की वास्तविक शक्ति युवा वर्ग में निहित है।



इस कार्यक्रम की वैचारिक दिशा एवं आयोजन की अध्यक्षता भारतीय शिक्षण मंडल, अवध प्रांत के प्रांत अध्यक्ष प्रो. कमल जायसवाल के मार्गदर्शन में की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के शाश्वत भारतीय विचारों को शिक्षा प्रणाली में समाहित करके ही भारत एवं विश्व का वास्तविक पुनरुत्थान संभव है। कार्यक्रम की संरक्षक प्रभारी कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने कहा कि आज की युवतियां और महिलाएं अब अबला नहीं, बल्कि सबला बन चुकी हैं और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के आयोजक प्रो. सुमन मिश्रा ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं राष्ट्रबोध को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत युवा गतिविधि प्रमुख अमित मिश्रा, विशेष रूप से प्रो. यू. वी. किरण, प्रो. संगीता सक्सेना, प्रो. मधुलिका, प्रो. प्रीति मिश्रा, प्रो. दीपा द्विवेदी, प्रो. शशिकांत, प्रो. शिखा, प्रो. इलंगावन, प्रो. नरेंद्र कुमार, डॉ. रमेशचंद्र नैलवाल, डॉ. लीना, डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. नीलिमा जायसवाल, डॉ. सुदर्शन चक्रधारी, डॉ. अखिलेश सिंह, श्री शुभम कटारिया, श्री शरद मिश्रा सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में सोनाली राजक, प्रशस्ति त्रिपाठी, हिमांशु कुमार, आद्या श्रीवास्तव, दिव्यांशी बिंद्रा, अखिल राज, वैष्णवी मिश्रा, सविता मिश्रा, शिवांगी गुप्ता, आकांक्षा मिश्रा, वान्या मौर्य, तनु मिश्रा, श्रियंशी जायसवाल, रोशनी, कविता रानी, मुस्कान, आयुषी यादव, प्रवीन कुमार, प्रिया कन्नौजिया, दिया कुशवाहा, दिया रैतानी एवं आर्यन मिश्रा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए तथा अन्य सभी सहभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर उनके उत्साहवर्धन किया गया।

# महाराष्ट्र की जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में मना जश्न





**लखनऊ।** महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में भाजपा गठबंधन ने शुक्रवार को बड़ी जीत हासिल की है। जिस पर भाजपा के प्रदेश कार्यालय में खुशी की लहर दौड़ गयी। बीएमसी चुनाव में मिली जीत को देखते हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं का उत्साह दोगुना हो गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय पर नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। प्रदेश महामंत्री गोविन्द शुक्ला ने प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह को मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही अन्य कार्यकर्ताओं ने भी एक-दूसरे को मिठाई खिलाने के साथ-साथ ढोल नंगाड़ों पर झूमे। इसके बाद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यालय पर जमकर आतिशबाजी भी की। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर बधाई देते हुए लिखा कि महाराष्ट्र की जागरूक जनता ने एक बार फिर विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास जताया है। महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव में एनडीए को मिली ऐतिहासिक सफलता के लिए सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। हमें पूर्ण विश्वास है कि एनडीए के जनप्रतिनिधि सेवा, समर्पण और सुशासन के संकल्प के साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए महाराष्ट्र के शहरी विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।



# बुलंदशहर में अज्ञात मतदाताओं के हटायें नाम : सपा

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की उठायी मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की हैं कि बुलंदशहर की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अधिकांश पोलिंग बूथों पर बड़ी संख्या में अज्ञात मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाताओं सूची में जोड़ दिये गये हैं। जिससे भवन स्वामी हैरान और परेशान हैं कि आखिर उनके मकान के पते पर दर्ज अज्ञात मतदाता कौन हैं और उनके मकान से उन्हें क्यों मतदाता बनाया गया है तथा बड़ी संख्या में डुप्लीकेट मतदाताओं की भरमार हो गयी है। मतदाता सूची को शुद्ध एवं दुरूस्त बनाने के लिए तुरंत जांच करवाकर अज्ञात मतदाताओं व डुप्लीकेट मतदाताओं को सूची से हटाया जाए जिससे विधान सभा सामान्य निर्वाचन- 2027 पारदर्शी, स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक सम्पन हो सके।

बुलंदशहर, 69 शिकारपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ड्राफ्ट मतदाता सूची में पोलिंग बूथ संख्या-307 में क्रम संख्या-738 पर मकान नं. 123 के भवन स्वामी इरशाद खां का नाम दर्ज है, लेकिन इसी मकान नं. पर क्रम संख्या 737, 739, 740, 741 पर अज्ञात मतदाताओं के नाम दर्ज हो गए हैं। काफी तलाश के बावजूद अभी तक इन मतदाताओं का पता नहीं लगाया जा सका है। भवन स्वामी हैरान और परेशान है कि आखिर उनके मकान में ये अज्ञात मतदाता कौन है और उनके मकान में यह नाम क्यों जोड़ दिये गये हैं? 69-शिकारपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पोलिंग बूथ संख्या-307 में मकान नं. 111 में भवन स्वामी मोहम्मद रफाकत व परिवार के सदस्य का नाम क्रम संख्या- 654, 656, पर दर्ज है, लेकिन अज्ञात मतदाताओं का नाम क्रम संख्या-655, 657, 658, 659, 660, 661 पर आश्चर्यजनक ढंग से दर्ज हो गया है जो कि पूर्णतः गलत है। इसी पोलिंग बूथ के मकान नं. 132 पर भवन स्वामी के परिवार के अतिरिक्त अज्ञात मतदाताओं के नाम क्रम संख्या 788, 789, 792, 796, 797, 798,800, 801 पर गलत दर्ज हो गया है, मकान नं. 125 में अज्ञात मतदातओं का नाम क्रम संख्या-749, 751, 753, 755, 761 पर गलत दर्ज हो गया है। मकान नं. 119 में अज्ञात मतदाताओं का नाम क्रम संख्या- 716, 717, 718, 719, 720 पर गलत दर्ज हो गये हैं। इसी प्रकार मकान नं. 124 में अज्ञात मतदाता क्रम संख्या-744, 746,747 दर्ज है। मकान नं. 138 में अज्ञात मतदाता क्रम संख्या- 827, 228 में दर्ज है तथा मकान नं. 140 में अज्ञात मतदाता क्रम संख्या-837, 838 पर गलत ढंग से दर्ज हो गए हैं।

यह काफी गंभीर मामला है। 65-बुलंदशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पोलिंग बूथ संख्या- 187 व 188 दोनों बूथों पर मतदाता शिवानी पुत्री फिरे सिंह वोटर आईडी कार्ड नं. एक्सआइके 2489052 व एक्सआइके 2681773 मयंक पुत्र वोटर कार्ड नम्बर एक्सआइके 2489011 व एक्सआइके 2682466 दर्ज है।

# नालियों व सड़कों पर फैली गंदगी देख मंत्री भड़के

## जोनल अधिकारी सहित सभी कर्मचारियों का दो दिन का वेतन काटने का निर्देश, प्रतिदिन दो वार्डों का स्थलीय निरीक्षण करें अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को एक बार फिर राजधानी के इलाकों में गंदगी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को जोन-1 के विभिन्न वार्डों में औचक निरीक्षण पर निकले मंत्री ने स्वच्छता व्यवस्था की गहन समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ महापौर सुषमा खर्कवाल भी उपस्थित रहीं। 05 वार्डों विक्रमादित्य महात्मा गांधी वार्ड, बाबू बनारसी दास वार्ड, लालकुआं वार्ड, नजरबाग वार्ड, जेसी बोस वार्ड में हर तरफ गंदगी ही नजर आई। स्वच्छता के नाम पर अव्यवस्था देख मंत्री सुरेश खन्ना बिफर पड़े। यहां के हालात देख नाराज हुए मंत्री ने जोनल अधिकारी से लेकर संबंधित सभी कर्मचारियों का सर्विस अवरूद्ध किए बिना दो दिन का वेतन काटे जाने का निर्देश दिया। संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फटकार लगाई। तत्काल सफाई कराने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना निरीक्षण के दौरान सबसे पहले विक्रमादित्य महात्मा गांधी वार्ड स्थित योजना भवन, डायमंड डेयरी एवं उदयगंज क्षेत्र में पहुंचे। यहां नालियों की खराब सफाई और सड़कों पर फैली गंदगी को देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डायमंड डेयरी उदयगंज क्षेत्र में कुछ स्थानों पर सड़क पर मलबा और कचरा ढेर था। इस पर मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे तत्वों के विरुद्ध बिना किसी ढिलाई के जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता भी उतनी ही आवश्यक है। डायमंड डेयरी के पास स्थित पंपिंग स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्र में वर्षों से खाली पड़े एक प्लॉट में भारी मात्रा में जमा मलबा पाए जाने पर अधिकारियों को तत्काल उसे हटाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित प्लॉट स्वामी के विरुद्ध कड़ा जुर्माना लगाने के भी सख्त आदेश दिए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। सुरेश कुमार खन्ना को जोन-1 के बाबू बनारसी दास वार्ड में निरीक्षण के दौरान हैदर कैनाल की रिटेनिंग वॉल की जर्जर स्थिति के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया। मंत्री ने निर्देश दिए कि वॉल की मरम्मत शीघ्र कराई जाए और कैनाल के आसपास नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, जिससे जलभराव और दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके। उन्होंने नालियों की सफाई और कूड़े के नियमित उठान पर भी जोर दिया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद सुशील तिवारी ने मंत्री को अवगत कराया कि क्षेत्र में साफ सफाई के लिए कई पत्र कार्यदायी संस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान को लिखे गए। मगर वार्ड में साफ सफाई के कार्य का हैंडओवर कंपनी की ओर से नहीं लिया गया है। प्रभारी मंत्री ने नजरबाग वार्ड के सुंदरबाग क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। जेसी बोस वार्ड में निरीक्षण के दौरान नालियों की समुचित सफाई, सार्वजनिक यूरिनल निर्माण तथा सीवर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त जोनल अधिकारी अपने-अपने जोन में एक या दो वार्डों का प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण करें और साफ-सफाई व्यवस्था गंभीरता से लेते हुए चुस्त-दुरुस्त कराएं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि साफ-सफाई, पेयजल और सीवर से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और नियमितता बेहद आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, चीफ इंजीनियर (सिविल) महेश वर्मा, चीफ इंजीनियर (आरआर) मनोज प्रभात, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, जोन-1 के जोनल अधिकारी ओपी सिंह, अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा तथा सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नालियों से गुजर रही पेयजल पाइपलाइन को हटाने के निर्देश

प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने लालकुआं वार्ड के निरीक्षण के दौरान नालियों से होकर गुजर रही पेयजल पाइपलाइन पर विशेष चिंता जताई। इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए उक्त पाइपलाइन को तत्काल हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल पाइपलाइन नालियों से होकर न गुजरे, इस पर गंभीरता से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, जलनिकासी और नागरिक सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। नगर निगम और संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि नालियों की नियमित सफाई, कूड़े का समयबद्ध उठान और सीवर व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रहे। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नौसेना शौर्य संग्रहालय की डिजाइन तैयार
## फाइटर जेट व हेलीकॉप्टर होगा प्रदर्शित

- आईएनएस गोमती और नौसेना शौर्य वाटिका में 7 डी थिएटर बनेगा

**लखनऊ।** इकाना स्टेडियम के पास शहीद पथ के किनारे नौसेना शौर्य संग्रहालय का निर्माण जल्द पूरा होगा। इसके डिजाइन को मंजूरी मिल गई है। संग्रहालय में भारतीय नौसेना का ऐतिहासिक विमान और हेलीकॉप्टर को प्रदर्शन के लिए रखा जाएगा। संग्रहालय में आईएनएस गोमती युद्धपोत के अवशेषों के साथ अब टीयू 142 विमान और एसके 42 बी हेलीकॉप्टर भी आकर्षण का केंद्र बनेंगे। फाइटर जेट और हेलीकॉप्टर को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके लिए चार करोड़ का टेंडर हो चुका है। वर्तमान में तमिलनाडु के आईएनएस राजाली एयर स्टेशन पर मौजूद ये दोनों विमान, सेवामुक्त होने के बाद लखनऊ लाए जा रहे हैं। ये विमान संग्रहालय के ओपन एयर म्यूजियम सेक्शन का हिस्सा बनेंगे, जिससे आगंतुक इन्हें करीब से देख सकेंगे और नौसेना की हवाई क्षमताओं को समझ सकेंगे। इन विशाल विमानों के परिवहन की लॉजिस्टिक्स पर काम तेजी से चल रहा है। यू-142 और एसके-42बी हेलीकॉप्टर के साथ, संग्रहालय में सेवानिवृत्त युद्धपोत आईएनएस गोमती के प्रमुख हिस्से, प्रोपेलर, और नियंत्रण कंसोल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। जहाज की रेलिंग, पोर्थोल जैसी खिड़कियाँ, नौसैनिक वास्तुकला और समुद्री प्रतीकों के साथ इसे विशिष्ट पहचान दिए जाने की योजना है। परिसर में इंटरप्रिटेशन सेंटर, सेंट्रल डेक, ओपन एयर मेमोरियल, थीमैटिक वॉकवे, प्रदर्शनी गैलरी, फाउंटेन और लाइट-एंड-साउंड एरिना शामिल होंगे। परियोजना दो प्रमुख हिस्सों में विकसित हो रही है। पहली-आईएनएस गोमती शौर्य स्मारक और दूसरी-नौसेना शौर्य वाटिका। आईएनएस गोमती (एफ-21) गोदावरी श्रेणी का स्वदेशी मिसाइल फ्रिगेट है जिसने 34 वर्षों तक भारतीय नौसेना में सेवा दी और ऑपरेशन कैक्टस, ऑपरेशन पराक्रम जैसे अभियानों में हिस्सा लिया। इसे संरक्षित कर संग्रहालय परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि नागरिक और युवा उसकी बहादुरी की कहानी को प्रत्यक्ष देख सकें। संग्रहालय परिसर में 7 डी थिएटर, एयरक्राफ्ट कैरियर लैंडिंग सिम्युलेटर, वॉरशिप सिम्युलेटर, सबमरीन द्वारका मॉडल, डिजिटल वाटर स्क्रीन शो, मरीन लाइफ एक्वेरियम तथा ड्रेस लाइक योर हीरोज' जैसी सहभागितापरक गतिविधियां होंगी।



# मुंशीपुलिया लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**लखनऊ।** मुंशीपुलिया लखनऊ व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई। ब्रजेश पाठक ने नितिन जैन को अध्यक्ष, अभिषेक गुप्ता व अनुज सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एसपी मिश्रा को कोषाध्यक्ष, एसएस यादव (एडवोकेट), ओमप्रकाश सिंह, पीके श्रीवास्तव, ललित राजपाल, अनिल अग्रवाल, राहुल कुमार जायसवाल व संदीप जायसवाल को उपाध्यक्ष, चंदन सिंह को वरिष्ठ संगठन मंत्री, दीपक तिवारी (एडवोकेट) व विनीत जैन को संगठन मंत्री, सुभाष चंद्रा (एडवोकेट) व अनिल तिवारी (एडवोकेट) को विधि सलाहकार, अभिषेक जैन को मीडिया प्रभारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### चिनहट में दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त, एक व्यावसायिक निर्माण सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को चिनहट में अभियान चलाकर लगभग 28 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 02 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। वहीं, चिनहट में एसटीपी रोड पर 01 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किया गया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि राजकिशोर, डिम्पल सिंह व अन्य द्वारा चिनहट के जुग्गौर में लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह उपेन्द्र व अन्य द्वारा चिनहट के ग्राम लौलाई के फत्ते का पुरवा में लगभग 08 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था।

# ट्रांसफार्मर हादसे के बाद विधायक ने कराया उपचार

## डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल से परिवार को सहायता और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सार्वजनिक जीवन में सच्चा नेतृत्व केवल वक्तव्यों से नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में त्वरित निर्णय, समन्वित कार्यवाही और मानवीय संवेदनशीलता से परिलक्षित होता है। ऐसा ही उत्तरदायी और संवेदनशील नेतृत्व हाल ही में सरोजनी नगर क्षेत्र में घटित एक दुखद घटना के बाद देखने को मिला।

11 जनवरी 2026 को सैनिक विहार कॉलोनी, बिजनौर में खुले एवं असुरक्षित विद्युत ट्रांसफार्मर के संपर्क में आने से अर्पित पाल (उम्र 8 वर्ष), पुत्र राकेश पाल, गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद बच्चे के उपचार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए केजीएमयू, लखनऊ में चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। अब तक लगभग 75,000 रुपये की चिकित्सा सहायता विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसके साथ ही उनकी टीम के सदस्यों द्वारा रक्तदान कर पीड़ित परिवार को चिकित्सकीय एवं नैतिक सहयोग प्रदान किया गया चूंकि पीड़ित परिवार मूल रूप से मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र का निवासी है, अतः संवैधानिक मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा मोहनलालगंज के विधायक से विधायक निधि से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का औपचारिक अनुरोध किया गया, जिससे बच्चे का उपचार निर्बाध रूप से जारी रह सके। घटना को केवल एक दुर्घटना मानकर सीमित न रखते हुए, इसे प्रशासनिक जवाबदेही से जोड़ते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पीड़ित परिवार को शासन स्तर से समुचित सहायता एवं मुआवजा प्रदान किए जाने का अनुरोध किया गया है।

इसके अतिरिक्त ऊर्जा मंत्री को भेजे गए पत्र में एफआईआर दर्ज कराने, निष्पक्ष जांच, दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई, पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा देने तथा क्षेत्र में अन्य असुरक्षित ट्रांसफार्मरों की पहचान कर फेंसिंग एवं सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की गई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़ी लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में कड़े मानकों का पालन तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अनिवार्य है। यह घटनाक्रम एक बार फिर यह दशार्ता है कि संवेदनशीलता, संवैधानिक दायित्व और प्रशासनिक दृढ़ता के समन्वय से ही पीड़ितों को न्याय, राहत और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

# बड़े गृहकर बकाएदारों के खाता सीज, भवन सील

**लखनऊ।** नगर निगम ने गृह कर बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई की। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को शहर के विभिन्न जोनों में कार्रवाई की गई। इस दौरान बकाया न चुकाने वाले भवनों को सील किया गया। बैंक खातों को भी सीज कराया गया। हजरतगंज स्थित महात्मा गांधी मार्ग पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पर गृह कर बकाया पाए जाने पर कर अधीक्षक अनुराग उपाध्याय और राजस्व निरीक्षक देवी शंकर दुबे ने बैंक को सील करने का नोटिस जारी किया। नोटिस मिलते ही बैंक प्रबंधन ने मौके पर ही 21 लाख 59 हजार 161 रुपये की पूरी बकाया राशि मांग ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कर दी, जिससे सील की कार्रवाई रोक दी गई। जोन 4 में कई बड़े बकायेदारों के भवनों पर ताले लगाए गए। सरसावा, अर्जुनगंज, भैंसौरा, सराय शेख, लोलाई, भरवारा, चिनहट बाजार, वास्तु खंड, एल्डेको ग्रीन और बादशाह नगर क्षेत्रों में बकाया न चुकाने पर भवन सील किए गए।

# सड़कों की साफ-सफाई की ड्रोन से होगी निगरानी, अफसरों की तय होगी जिम्मेदारी

- मॉडल वार्डों में कूड़ा न देने वालों पर लगेगा जुर्माना
- कमिश्नर ने सफाई व्यवस्था की समीक्षा में दिए निर्देश

**लखनऊ।** कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने शहर की प्रमुख एवं आंतरिक सड़कों की साफ-सफाई की सतत एवं वास्तविक समय में निगरानी के लिए ड्रोन सर्वे से मॉनिटरिंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा इससे वास्तविक स्थिति का आकलन के साथ ही लापरवाही करने वालों की भी पहचान हो सकेगी। उन्होंने कहा नगर निगम के कार्यों की प्रभावशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से एक स्पष्ट एवं पारदर्शी ग्रेडिंग पैरामीटर तैयार किया जाए। इस ग्रेडिंग प्रणाली के अंतर्गत अपर नगर आयुक्त एवं जोनल अधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की जाएं तथा स्वच्छता एवं कूड़ा निस्तारण से संबंधित कार्यों के आधार पर उन्हें ग्रेड प्रदान किया जाए। इससे अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित होगी और स्वच्छता कार्यों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा मिलेगा। कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने यह निर्देश शुकवार को नगर निगम से सम्बन्धित विभिन्न विकास एवं नागरिक सुविधाओं की समीक्षा बैठक में दिए।

बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सड़क सफाई व्यवस्था में उत्तरदायित्व की स्पष्टता को लेकर एक निर्धारित बीट पॉइंट से दूसरे बीट पॉइंट तक किसी एक सुपरवाइजर की जिम्मेदारी तय की जाए। सुपरवाइजर की स्पष्ट जवाबदेही तय होने से सफाई कार्य की गुणवत्ता में सुधार होगा। यह भी निर्देशित किया कि सुपरवाइजर की ओर से प्रतिदिन निरीक्षण कर सफाई की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। शहर के 08 मॉडल वार्डों में आवासीय क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं कमर्शियल कूड़ा कलेक्शन की प्रगति रिपोर्ट बेहतर पाई। लगभग 92% तक कलेक्शन होना बताया गया है। कमिश्नर ने निर्देशित किया कि इस 92% लक्ष्य को शीघ्र ही शत-प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि इन आठों मॉडल वार्डों में कहीं भी अनधिकृत कूड़ा घर या अस्थायी कूड़ा डालने के स्थान न हों, जहां पर लोग खुले में कूड़ा फेंक रहे हों। ऐसे सभी स्थलों को तत्काल चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे कूड़ा केवल निर्धारित माध्यमों से ही संग्रहित हो। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि मॉडल वार्डों में कुछ ऐसे निवासी एवं प्रतिष्ठान हैं जो कूड़ा कलेक्शन वाहन को कूड़ा नहीं देते हैं तथा खुले में कूड़ा डालने की प्रवृत्ति अपनाए हुए हैं। इस पर कमिश्नर ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि ऐसे क्षेत्रों में नए नियम बनाए जाएं तथा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि संबंधित जोनल स्वच्छता अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से रेंडम चेकिंग कराएं। कमिश्नर ने नगर निगम को यह भी निर्देश दिए कि विभागीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से वार्डवार कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों की समय-सारिणी (टाइमिंग) आमजनमानस तक व्यापक रूप से प्रचारित की जाए।

**सभी छोटे-बड़े नालों की होगी स्टडी, तैयार होगी कार्ययोजना :** नालों की सफाई को लेकर कमिश्नर ने गोमती नदी में गिरने वाले सभी नालों का ट्रीटमेंट पूरी क्षमता और प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि बिना शुद्धिकरण के कोई भी दूषित जल नदी में प्रवाहित न हो। कहा कि सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की नियमित और सघन निगरानी सुनिश्चित की जाए। एसटीपी के संचालन, क्षमता उपयोग तथा आउटलेट से निकलने वाले जल की गुणवत्ता की निरंतर जांच की जाए।

# ट्रैवल फोटोग्राफी को बेहतर बनायेगी ओप्पो की 15 सीरीज

**लखनऊ।** ओप्पो इंडिया ने शुक्रवार को अपनी प्रीमियम रेनो 15 सीरीज में तीन वैरिएंट, रेनो 15 प्रो, रेनो 15 प्रो मिनी, और रेनो 15 लॉन्च किए। यह सीरीज युवा यात्रा प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए तैयार की गई है। इसमें एडवांस्ड कैमरा सिस्टम, इंटैलिजेंट ए.आई और सटीक इंजीनियरिंग के साथ बेहतरीन डिजाइन दिया गया है। पहली बार होलो फ्यूजन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किय गया है। इसमें प्योर टोन इमेजिंग टेक्नोलॉजी और ए.आई एडिटिंग टूल्स की सुविधा भी दी गई है। कंपनी के हेड ऑफ कम्युनिकेशंस, गोल्डी पटनायक ने कहा यह सीरीज युवाओं की ओर से यात्रा करने, क्रिएट करने और अपने पलों को कैप्चर करने के तरीके के अनुरूप विकसित की गई है।



# केजीएमयू की सुरक्षा बढ़ी, गेट से लेकर वीसी दफ्तर तक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व हिन्दू परिषद की चेतावनी के बाद केजीएमयू की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। केजीएमयू के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरएएस कुशवाहा की गुजारिश पर राज्यपाल ने परिसर की सुरक्षा बढ़ाने के आदेश पुलिस प्रशासन को दिए।

इसके बाद मुख्य गेट से लेकर कुलपति कार्यालय तक भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। उधर, विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें कुलपति के ओएसडी को हटाने की मांग की गई। केजीएमयू के पैथोलॉजी विभाग के रेजिडेंट डॉ. रमीज पर शादी के लिए धर्म बदलने के गंभीर आरोप लगे हैं। विभाग की महिला रेजिडेंट ने राज्य महिला आयोग, केजीएमयू प्रशासन और पुलिस से शिकायत की है। इसके बाद केजीएमयू प्रशासन ने आरोपी रेजिडेंट को निलंबित किया और परिसर में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है।





विशाखा कमेटी की सिफारिश पर डॉ. रमीज का दाखिला रद्द करने के लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को पत्र लिखा गया। नौ जनवरी को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव कुलपति से मिलने की लिए आईं। परिसर में पहले से मौजूद करीब 200 अपर्णा समर्थक भी कुलपति कार्यालय में आ गए। हंगामा करते हुए कुलपति कार्यालय में तोड़-फोड़ की। प्रति कुलपति डॉ. अपजीत कौर और विशाखा कमेटी की चेयरमैन को बंधक बना लिया। अभद्रता के भी गंभीर आरोप हैं। बढ़ाई गई सुरक्षा कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने डॉ. रमीज से जुड़ी पूरी कार्यवाही की रिपोर्ट राज्यपाल और मुख्यमंत्री को सौप दी। उसके बाद कुलपति कार्यालय में उपद्रव की घटना के वीडियो और फोटोग्राफ भी सौप दिए। इसके बाद विश्व हिन्दू परिषद ने शुक्रवार को केजीएमयू के गेट के बाहर आनंदोलन की चेतावनी दी थी। इसके बाद चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरएएस कुशवाहा ने राज्यपाल से परिसर की सुरक्षा की गुहार लगाई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर एम बोबड़े ने 13 जनवरी को पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा। जिसमें केजीएमयू परिसर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा गया।

शुक्रवार को केजीएमयू के मुख्य गेट से लेकर परिसर के भीतर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। झुंड में आने जाने वालों से पूछताछ और तलाशी अभियान भी चलाया गया। पुलिस को ज्ञापन सौंपा उधर विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकताओं ने हजरतगंज जीपीओ के पास पटेल पार्क में प्रदर्शन किया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन पुलिस को सौंपा। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के जिला संगठन मंत्री लखनऊ समरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कुलपति के ओएसडी को नियमों के खिलाफ तैनात किया गया है। इससे केजीएमयू की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि दो दिन में हमारी मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन होगा। इस मौके पर बजरंग दल के जिला संयोजक शुभम सिंह गौर, जिला सह संयोजक दीपक साहू, मोहित गुप्ता, शिवहरि सिंह, जितेंद्र धानुक, नीरज शर्मा, ऋषभ कुमार, सूरज सिंह, प्रेम यादव, राम सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मानस नगर में आज रहेगा पेयजल संकट

**लखनऊ।** कानपुर रोड पर मानस नगर कालोनी और उससे लगे कई इलाकों में शनिवार को पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके चलते करीब 20 हजार की आबादी को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ेगा। आपूर्ति में यह समस्या पानी की टंकी की सफाई किए जाने के कारण आएगी। जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह की आपूर्ति करने के बाद मानस नगर कॉलोनी स्थित पानी की टंकी की सफाई का काम किया जाएगा। ऐसे में टंकी से जुड़े इलाकों नारायणपुरी, इंद्रपुरी, इंद्रलोक व मानस नगर में शाम की आपूर्ति पर असर पड़ेगा।


## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, ई-मेलः nnlko@up.nic.in

संख्याः 339/मु0अ0/2025-26 **अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 16.01.2026

नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 30.01.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.01.2026 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 30.01.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व व्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू0 में | धरोहर धनराशि रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत अवध चौराहा बारा बिरवा के पास स्थित शौचालय की मरम्मत आदि का कार्य। (फेज-1) | 152313.00 | 15231 | 15 दिवस | 152 | 27 | 179 |
| 2 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत बरिगवॉ मे बाला जी मन्दिर के पास स्थित शौचालय की मरम्मत आदि का कार्य। (फेज-1) | 178054.00 | 17805 | 15 दिवस | 178 | 32 | 210 |
| 3 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत एस0के0डी0 अस्पताल के सामने स्थित शौचालय की मरम्मत आदि का कार्य। (फेज-1) | 135607.00 | 13561 | 15 दिवस | 136 | 24 | 160 |
| 4 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत शारदानगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत उसरी तिराहा पेट्रोल पम्प के पास क्षतिग्रस्त शौचालय का मरम्मत एवं सुधार कार्य। | 261645.00 | 26165 | 15 दिवस | 262 | 47 | 309 |
| 5 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत आशियाना पैराडाइस के पास शौचालय की मरम्मत/सुधार का कार्य। | 198938.00 | 19894 | 15 दिवस | 199 | 36 | 235 |
| 6 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-एच बेइमान लड्डू के पास क्षतिग्रस्त शौचालय की मरम्मत एवं सुधार कार्य। | 143309.00 | 14331 | 15 दिवस | 143 | 26 | 169 |
| 7 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत निलमथा बाजार में स्थित शौचालय का मरम्मत का कार्य। | 455486.00 | 45549 | 15 दिवस | 455 | 81 | 536 |

शर्तें:- (1) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) (2) शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्याः- 692/23-07-2024 दिनांक 09-08-2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी/डयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। (3) कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। (4) 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। (5) किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। (6) 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**


# कानपुर रोड योजना में बनेगा इन्सेक्टोपीडिया पार्क

## एलडीए 195 करोड़ से करायेगा विकास के कार्य, कमिश्नर ने अवस्थापना विकास निधि के कार्यों को दी मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण 195 करोड़ रुपये की लागत से शहर में विकास एवं सुंदरीकरण के कार्य कराएगा। इसमें लगभग 10 करोड़ रुपये से गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क में बर्ड एवियरी बनायी जाएगी। वहीं, हाईकोर्ट के पास ग्रीन बेल्ट की लगभग 2500 वर्गमीटर भूमि पर संविधान पार्क बनेगा। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयुक्त सभागार में हुयी अवस्थापना विकास निधि की बैठक में विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व नगर आयुक्त गौरव कुमार समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।



एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमती नगर में सहारा ग्रुप से खाली करायी गयी भूमि पर गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क विकसित किया जा रहा है। इसे प्रकृति प्रेमियों के लिए और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से यहां 01 इंटरैक्टिव बर्ड एवियरी विकसित की जाएगी, जोकि लगभग 01 एकड़ क्षेत्रफल में फैली होगी। यहां विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों के प्राकृतिक वास के अनुसार पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा हाईकोर्ट के पास लगभग 06 करोड़ रुपए की लागत से संविधान पार्क बनाया जाएगा, जो आम लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करने का काम करेगा। इस पार्क में अशोक स्तम्भ, पैनल वॉल, इंडिया मैप, संसद की आकृति, म्यूरल व लैंडस्केप आदि के आकर्षक कार्य कराये जाएंगे।

**गोमती नगर में लोटस पार्क बनेगा :** गोमती नगर में ग्वारी फ्लाईओवर के पास ग्रीन बेल्ट की भूमि पर 08 करोड़ रुपए की लागत से मिनी स्पोर्ट्स एरिया व 8.5 करोड़ की लागत से लोटस पार्क का विकास किया जाएगा। वहीं, गोमती रिवर फ्रंट पर लगभग 06 करोड़ रुपए की लागत से वन्डर पार्क का निर्माण कराया जाएगा, जोकि खासतौर से बच्चों के लिए होगा। इसके अलावा अर्जुनगंज में 05 करोड़ रुपए की लागत से पाण्डव पार्क विकसित किया जाएगा। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौराहों व मार्गो पर प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी।

**कानपुर रोड योजना में इन्सेक्टोपीडिया पार्क :** वहीं, कानपुर रोड योजना स्थित ईको-गार्डेन में पीपीपी मोड पर इन्सेक्टोपीडिया पार्क बनाया जाएगा। लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस पार्क में जंगल ट्रेल होगी। साथ ही इन्सेक्ट्स की आकृति बड़े स्केल पर दशार्यी जाएगी। इन पार्कों के अतिरिक्त उर्मिला वन के विकास के लिए भी अवस्थापना निधि से बजट स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा अलीगंज के विभिन्न ग्रीन बेल्ट्स में भी हॉर्टीकल्चर आदि के कार्य कराये जाएंगे।

**फैजुल्लागंज में सड़क व नाले का निर्माण :** ऐशबाग स्थित सुप्पा झील का भी कायाकल्प होगा। लगभग 13 एकड़ क्षेत्रफल में फैली इस झील के संवर्धन व सौंदर्यीकरण के लिए 2.5 करोड़ रुपये स्वीकृत हुये हैं। जिससे बाउन्ड्रीवॉल, पाथ-वे, हॉर्टीकल्चर व साफ-सफाई के कार्य कराये जाएंगे। इसके अलावा फैजुल्लागंज क्षेत्र में सड़क एवं जल निकासी के लिए लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे नाले का निर्माण कराया जाएगा। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने निर्देश दिये कि नाले की लेवलिंग का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही ड्रेन वॉटर के अंतिम निस्तारण के लिए कनेक्शन सुनिश्चित किया जाए। मण्डलायुक्त ने शहर के विभिन्न पार्कों में 250 ओपन जिम स्टॉल करने के लिए भी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# सड़क हादसे में पान विक्रेता की मौत, पत्नी व साली घायल




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईगंज इलाके में ससुराल से वापस आ रहे पान विक्रेता की बाइक में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे बाइक चला रहे व्यक्ति की मौत हो गई तथा पत्नी व साली घायल हो गई।

पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज स्थित मटेरा गांव के रहने वाले श्रीपाल (50) गंगागंज कस्बे में पान की गुमटी करते थे। साले सुनील ने बताया उनसे बहनोई श्रीपाल अपनी पत्नी रमा को लेकर मोहनलालगंज अपनी ससुराल मकर संक्रांति के दिन मोटरसाइकल से गए हुए थे। जहां से शुक्रवार दोपहर घर के लिए जा रहे थे। मोटरसाइकल में श्रीपाल पत्नी रमा एवं साली राम जानकी निवासी बहरीली को भी उनके घर छोड़ना था तीनों लोग मोटरसाइकल से लौट कर घर आ रहे थे रास्ते में पूर्वांचल एक्सप्रेस डेहरा मऊ अंडरपास के पास एक तेज रफ्तार कार चालक ने पीछे से मोटरसाइकल में टक्कर मार दी जिससे कि तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस ने एंबुलेंस बुलवाकर तीनों को इलाज के लिए पीजीआई के ट्रामा 2 पहुंचाया जहां श्रीपाल को डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया व पत्नी एवं साली का इलाज चल रहा है। उनके परिवार में एक बेटी है जिसकी शादी हो चुकी है।

**हाईवे पर पड़े मृत गोवंश से टकराई कार, वैगनआर पलटी, चालक गंभीर :** रहीमाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर शुक्रवार शाम अंधेरे के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। बंजारन खेड़ा स्थित अवध ढाबा के पास सड़क पर पड़े मृत गोवंश से टकराकर एक वैगनआर कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ समय पहले एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रहे सांड़ को टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सांड़ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। अंधेरा होने के कारण मृत गोवंश काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा, जिससे हाईवे पर खतरे की स्थिति बनी रही। इसी दौरान हरदोई से लखनऊ की ओर जा रही वैगनआर कार के चालक को सड़क पर पड़ा गोवंश दिखाई नहीं दिया। कार उससे टकराकर पलट गई। हादसे में लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र निवासी अब्दुल मन्नान उस्मानी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर रहीमाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल को अस्पताल भिजवाया और मृत गोवंश को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। वहीं ग्रामीणों ने हाईवे पर गोवंश व मृत पशुओं को समय पर न हटाए जाने पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार विभागों से ठोस कार्रवाई की मांग की है।

## अमांवा जंगल में मिला युवक का शव, घटनास्थल पर पहुंचे एसीपी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बन्थरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अमाँवा जंगल में घनी झाड़ियों में युवक का शव संदिग्ध अवस्था मिलने से जहाँ क्षेत्र में दहशत भरी सनसनी फैल गयी। इससे परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस को सूचना मिलने पर रजनीश वर्मा एसीपी कृष्णा नगर अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुँचकर आसपास सबूत ढूढ़ने के निर्देश दिये। मौके पर एसीपी ने तत्काल फोरेंसिक टीम को भी बुलाकर साक्ष्य जुटाने के लिए निरीक्षण शुरू कराया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के फोन की कॉल डिटेल निकालवाकर जाँच कराने की कोशिश की जा रही है। बन्थरा के सहिजनपुर गाँव के 30 वर्षीय राजेन्द्र कुमार अपने खेत में फसल की सिचाई करने के लिए बृहस्पतिवार की सुबह 9.00 बजे अशर्फी के नलकूप पर गया था। दोपहर को माँ शान्ती देबी खाना लेकर जब खेत पहुँची तो अपने पुत्र को न पाकर खोजबीन करके न मिलने पर घर वापस आ गयीं। शाम तक जब पुत्र वापस घर नहीं लौटा तो परिवार चिन्तित हो गया। ग्रामीणों ने परिवार संग मिलकर काफी ढूढ़ा व रिश्तेदारी से फोन पर पूछा परन्तु कहीं से भी खबर न मिलने से थक हारकर पिता सुमित ने थाना बन्थरा में गुमशुदगी की तहरीर दर्ज करायी। ग्रामीण व परिवार के लोगों ने मिलकर रातभर तलाश किया। शुक्रवार की सुबह खेत से लगभग 500 मी० की दूरी पर युवक राजेन्द्र का शव अमावाँ के घने जंगलों की झाड़ियों में पड़ा मिला। मृतक की पीठ पर घसीटने के निशान, हाथ पर जले का निशान सहित मृतक का अंगोछा, चप्पल और मोबाइल फोन गायब थे। मृतक के पिता ने बताया कि घर से जाने के बाद करीब 10 बजे जब राजेन्द्र के बहनोई ने हालचाल पूछने पर फोन पर बात किया तो वह रोते हुए लड़खड़ाहट में बात करने के बाद फोन बन्द हो गया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की जाँच पड़ताल कर, अभियुक्त की खोजबीन शुरू कर दी है।

## जबरन खेत जोतने और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र के परवर पश्चिम गाँव निवासी भगवानदीन ने अपने सगे भाई रामकिशोर व रामदीन व उनके परिजनों पर जबरन खेत जोतने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। भगवानदीन के मुताबिक पिता की मृत्यु के बाद उनकी पैतृक भूमि पर विपक्षियों ने अवैध रूप से कब्जा कर जुताई-बुआई शुरू कर दी थी। इसके विरोध में उन्होंने एसडीएम कोर्ट में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 116 के तहत वाद दायर किया। खसरा संख्या 1761, 1768, 597, 590 व 601 से संबंधित इस मामले में एसडीएम कोर्ट ने 18 दिसंबर 2023 को भगवानदीन के पक्ष में अंतिम आदेश पारित किया। पीड़ित का कहना है कि अपर आयुक्त लखनऊ में दायर अपील भी खारिज हो गई। वहीं आदेश के अनुपालन में 30 जुलाई 2025 को राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने खेत का सीमांकन किया, लेकिन पैमाइश करने के बाद भी विपक्षियों ने कब्जा नहीं छोड़ा। आरोप है कि पीड़ित अपने हिस्से का खेत लेने पहुंचा तो आरोपियों ने गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पार्षद के कार्यकाल में तेज हुआ विकास कार्य सड़क नाली निर्माण कार्य शुरू

**लखनऊ।** सरोजिनी नगर प्रथम वार्ड में नागरिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर विकास कार्यों की गंगा बह रही है। गौरी बिहार में पूजा श्रीवास्तव के मकान से छोटू यादव के मकान तक सड़क व नाला निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास संपन्न हुआ। इस विकास कार्य पर लगभग 9 लाख रुपये की लागत प्रस्तावित है। जिससे क्षेत्र में जलनिकासी व आवागमन की समस्याओं का समाधान होगा। पार्षद गीता देवी गुप्ता द्वारा संपन्न कराया गया कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पार्षद गीता देवी गुप्ता के नेतृत्व में सरोजिनी नगर प्रथम वार्ड में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं और आने वाले समय में क्षेत्र को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही क्षेत्रवासी अशोक ने भी अपने पार्षद गीता देवी गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में वार्ड की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है और विकसित क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में साथ खड़ी रहती हैं। उन्होंने इस विकास कार्य के लिए पार्षद का आभार व्यक्त किया। शिलान्यास के अवसर पर क्षेत्र के विजय सिंह, अशोक, पूजा निगम, कुमार मुरारी, चंदा देवी, नीरजा, रीता कपूर, सुनील शुक्ला, विशाल, लकी, नीरज सचिन, विनीत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य की शुरूआत करते हुए कहा कि पार्षद गीता देवी गुप्ता के नेतृत्व में सरोजिनी नगर प्रथम वार्ड लगातार विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है।

# पति ने पीट कर पत्नी को किया अधमरा, इलाज के दौरान मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कमता में किराये पर रहने वाली लोहिया अस्पताल की संविदा नर्स की पति ने बेरहमी से पिटाई कर अधमरा कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ने पत्नी के मायकेवालों को फोन कर बेटी के मरने की सूचना दी थी। मृतका के मायकेवालों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पति समेत सभी ससुराल वाले घर से फरार हैं।

मृतक प्रीति राय के पिता राजकुमार राय, निवासी गायत्री नगर मड़ियांव ने बताया कि बेटी की शादी वर्ष 2022 में गोरखपुर निवासी मृत्युंजय राय से हुई थी। शादी के बाद से पति और ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। ससुर यशवंत कुमार राय, सास शुभवती देवी और ननद द्वारा लगातार रुपये देने का दबाव बनाया जाता था। दहेज न दिए जाने पर प्रीति को कई बार मायके छोड़ दिया जाता था। आरोप है कि मृत्युंजय ने कई बार प्रीति के मायके आकर भी मारपीट की। प्रीति और उसका पति कमता के अजय नगर में किराए के कमरे पर रहते थे। प्रीति लोहिया में संविदा नर्स थी, जबकि पति बेरोजगार और शराब का आदी था। रविवार दोपहर तीन बजे मृत्युंजय ने प्रीति की छोटी बहन प्राची को फोन कर बताया कि उसकी हालत गंभीर है। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो वह कमरे की चौखट पर अचेत पड़ी मिली। उसे तुरंत लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर मारपीट की पुष्टि की। चार दिन तक चले इलाज के बाद शुक्रवार को डॉक्टरों ने प्रीति को मृत घोषित कर दिया। साथ ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की सूचना मिलते ही आरोपी पति मृत्युंजय, उसके पिता, मां और बहन अस्पताल से फरार हो गए। परिजनों का आरोप है कि फरारी के बाद आरोपी पक्ष की ओर से फोन पर धमकियां दी जा रही हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला समेत पांच लोगों से सवा सात लाख की ठगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** जालसाजों ने महिला समेत पांच लोगों के खातों से करीब सवा सात लाख रुपये पार कर दिया। ठगी के यह मामले चौक, चिनहट, बंथरा, गौतमपल्ली और गोमतीनगर विस्तार के हैं। पुलिस ने पांचों मामले दर्ज कर लिए। चौक के चौपटिया स्थित जियालाल फाटक निवासी सुबोध अग्रवाल चौक पुरानी सब्जी मंडी स्थित निर्मला चिकन हैंडीक्राफ्ट में कैशियर के पद पर है। उनका व बेटी का खाता इंडसइंड बैंक में है।

बीते 12 जनवरी को वह दुकान पर थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर ओटीपी आया। जब तक वह कुछ समझ पाते कि उनके खाते से तीन बार में 2.61 लाख और बेटी के खाते से 18 हजार रुपये निकल गए। खाते से रुपये निकलने पर सुबोध के होश उड़ गए। उन्होंने फौरन बैंक में शिकायत की। आरोप है कि बैंक कर्मियों ने उन्हें टरका दिया और पुलिस के पास भेज दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं, गौतमपल्ली के जियामऊ स्थित न्यू कॉलोनी निवासी आदित्य यादव ने बताया कि बीते 13 जनवरी को साइबर जालसाज ने उनके खाते से एक लाख रुपये पार कर दिए। रुपये कटने का मैसेज देख वह परेशान हो गए। उन्होंने साइबर सेल में शिकायत कर गौतमपल्ली थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। उधर, चिनहट के निजामपुर मल्हौर स्थित श्याम एंक्लेव निवासी विनीता श्रीवास्तव ने बताया कि जनवरी माह में मित्र के साथ पुरी ओडिशा का प्रोग्राम बनाया। वहां रुकने के लिए ऑनलाइन होटल किया। हॉली डे रिजार्ट पुरी में होटल का रुम देख दिए गए नंबर पर बात की। जालसाज ने पांच रात के लिए दो कमरे का रेट बताया। इसके बाद बुकिंग और जीएसटी समेत तमाम मद के नाम पर 76,020 रुपये ऐंठ लिए। इसके अलावा गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर स्थित कौशलपुरी निवासी रामकुमार राठौर ने बताया कि कुछ दिन पहले एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने दोस्त बनकर बात की। कहा कि तुम्हारे खाते में कुछ रुपये और एक खाता नंबर भेजा है। उक्त रुपये उस खाते में भेज दो। फर्जी क्रेडिट मैसेज भेजकर जालसाज ने 75 हजार ट्रांसफर करा लिए। वहीं, बंथरा के खटोला स्थित अवतार नगर कॉलोनी निवासी विजय कुमार शर्मा ने बताया कि 7 जनवरी को मोबाइल पर एसबीआई योनो एप इंस्टॉल कर रहा था। इसी दौरान एक कॉल आयी। जालसाज ने एसबीआई कर्मी बनकर समस्या दूर करने की बात कहकर एक लिंक भेजा। पीड़ित ने लिंक पर क्लिक किया तो खाते से 1.90 लाख रुपये कट गए। पीड़ित ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## विवाद सुलझाने ससुराल गये युवक को खंभे से बांधकर पीटा, किया लहूलुहान, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव में ससुराल आए युवक को ससुरालियों ने बिजली खंभे से बांधकर जमकर पीटा। जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। गोसाईगंज के सठवारा गांव में रहने वाले हरीराम परिवार संग रहते है। उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह बीते 14 जनवरी को ग्राम सौनई कंजेहरा, पोस्ट बककास, थाना सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ स्थित अपनी ससुराल गए थे। उनकी पत्नी नाराज होकर मायके में थी। इसी विषय पर ससुरालीजनों से बातचीत करने अपनी ससुराल आया था। बातचीत के दौरान कहासुनी हो गयी उसके बाद विशाल, लवकुश पुत्रगण फूलचन्द्र, फूलचन्द्र पुत्र अज्ञात और फूलचन्द्र की पत्नी ने मिलकर पीड़ित को बिजली के खम्भे से बाँधकर जान से मारने की मंशा से लाठी डन्डे मारा पीटा। जिससे सिर व शरीर पर काफी चोटें आयी है। लोगों के जुटने पर किसी तरह जान बची। वहीं दूसरे पक्ष ने भी तहरीर दी है, पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## प्रभुनाथ राय भोजपुरी समाज के संवाहक: वेदप्रकाश




लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के 64 वें जन्मदिन एवं मकर संक्रांति के अवसर पर भोजपुरी समाज द्वारा समाज के सभी पदाधिकारीओं एवं सदस्यों ने भव्य आयोजन होटल लैक व्यू ग्रीन में हजारों की संख्या लोग उपस्थित होकर भव्य तरीके से मनाया। इस कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष अशोक कुमार दिवेदी तथा अमर नाथ उपाध्याय विशेष सचिव भी उपस्थित रहे। अखिल भारतीय भोजपुरीसमाज के पदाधिकारीओ में मनोज सिंह, के.डी.अग्रवाल, वेद प्रकाश राय, मनोज राय, आर.के.त्यागी, पी.एन.तिवारी, वी.एम.राय, लोक गायक सुरेश कुशवाहा, संजय सिंह, रामविलास यादव सहित हजारों लोग उपस्थित होकर अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय को जन्मदिन पर शुभकामनाये दी। वेद प्रकाश राय ने अपने सम्बोधन में श्री राय के द्वारा भोजपुरी समाज के लिए किये गये अद्भुत और ऐतिहासिक कार्यो की चर्चा करते हुए समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

## यौन उत्पीड़न की पीड़िता को मुआवजा देने के लिए चोटों का होना जरूरी नहीं: हाईकोर्ट

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने एक अहम फैसले में कहा है कि पॉक्सो एक्ट के तहत पीड़िता को मुआवजा देने के लिए मेडिकल रिपोर्ट में चोट का होना अनिवार्य नहीं है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि एफआईआर और चार्जशीट में धारा 4 पॉक्सो एक्ट (पेनेट्रेटिवसेक्सुअल असॉल्ट) का उल्लेख है, तो मुआवजा रोका नहीं जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने गोंडा जिले की एक नाबालिग पीड़िता की याचिका पर दिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि 7 मार्च 2025 को पीड़िता के साथ यौनउत्पीड़न हुआ और 25 जून 2025 को चार्जशीट दाखिल होने के बावजूद उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बालसम्मान कोष योजना, 2015 के तहत मिलने वाला मुआवजा उसे अब तक नहीं दिया गया है। वहीं राज्य सरकार ने दलील दी कि मेडिकल रिपोर्ट में पेनेट्रेटिव चोट के साक्ष्य नहीं मिलने के कारण जिला संचालन समिति ने मुआवजे का दावा निरस्त कर दिया। हालांकि, न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि पेनेट्रेटिव यौनउत्पीड़न हर मामले में शारीरिक चोट के रूप में दिखाई दे, यह आवश्यक नहीं है।

# लखनऊ के बसंत कुंज योजना में लगी आग लोगों ने बिल्डिंग से कूद कर बचायी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंत कुंज योजना के ब्लॉक-39 स्थित एक बहुमंजिला इमारत के फ्लैट में शुक्रवार को भीषण आग लग गई।

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी इमारत घने काले धुएं से भर गई, जिससे वहां रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए बिल्डिंग से कूदने लगे। एक युवक ने कूदकर अपनी जान बचाई, जबकि अन्य लोग मदद के लिए चीखते रहे। स्थानीय फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आग बुझाने के साथ-साथ व्यापक बचाव का कार्य जारी है।

दमकलकर्मी सीढ़ियों और उपकरणों की मदद से ऊपरी मंजिलों तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। आग मुख्य रूप से इमारत की तीसरी मंजिल पर लगी बताई जा रही है, जहां से तेज लपटें और धुआं निकलता देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते हीं चीख-पुकार मच गई। लोग बालकनियों और खिड़कियों से मदद की गुहार लगाते नजर आए। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बचाव कार्य लगातार जारी है, लेकिन घना धुआं और ऊपरी मंजिलों तक पहुंचना बड़ी चुनौती बना हुआ है। फिलहाल फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्राथमिकता है। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या किसी विद्युत उपकरण में खराबी को आग का कारण माना जा रहा है। पुलिस और फायर विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे चार भाई सैकत डोलुई, रमेश डोलुई, विवेकानंद डोलुई और राहुल डोलुई उर्फ गोवर्धन डोलुई से मेरा व मेरे परिवार और मेरे व्यवसाय से कोई संबंध नहीं है। उक्त चारों भाईयों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **बुद्धदेव डोलुई पुत्र श्री कृष्णा धन डोलुई नि.- दुकान नं.-4, भवन नंबर 133/101, गणेश गंज रोड, सुन्दर श्याम ज्वैलर्स, अमीनाबाद, लखनऊ।**

## ई रिक्शा चोरी

लखनऊ। आलमबाग, मानक नगर थाना क्षेत्र में घूम रहे चोरों ने बीते पांच दिन पूर्व मानक नगर रेलवे स्टेशन के पास खड़ा एक ई रिक्शा पार कर दिया। ? मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया मूल रूप से बुलाकी अड्डा निवासी इब्राहिम मिराज पुत्र मिराज आलम के अनुसार उसके ई-रिक्शा को उसका ड्राइवर आदर्श कुमार गौतम लेकर गया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत- सतहरी, वि.ख.-धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-16.01.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- सतहरी, विकासखंड- धनपतगंज, जनपद सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भठ्ठा मालिक दिनांक- 17.01.2026 से दिनांक- 23.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- सतहरी पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 23.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | रमेश कोरी के घर से गंगाराम पाल के खेत तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 2.99 लाख रुपए। | एस0ओ0बी0 ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | सुरेन्द्र प्रताप सिंह के घर से चकरोड तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 3.98 लाख रुपए। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- सतहरी, वि0ख0- धनपतगंज
जनपद-सुलतानपुर।

## लॉकर से चोरी नहीं हुए थे जेवर, मुथुट ने लोन के बदले किए थे जब्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कपूरथला स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के लॉकर से बबिता सिन्हा के सोने, चांदी और हीरे के जेवर चोरी नहीं हुए थे। मौत से पहले उनके पति ने लॉकर के जेवर निकालकर मुथुट फाइनेंस से गोल्ड लोन लिया था। बेटी की पढ़ाई के लिए पांच लाख इसके अलावा कई अन्य मदों में करीब 17-18 बार लोन लिया था। लोन अदा न कर पाने पर मुथुट ने जेवर जब्त कर लिया था। लोन जेवर की कीमत से ज्यादा था। यह खुलासा अलीगंज पुलिस की तफ्तीश में हुआ। इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक कुमार सोनकर ने बताया कि बबिता सोपान एनक्लेव में रहती हैं। उन्होंने बैंक कर्मचारियों पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए लॉकर से 1.5 करोड़ रुपये के जेवर चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। बबिता ने तहरीर देकर बताया था पति राजेश सिन्हा कारोबारी थे बैंक में लॉकर लिया था। उसमें वर्ष 2017 से जेवर रख रही थीं। लॉकर पति और उनके संयुक्त नाम से था। पति की वर्ष 2022 में मौत हो गई थी। 12 जनवरी को उन्होंने लॉकर चेक किया तो उसमें जेवर नहीं थे। बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछा तो कोई सही जानकारी नहीं दी। इसके बाद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की तफ्तीश हुई तो एसबीआई के प्रबंधक ने लॉकर की जानकरी ली गई। पता चला कि लॉकर को राजेश ही आपरेट करते थे। उन्होंने 17-18 बार लॉकर से जेवर निकाले। इसके बाद पुरनियां स्थित मुथुट फाइनेंस में गोल्ड लोन लिया। वर्ष 2018 में पांच लाख रुपये का लोन बेटी की पढ़ाई के नाम से लिया था। राजेश ने करीब 17-18 बार मुथुट में जेवर गिरवीं रखकर लोन लिया था। लोन की राशि जेवरों की कीमत से अधिक हो गई थी। तय समय तक राजेश ने लोन अदा नहीं किया। मुथुट की ओर से नोटिस भी जारी की गई थी। कोई जवाब न मिलने पर कंपनी ने जेवर जब्त कर लिए। इसकी जानकारी बबिता को नहीं थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जा रही है। आरबीआई के हस्तक्षेप के बाद आनन फानन हुई तफ्तीश इंस्पेक्टर ने बताया कि मामला आरबीआई तक पहुंच गया था। अफसरों ने एसबीआई के प्रबंधक से बात की। पूरी जानकारी ली और जांच कराई। पता चला कि मुथुट से लोन लिया गया था। इसके बाद पीड़िता को थाने बुलाकर बयान दर्ज किए गए। जानकारी होने पर वह फूट फूटकर रोने लगी। उन्होंने बताया कि लोन के बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी।

## गोमतीनगर में चोरों ने बंद मकान से लाखों का माल पार किया

**लखनऊ।** विभूति खण्ड थानाक्षेत्र के गोमती नगर में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर करीब पौने दो लाख रुपये नकद समेत लाखों के गहने पार कर ले गए। पुलिस ने छानबीन कर चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने पीड़ित के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में ली है।

गोमतीनगर वास्तु खंड-तीन निवासी सूर्या जायसवाल परिवार के साथ रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि वह 10 जनवरी को पिता, माता और बड़े भाई के साथ दर्शन के लिए अहमदाबाद चले गए थे। पीड़ित की सास का ऑपरेशन होने के कारण पत्नी 14 जनवरी को घर में ताला लगाकर लखीमपुर चली गई थीं। 15 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे पड़ोसी ने फोन कर चोरी की जानकारी दी। वह फौरन लखनऊ के लिए निकली। घर पहुंचने पर देखा कि चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे। कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़कर लॉकर में रखे करीब पौने दो लाख रुपये नगद और लाखों रुपये के सोने-चांदी के अभूषण पार कर ले गए। पीड़ित ने चोरी की जानकारी पुलिस को दी।

## बैंक से पैसा निकलने के मामले में खाता धारकों ने पारा थाना में दी तहरीर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बैंक खाते से खाता धारकों के खाते से लाखों रूपए कट जाने के मामले में चौथे दिन शुक्रवार को सुबह विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्र व कई खाता धारक मोहान रोड डा शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुर्नवास विश्वविद्यालय परिसर की बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पहुँचे और कई उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा भी किया। तो वहीं विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्रों के खाते से छात्रवृत्ति का पैसा कट जाने से नाराज छात्र अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अध्यक्ष चंद्रप्रकाश मद्धेशिया के साथ बैंक पहुँचे और बैंक मैनेजर वार्ता की। लेकिन बैंक मैनेजर कोई भी संतुष्ट जवाब नहीं दिया। वहीं शाम को कई उपभोक्ता व दिव्यांग छात्र कार्रवाई की मांग को लेकर पारा थाना पहुँचे। जहाँ दिव्यांग छात्र से पुलिस से नोकझोंक भी हुई। दिव्यांग छात्र ने पुलिस पर अभद्रता करने का आरोप लगाया।


शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय से डी फार्मा कर रहे मुजफ्फरनगर निवासी दिव्यांग छात्र राकेश मलिक का परिसर की बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता है जिसमें दिव्यांग छात्र की छात्रवृत्ति आती है। राकेश मलिक के बैंक खाते से छात्रवृत्ति के 90 हजार रूपए कट गए थे। जिस पर आज सुबह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अध्यक्ष चंद्रप्रकाश मद्धेशिया व अन्य छात्रों के साथ बैंक मैनेजर के पास जाकर वार्ता की और खाते से छात्रवृत्ति का पैसा कट जाने की जानकारी ली। लेकिन बैंक मैनेजर हिमांशु कुकरेती ने कोई भी सही जवाब नहीं दिया। वहीं सलेमपुर पतौरा निवासी फूलचंद कश्यप पिंकसिटी में सब्जी की दुकान लगाता है और पैत्रक जमीन बेचकर 15 लाख रूपए बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा किया था। छोटे बेटे ऋषभ की 25 फरवरी को शादी व 27 फरवरी को रिसेप्शन की तैयारी को लेकर फूलचंद 5 लाख रूपए निकालने 6 जनवरी को बैंक गया था। लेकिन मैनेजर ने एक चेक पर हस्ताक्षर करा कर ले लिया और कहा कि आज कैश नहीं है दो दिन बाद आकर कैश ले जाना। जिस पर फूलचंद घर चला गया था। वहीं फूलचंद के बेटे अनिकेत ने आरोप लगाया कि मैनेजर धोखे एक चेक की जगह दो चेक ले लिया था। जिसमें एक चेक से 5 लाख तो दूसरे दिन दे दिया। लेकिन बाद में 8 जनवरी को मेरे पिता के खाते से 5 लाख रूपए निकल गए और 11 जनवरी को पैसा निकलने का मैसेज आया।

# चर्चित आलोचक वीरेंद्र यादव का निधन, साहित्य जगत में शोक की लहर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रेमचंद संबंधी बहसों और 1857 के विमर्श पर लेखन के लिए से चर्चित आलोचक वीरेंद्र यादव का शुक्रवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उन्होंने इंदिरा नगर सी ब्लाक में अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके भाई नागेंद्र प्रताप ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 10 बजे बैकुंठ धाम में किया गया जाएगा।

वीरेंद्र यादव का जन्म पांच मार्च, 1950 को जौनपुर में जलालपुर के निकट गांव में हुआ था। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से राजनीतिशास्त्र में एमए किया था। उनकी छात्र जीवन से ही वामपंथी बौद्धिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय हिस्सेदारी रही। प्रगतिशील लेखक संघ से अंत समय तक जुड़े रहे। उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष मंडल के सदस्य रहे। उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम में नौकरी भी की। 'प्रयोजन' पत्रिका का संपादन भी किया। जान हर्सी की पुस्तक 'हिरोशिमा' का अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद किया। साहित्यिक-सांस्कृतिक विषयों पर पत्र-पत्रिकाओं में लेखन भी किया। उनका 'राग दरबारी' उपन्यास पर केंद्रित विनिबंध इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली के एम.ए. पाठ्यक्रम में शामिल है। उनका 'नवें दशक के औपन्यासिक परिदृश्य' पर विनिबंध 'पहल पुस्तिका' में प्रकाशित है। उन्हें आलोचनात्मक अवदान के लिए वर्ष 2001 के 'देवीशंकर अवस्थी सम्मान' से समादृत किया गया था। राकेश वेदा ने बताया वीरेंद्र आलोचनात्मक व साहित्य-सामाजिक रचनाओं में 'विवाद नहीं हस्तक्षेप', 'उपन्यास और वर्चस्व की सत्ता', 'हिंदी उपन्यास की सत्ता', 'उपन्यास और देश एवं विमर्श और व्यक्तित्व' प्रमुख हैं। उनकी रचनाएं केवल तकनीकी आलोचना तक सीमित न रहकर समाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक विमर्श को भी अपना विषय बनाती थीं। उनके निधन से साहित्य दुनिया ने एक महत्वपूर्ण चिंतक और मार्गदर्शक और मैंने पांच दशकों तक साथ रहे एक गंभीर सहयात्री एवं दोस्त खो दिया है। समालोचक प्रो. नलिन रंजन सिंह ने बताया कि वीरेंद्र यादव की रचनाएं हिंदी साहित्य में आलोचनात्मक विमर्श को नई दिशा देने वाली मानी जाती हैं। आलोचना में उन्होंने पाठ, समाज, राजनीति और संस्कृति के बीच के गहन अंतसंबंधों को प्रकट किया।




## प्रगतिशील लेखक संघ और प्रयोजन से जुड़ाव

वे प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) से लंबे समय तक जुड़े रहे। उत्तर प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ के वे लंबे समय तक सचिव रहे। उन्होंने प्रयोजन पत्रिका का संपादन भी किया और यह संपादन उनकी पहचान का एक बड़ा स्तंभ रहा। वीरेंद्र यादव की आलोचना सिर्फ पुस्तक समीक्षा नहीं थी- वह समाज, इतिहास और सत्ता-संरचना से संवाद करती आलोचना थी। वे कथा-आलोचना में लगातार सक्रिय रहे। उनका लेखन प्रेमचंद संबंधी बहसों और 1857 के विमर्श पर हस्तक्षेपकारी माना जाता है—यानी वे बहस को दिशा देने वाले आलोचक थे। उनके कई लेखों के अंग्रेजी और उर्दू अनुवाद भी प्रकाशित हुए। उपलब्ध जानकारी के आधार पर उनकी कुछ चर्चित किताबें/काम..उपन्यास और वर्चस्व की सत्ता (उपन्यास-केंद्रित आलोचना), उपन्यास और देस (उपन्यास आलोचना की चर्चित किताब),प्रगतिशीलता के पक्ष में (प्रगतिशील साहित्य/आंदोलन केंद्रित), जॉन हर्सी की हिरोशिमा का अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद (यह उनके अनुवाद-कार्य का बड़ा योगदान माना जाता है)। इसके अलावा उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण कृतियों पर भूमिका/प्रस्तावना लेखन भी किया।

## वीरेंद्र जी की कलम से बहुत कुछ आना बाकी था : उर्मिलेश

आलोचक वीरेंद्र यादव के निधन पर जाने माने पत्रकार-लेखक उर्मिलेश ने द लेंस से बात करते हुए कहा, स्तब्ध हूं! कुछ ही देर पहले प्रख्यात आलोचक वीरेंद्र यादव के निधन की सूचना मिली. कुछ सप्ताह पहले फोन पर बातचीत हुई थी। स्वास्थ्य समस्या की भी संक्षिप्त चर्चा हुई, उनका आज अकस्मात चले जाना हम सबके लिए बहुत बड़ी क्षति है। अभी उन्हें होना चाहिए था। बहुत जरूरी थे वह हमारे समाज, हिंदी साहित्य और विचार जगत के लिए। हिंदी की साहित्यिक आलोचना को वीरेंद्र जी ने नया प्रगतिशील परिप्रेक्ष्य दिया. कई मायनों में यह हिंदी की कथित मार्क्सवादी आलोचना से भिन्न था, अपनी नयी दृष्टि से उन्होंने वर्ण-संकीर्णताओं में पिचकी हिंदी की नकली प्रगतिशीलता को बहुत तथ्यात्मक ढंग से बेनकाब किया. इससे हिंदी आलोचना के कई नये-पुराने बड़े दिग्गजों का नकली प्रगतिशील आभामंडल धाराशायी होता दिखा। अभी वीरेंद्र जी की कलम से बहुत कुछ आना बाकी था।

# उत्तरायणी कौथिग में बही संस्कृति की इन्द्रधनुषी बयार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग, पंडित गोविंद बल्लभ पंत सांस्कृतिक उपवन में भव्य स्टेज पर चल रहे विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा दिन में चल रही प्रतियोगिताएं उत्तरायणी मेले में आए दर्शकों को अपनी ओर खींच लेती है तथा रंग बिरंगी पोशाक पहने छोलिया दल विविध करतब की प्रस्तुति लोक संस्कृति की झलक बीच बीच में प्रस्तुत कर दर्शकों का मंत्र मुग्ध करती है। पर्वतीय महापरिषद के (25 साल पूर्ण) रजत जयंती के शुभअवसर पर 15 दिवसीय उत्तरायणी कौथिग का तृतीय दिवस का आरम्भ एकल नृत्य एवं सामुहिक नृत्य प्रतियोगिताओं से हुआ जिसमें बसन्त भट्ट द्वारा पंजीकृत 3 से 8 वर्ष, 8 से 13 वर्ष एवं 14 से अधिक वर्ष के आयु वर्ग के 53 प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य कला से निर्णायक मण्डल व दर्षकों का मन मोहने का भरसक प्रयास किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में आकांक्षा आनन्द व मेनका सक्सेना रहीं एवं प्रतियोगिता का संचालन संरक्षक जे पी डिमरी एवं प्रभारी साहित्य प्रकोष्ठ ज्ञान पंत ने किया, प्रतियोगिता में 3 से 8 वर्ष आयुवर्ग में क्रमषः कृषिका भाकुनी, सान्वी बिष्ट, भाव्या, पतिष्ना पाण्डे प्रथम द्वितीय तृतीय व सांत्वना, 9 से 13 आयुवर्ग में तनिष्का आर्या, आदित्य पाण्डे, लतिका बिष्ट, यषिका नेगी प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना, तेरह वर्ष से अधिक में वन्दना सिंह, षितल धामी, मंषिका कनौजिया व गरिमा मेहरा और सामुहिक नृत्य में जोहार सांस्कृतिक संस्था, मोनिका मेहरा ग्रुप, पल्लवी दल व किरन चैबे प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरूष्कार के भागी बने।

तत्पश्चात विकास नगर के क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा पारम्परिक परिधान में गीत संगीत एवं नाट्य कला की प्रस्तुतियों से मंच सुशोभित रहा। इसी क्रम में आज कौथिग मंच से म्युजिकल उत्तराखण्ड स्टूडियो के चैनल का राकेश रमेला और नीरू बोरा द्वारा अभिनित उत्तराखण्डी गीत चम्म मुखड़ी रिलीज हुआ। नदी का किनारा और खिली धूप में कौथिग के नजारे ने मेला घूमने आए जनसैलाब को खूब आकर्षित किया। मीडिया प्रभारी भुवन पाण्डेय ने बताया कि सुबह की ठण्ड के कारण ग्राहकों का झुण्ड गर्म कपड़ों से पटे स्टॉलों की ओर रूख करने पर मजबूर हुआ जहाँ नाना प्रकार की गरम टोपियां, वास्केट (सर्दी), जैकेट, रंगबिरंगे लेडिज गरम सूट इत्यादि प्रचूर मात्रा में बिके। सायंकालीन सत्र में दिन का सायंकालीन द्वितीय सत्र पर्वतीय महापरिषद के उपाध्यक्ष एवं सांस्कृतिक प्रभारी महेन्द्र पन्त द्वारा रचित उत्तरायणी के टाइटल सॉन्ग उत्तरैनी कौथिग मा सभन को सत्कार छ... गीत के साथ प्रारम्भ हुआ। अति विषिष्ठ अतिथि पुष्पिला बिष्ट ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश जोशी व महासचिव महेन्द्र रावत ने पुष्पगुच्छ एवं मुख्य संयोजक ठाकुर सिंह मनराल व संरक्षक लाबीर सिंह बिष्ट द्वारा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर पर्वतीय महापरिषद के कोषाध्यक्ष के एस रावत, एम एस मेहता, मीडिया सलाहकार हरी'ा काण्डपाल, पी सी पन्त, आनन्द कपकोटी, चंचल सिंह बोरा, गोविन्द पाठक, मुख्य संयोजक महिला प्रकोष्ठ मंजू भास्कर 'ार्मा, आनन्द भण्डारी, उमेद सिंह दयोपा, सुदीप जो'ाी, लक्ष्मण सिंह भण्डारी, के एन पाठक, शंकर पाण्डेय, के एन पाण्डेय, संजय पाण्डेय, वीरेन्द्र आर्या, जी डी भट्ट, एल एस धामी, बिशन दत्त जोशी, प्रदीप बिष्ट, जितेन्द्र उपाध्याय व अन्य उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जहां एक ओर उत्तराखण्ड से आई मेहमान कलाकार ईशा मर्तोलिया के लोक नृत्य की प्रस्तुतियों से दर्शक मंत्रमुग्ध हुए वहीं मेहमान कलाकार चन्द्रकला के तेरी मेरी प्रीत..., यू डाना का पार... व अन्य लोकगीत, राकेश जोशी के हिट दे शाली म्यार दगाड़.., राम सीता लखना.., सूवा मेरो ड्राईवरा..,समधी ज्यू... और लखनऊ के लोकगायक आनन्द कपकोटी ने कौथिग में समा बांधा।

# यूपी महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर निखर रही हैं प्रतिभाएं



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पिछले 18 सालों से यूपी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ पर्यावरण शिक्षा स्वरोजगार जैसे अनेकों मिशन प्रदेश की भलाई के लिए चलाए जाते हैं। प्रगति इवेंट का उद्देश्य सिर्फ व्यवसायिक गतिविधियों को संचालित करने का न होकर सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने का होता है। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह यह प्रयास करते हैं कि दूरदराज से आए हुए तमाम स्टॉल धारक स्वदेशी वस्तुओं का तथा एक जनपद एक उत्पाद को बढ़ावा देकर प्रदेश एवं देश को समृद्धशाली बनाने में अपना योगदान दें। प्रगति इवेंट के सभी महोत्सव में सुरक्षा सफाई एवं चिकित्सा को विशेष ध्यान दिया जाता है। महोत्सव में आए सभी सम्मानित नागरिकों का उचित सम्मान हो और किसी को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए संस्था के वालंटियर सदैव सजग रहते हैं।

प्रगति इवेंट द्वारा आयोजित यूपी महोत्सव में प्रतिदिन लखनऊ एवं आसपास के जिलों की संस्थाओं द्वारा उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाता है। इसी कड़ी में आज स्टैंड अप कॉमेडियन के रूप में जयप्रकाश, जिन्हें जूनियर राजू श्रीवास्तव भी कहते हैं, ने अपनी कॉमेडी से लोगों को मनोरंजन किया। राजेश कुमार मिमिक्री आर्टिस्ट उर्फ जूनियर रवि किशन ने भी अपना जलवा बिखरा। दिलदार रैपर ने नए अंदाज में खूब मनोरंजन किया। उदय राज पोपट का अंदाज लोगों को पसंद आया। कृष्ण के नृत्य पर लोग खूब झूमे सोनल ने भी अपने नृत्य से सब का मन मोह लिया।

# प्रेम और कविता की गतिमय अभिव्यक्ति 'साहिरः हर इक पल का शायर'

**एसएनए के संत गाडगे प्रेक्षागृह में हुआ नाटक का मंचन**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजीव प्रधान द्वारा अवध कॉन्क्लेव तथा आकृति सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति के सहयोग से प्रस्तुत संगीतमय नाट्य-रचना साहिरः हर इक पल का शायर का एक और भव्य मंचन लखनऊ स्थित संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में हुआ। मैं पल दो पल का शायर हूँ साहिर के जीवन-दर्शन को समेटती ये अमर पंक्तियाँ इस संध्या की भावभूमि तय करती हैं। कुछ काव्यात्मक स्वतंत्रता के साथ अनूदित इन पंक्तियों में एक ऐसे कवि की छवि उभरती है, जो क्षणिक समय का वासी है। उसकी कथा थोड़ी देर चमकती है, झिलमिलाती है और फिर हवा में विलीन हो जाती है। उसका अस्तित्व समय की विराट नीरवता में एक आह मात्र है, और उसका यौवन, एक धड़कन भर, जो पूरी तीव्रता से जलकर बुझ जाता है।

इस प्रस्तुति के केंद्र में साहिर लुधियानवी की वही दुनिया थी, एक ऐसा जीवन जो कविता में जिया गया। विद्रोह, प्रेम, पीड़ा, विरह और सत्य की अनवरत खोज से धड़कता हुआ जीवन। यह नाटक साहिर की उथल-पुथल भरी, फिर भी कोमल यात्रा को सजीव करता है और उन्हें केवल कालजयी गीतों के रचयिता के रूप में नहीं, बल्कि एक बेचैन अंतरात्मा के रूप में प्रस्तुत करता है, जो निरंतर न्याय और सौंदर्य के बीच संतुलन तलाशती रही। चंद्र शेखर वर्मा द्वारा लिखित और गोपाल सिन्हा द्वारा निर्देशित यह नाटक साहिर की भावनात्मक और वैचारिक दुनिया का अत्यंत संवेदनशील चित्र प्रस्तुत करता है। यह केवल एक क्रमबद्ध जीवन-कथा नहीं है, बल्कि कवि के अंतर्जगत में प्रवेश करता है। उसके प्रेम, मोहभंग, मौन और सक्रियतावादी चेतना को टटोलता है। मंच सज्जा और प्रकाश-योजना, जिन्हें गोपाल सिन्हा ने ही रूप दिया, कथा के भाव-बुनावट को और गहराई प्रदान करती है। प्रमुख भूमिकाओं में डॉ. सुधांशु मणि, रुपाली चंद्रा और चंद्र शेखर वर्मा ने सशक्त अभिनय किया। इनके साथ अनुराधा टंडन, अमित हर्ष, ज्योति सिंह, आफताब आलम, आदिल और रोहित टंडन ने भी अपने प्रभावशाली अभिनय से नाटक को समृद्ध किया। डॉ. सुधांशु मणि ने अपनी सधी हुई उर्दू अदायगी और गूंजती हुई आवाज के बल पर साहिर को मंच पर जीवंत कर दिया। अमृता प्रीतम की भूमिका में रुपाली चंद्रा ने उस महान पंजाबी कवयित्री की गरिमा और भावनात्मक तीव्रता को बखूबी साकार किया। सूत्रधार के रूप में चंद्र शेखर वर्मा ने कथा की लय और प्रवाह को संतुलित ढंग से संभाले रखा। इस संध्या का एक प्रमुख आकर्षण साहिर द्वारा लिखे गए हिंदी सिनेमा के कालजयी गीतों की सजीव संगीतमय प्रस्तुति रही। कभी कभी मेरे दिल में, तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले, मैं ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया और अभी न जाओ छोड़ कर जैसे गीतों को डॉ. प्रभा श्रीवास्तव और पंकज कुमार ने भावपूर्ण गहराई के साथ प्रस्तुत किया, जिन्हें श्रोताओं से जोरदार तालियाँ मिलीं। गीतों का चयन और उनका नाट्य-संदर्भ में स्थान इतना सटीक था कि वे कथा के अनिवार्य अंग बन गए। श्याम (सिंथेसाइजर), अजय (तबला), मॉन्टी (बेस गिटार) और दीपक (ऑक्टोपैड) का संवेदनशील संगत संगीत को और ऊँचाई देता रहा।

# करें प्रमुदित हृदय से आइये आभार हिन्दी का...

## राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से सरस काव्य समारोह का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ.प्र. द्वारा संस्थान कार्यालय में अपराह्न विश्व हिन्दी दिवस, बसंत पंचमी एवं गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में एक सरस काव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान की उपाध्यक्ष डॉ. शोभा दीक्षित भावना ने की। काव्य समारोह में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रामराज भारती रहे। माँ वाणी की वन्दना अखिलेश त्रिवेदी शाश्वत ने की। काव्य समारोह का सफल व कुशल संचालन संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. उमेश आदित्य ने किया। संयोजन संस्थान की महामंत्री डॉ.सीमा गुप्ता ने किया।

काव्य समारोह में राजश्री दुबे, ऋतु, पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव, डॉ. राधा बिष्ट, मीना गौतम, डॉ. सुधा मिश्रा, अलका शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा,रामराज भारती, जयेन्द्र चतुर्वेदी, रामगुलाम, विपुल कुमार मिश्र, आदित्य तिवारी, डॉक्टर उमेश आदित्य, अखिलेश त्रिवेदी शाश्वत ,डॉ. हरी प्रकाश हरि, राम सेवक द्विवेदी एवं सुरेन्द्र गौतम ने अपनी सरस वाणी से सुन्दर रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित साहित्यकारों का आभार ज्ञापन सुरेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया। सभी कवियों की रचनाओं को उपस्थित श्रोताओं द्वारा भूरि-भूरि सराहा गया।

संक्षिप्त में काव्यपाठ के प्रुमुख अंश निम्नलिखित हैं जिनमें डॉ. शोभा दीक्षित भावना करें प्रमुदित हृदय से आइये आभार हिन्दी का, हमारे कर्म से प्रकटे सदा, सत्कार हिन्दी का। डॉ. उमेश आदित्य रक्त के समान तन में प्रवाहमान यह, हिन्दी मातृभाषा हमें जान से भी प्यारी है। डॉ. हरी प्रकाश हरि भारत माता के माथे की बिन्दी मात्र नहीं हिन्दी, है सोलहों शृंगार सजीला हिन्दी मात्र नहीं बिन्दी। राजश्री दुबे माधव तुम मेरे हृदय कुंज में। पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव भवन भाषा का हो जिस पर वो सरस आधार है हिन्दी। डॉ. राधा बिष्ट आवा बसंत ऋतु सर्दी का अंत सखि, खेतवा लहर, लहराय मोरी सजनी। डॉ. सुधा मिश्रा - नाम करता हुआ अपना ये मुकद्दर होगा, हमें मालूम है कल आज से बेहतर होगा। सुरेन्द्र शर्मा लड़ते लड़ते दुश्मन को मिटा जायेंगे, रक्त की बूँद-बूँद वतन पर लुटा जायेंगे। रामराज भारती सारा काम करें हिंदी में,पालन में अमराई है। जयेन्द्र नाथ चतुर्वेदी खेतों में लहराई हरियाली, पीली चुनरिया ओढ़े धरा। विपुल कुमार मिश्र खुसरो की वानी में हूँ रासो की कहानी में हूँ, सिद्धनाथ पंथ का प्रसार करती हूँ मैं।

# 'बूंद-बूंद मिलकर बने लहर' राष्ट्रीय भावना को समर्पित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** दयाल पैराडाइज, गोमती नगर लखनऊ में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित सत्कार समिट में संस्था विजय बेला एक कदम खुशियों की ओर, लखनऊ द्वारा चन्द्रभाष सिंह के निर्देशन में उत्तर प्रदेश की गौरवशाली संस्कृति, ऐतिहासिक चेतना और राष्ट्रीय भावना को समर्पित नृत्य-नाटिका बूँद-बूँद मिलकर बने लहर का प्रभावशाली मंचन देशभर से आये युवा दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

इस नृत्य-नाटिका में राम की मयार्दा, कृष्ण का प्रेम, अवध की तहजीब, ब्रज की माधुर्य और स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला को भावपूर्ण नृत्य, संगीत और सशक्त नरेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का आरंभ शुभ मंगलाचरण गीत ह्लशुभ दिन आयो रेह्व से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद लखनऊ की पहचान—अवध की लोक संस्कृति, शेरो-शायरी, नवाबों की नजाकत, सिपाहियों की तलवार और पायलों की झंकार—को कथक नृत्य के माध्यम से जीवंत किया गया। नृत्य-नाटिका में अयोध्या, मथुरा और वृंदावन की सांस्कृतिक यात्रा को भावनात्मक रूप से दशार्या गया। जहाँ अयोध्या में राम जीवन का आदर्श बने, वहीं मथुरा-वृंदावन में कृष्ण ने प्रेम और उल्लास से जीवन को उत्सव बना दिया। बाँसुरी कृष्ण की बाजेगी जैसे गीतों पर प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित अंश नृत्य-नाटिका का सबसे प्रभावशाली भाग रहा। 1857 की क्रांति से लेकर 9 अगस्त 1925 के काकोरी ट्रेन एक्शन तक की घटनाओं को सशक्त नरेशन और देशभक्ति गीत मेरा रंग दे बसंती चोला के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे सभागार को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। नृत्य-नाटिका में अवधी, बुंदेली, ब्रज और उर्दू की भाषाई मिठास के साथ-साथ लोकनाट्य, नौटंकी, रामलीला और जनमानस की परंपराओं को भी मंच पर उकेरा गया। समापन में यह संदेश दिया गया कि जिस धरती ने वेदों की वाणी दी, जहाँ गंगा-यमुना ने सभ्यता को सींचा—वही उत्तर प्रदेश आज समृद्ध भारत की धड़कन बन रहा है। दर्शकों और अतिथियों ने नृत्य-नाटिका की भावनात्मक गहराई, विषय चयन और कलाकारों के अनुशासित प्रस्तुतीकरण की मुक्तकंठ से सराहना की। मंच पर जूही कुमारी, पलक यादव, तनिष्का कुमारी, प्राची अवस्थी,नीलम ,प्रेम कुमार,रोहित चौहान,मुकुल चौहान, मृत्यंजय प्रकाश, चन्द्रभाष सिंह आदि ने भिन्न भिन्न भूमिका निभाई वहीं नृत्य निर्देशन जूही कुमारी ने किया।

# यूपीएसएनए की ओर से अयोध्या में होगा दो दिवसीय ध्रुपद समारोह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा अयोध्या के प्रमोदवन स्थित श्री हनुमत विश्वकला संगीत आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. राम शंकर दास जो कि स्वामी पागल दास के रूप में विश्व विख्यात थे और सुप्रसिद्ध पखावज वादक थे, की पुण्यतिथि के अवसर पर ध्रुपद समारोह का आयोजन 19 एवं 20 जनवरी को आश्रम परिसर में किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर लुप्तप्रायः वाद्यों को संरक्षण देने और शास्त्रीय संगीत को जन-जन तक पहुंचाने की महती योजनाओं का संचालन उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस क्रम में अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह और निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर के निर्देशन में ध्रुपद समारोह का आयोजन अयोध्या में किया जा रहा है। इस समारोह की पहली संध्या 19 जनवरी को अयोध्या के विजय राम दास, अनुभव राम दास एवं कौशिकी द्वारा पखावज वादन किया जाएगा। दूसरे सोपान में प्रयागराज के प्रशान्त निशान्त मलिक द्वारा ध्रुपद गायन किया जाएगा। तीसरे सोपान में कन्नौज के कृष्ण चन्द्र गुप्ता द्वारा विचित्र वीणा वादन किया जाएगा। इस क्रम में 20 जनवरी को अयोध्या के वैभव राम दास, प्राप्ति निंगले, वैभव निंगले, देव प्रकाश दुबे द्वारा पखावज वादन किया जाएगा। दूसरे सोपान में दिल्ली के बृजभूषण गोस्वामी द्वारा ध्रुपद गायन किया जाएगा। अंतिम कड़ी के रूप में जयपुर के अश्विन दलवी द्वारा सुरबहार का वादन किया जाएगा। यह आयोजन शाम पांच बजे से अयोध्या के प्रमोदवन स्थित श्री हनुमत विश्वकला संगीत आश्रम परिसर में होगा।

# श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर के पावन प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस का आयोजन अत्यंत भक्तिमय एवं भावविभोर वातावरण में संपन्न हुआ। बाल व्यास परम पूज्य राघवाचार्य जी महाराज के श्रीमुख से प्रवाहित अमृतवाणी ने समस्त श्रद्धालुओं के हृदय को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। इस दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं के साथ-साथ उनके अनन्य भक्तों—प्रह्लाद, द्रौपदी, सुदामा, गोपियों आदि की अद्वितीय भक्ति, अटूट श्रद्धा एवं पूर्ण समर्पण का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथाओं के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सच्ची भक्ति के आगे भगवान स्वयं अपने भक्तों के रक्षक बन जाते हैं।

भक्त प्रह्लाद की अडिग आस्था, द्रौपदी की पुकार पर भगवान का चीरहरण से संरक्षण, सुदामा की निष्काम मित्रता तथा गोपियों की अनन्य प्रेम-भक्ति का वर्णन सुनकर श्रोतागण भाव-विभोर हो उठे। पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं की आँखें कई बार भावुकता से नम हो गईं और वातावरण ह्लजय श्रीकृष्णह्व के जयघोष से गूंज उठा। कथा श्रवण के उपरांत सभी भक्तों ने स्वयं को अत्यंत धन्य और कृतार्थ अनुभव किया तथा माँ श्री बड़ी काली जी एवं भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस पावन आयोजन के निवेदक देवराज सिंह ने अधिकाधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी भक्तों, आयोजकों एवं सेवाभावी कार्यकताओं का आभार प्रकट किया। मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया की कथा के दौरान मंदिर व्यवस्था में मुख्य रूप से प्रबंधक देवराज सिंह मातृशक्ति सेविका आशा तिवारी माला गुप्ता शालनी लक्ष्मी पंडित शिवम पांडेय राहुल सारस्वत तुषार वर्मा निखिल मेघांश आदर्श महाराज पप्पू एवं अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# वंदे भारत स्लीपर में सिर्फ कंफर्म टिकट, वेटिंग व आरएसी का झंझट नहीं



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय रेल जल्द ही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की शुरूआत करने जा रही है। इस ट्रेन में सिर्फ कंफर्म टिकट ही बुक होंगे। रेलवे ने इस ट्रेन के लिए वेटिंग और आरएसी का झंझट खत्म करते हुए तय किराये की सूची जारी कर दी है। देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन 16 कोच वाली होगी। रेल मंत्रालय के अनुसार, 17 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। पहला रूट हावड़ा (कोलकाता) से गुवाहाटी (कामाख्या) होगा जो पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत को जोड़ेगा और तेज,आरामदायक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

महिला, दिव्यांग बुजुर्गों और रेल कर्मचारियों के लिए होगा कोटा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में भी अन्य ट्रेनों की तरह महिलाओं, दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोटा होगा। साथ ही रेलवे कर्मचारियों के लिए ड्यूटी पास कोटा भी होगा। ट्रेन इमरजेंसी टाक-बैक, सीसीटीवी और आधुनिक सैनिटेशन टेक्नोलॉजी जैसी सुविधाएं लैस होगी। टिकट रद होने की स्थिति में 24 घंटे के भीतर रिफंड प्रक्रिया शुरू करने के लिए डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता दी जाएगी। विंडो टिकट के मामलों में भी डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए हैं।

**हावड़ा से कामाख्या का छर्ड एसी का किराया 2,299 रुपये :** किराये की बात करें तो ये यह ट्रेन राजधानी एक्सप्रेस से थोड़ी महंगी होगी। हालांकि, थर्ड एसी का किराया राजधानी से कम रखा गया है। वंदे भारत स्लीपर में थर्ड एसी श्रेणी में हावड़ा से कामाख्या का किराया 2,299 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं, हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए 1,334 रुपये और हावड़ा से मालदा टाउन के लिए 960 रुपये किराया देना होगा। सेकेंड एसी श्रेणी में हावड़ा से कामाख्या का किराया 2,970 रुपये होगा। इसी श्रेणी में हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए 1,724 रुपये तथा हावड़ा से मालदा टाउन के लिए 1,240 रुपये किराया तय किया गया है। फर्स्ट एसी श्रेणी में हावड़ा से कामाख्या का किराया 3,640 रुपये होगा, जबकि हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए 2,113 रुपये और हावड़ा से मालदा टाउन के लिए 1,520 रुपये चुकाने होंगे। कामाख्या से मालदा टाउन के बीच थर्ड एसी श्रेणी में किराया 1,522 रुपये, सेकंड एसी श्रेणी में 1965 रुपये और फर्स्ट एसी श्रेणी में 2,409 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं, कामाख्या से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का किराया 962 रुपये, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 1243 रुपये और प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 1524 रुपये होगा। इसके अलावा यात्रियों को टिकट पर पांच प्रतिशत जीएसटी का भी भुगतान करना होगा। भारतीय रेल की इस प्रीमियम वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में किराया निर्धारण के लिए न्यूनतम दूरी 400 किलोमीटर तय की गई है।

**यात्रा के समय को लगभग 3 घंटे तक कम करेगी :** वंदे भारत ट्रेन अभी तक सिर्फ बैठकर यात्रा करने के लिए बनाई गई थी, लेकिन इस स्लीपर ट्रेन ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह ट्रेन लंबी दूरी की रात भर की यात्रा को न केवल आरामदायक बनाएगी, बल्कि यात्रा के समय को भी लगभग 3 घंटे तक कम करेगी। ऐसे में सभी के मन में सवाल है कि इसमें क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी और इसका किराया कितना होगा।

**टिकट बुकिंग के हैं सख्त नियम:** इस ट्रेन की सबसे बड़ी खासियत इसकी ट्रांसपेरेंट टिकटिंग सिस्टम है। रेलवे के अनुसार सिर्फ कंफर्म टिकट- इस ट्रेन में केवल कंफर्म टिकट ही जारी किए जाएंगे। वेटिंग लिस्ट नहीं होगी, जिससे यात्रियों को बर्थ शेयर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नो वीआईपी कोटा- इस ट्रेन में वीआईपी या इमरजेंसी कोटा की अनुमति नहीं होगी। यहां तक कि वरिष्ठ रेल अधिकारी भी पास का इस्तेमाल करके इसमें यात्रा नहीं कर पाएंगे। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन न केवल गुवाहाटी और कोलकाता के बीच की दूरी को कम करेगी, बल्कि भारतीय रेल में लग्जरी और सुरक्षा के एक नए युग की शुरूआत भी करेगी। डिजिटल-ओनली बुकिंग और फिक्स्ड बर्थ के साथ यह यात्रियों के लिए एक आरामदायक यात्रा की सुविधा देगी।

**अमृत भारत एक्सप्रेस का रेल यात्रियों में गजब का क्रेज, बुकिंग शुरू होते ही वेटिंगलिस्ट:** इंतजार की घड़ियां समाप्त हो गई हैं। धनबाद होकर चलने वाली हावड़ाझआनंदविहार अमृत भारत एक्सप्रेस के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू होते ही यात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। 22 जनवरी से शुरू होने वाली इस ट्रेन के पहले ही दिन की टिकटें वेटिंगलिस्ट में चली गईं, जिससे इसकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। अमृत भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जनवरी को करेंगे। गुरुवार से जैसे ही टिकटों की बुकिंग खुली, कुछ ही समय में सीटें भर गईं और वेटिंग शुरू हो गई। धनबाद से आनंदविहार तक इस ट्रेन का किराया 650 रुपये निर्धारित किया गया है। केवल स्लीपर और जनरल कोच के साथ संचालित होने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस का किराया अन्य मेल, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों की तुलना में 50 से 55 रुपये अधिक है। इसके बावजूद यात्रियों में इस नई ट्रेन को लेकर खासा आकर्षण देखा जा रहा है।

हालांकि, समय के लिहाज से यह हावड़ा से दिल्ली के बीच चलने वाली सबसे अधिक समय लेने वाली ट्रेन होगी। जहां अन्य ट्रेनें धनबाद से दिल्ली की दूरी साढ़े 15 घंटे से साढ़े 19 घंटे में तय कर लेती हैं, वहीं अमृत भारत एक्सप्रेस को इस दूरी को पूरा करने में 22 घंटे 45 मिनट लगेंगे। इस ट्रेन में जनरल कोटे को लेकर धनबाद के यात्रियों में निराशा भी है। धनबाद के लिए मात्र 20 जनरल टिकटों का कोटा तय किया गया है, जबकि हावड़ा के लिए 278 जनरल टिकट उपलब्ध कराए गए हैं। इसके बावजूद अमृत भारत एक्सप्रेस को लेकर यात्रियों में उत्साह बना हुआ है।

**वाराणसी का किराया और समय दोनों ज्यादा:** अमृत भारत से धनबाद से वाराणसी के लिए 305 रुपये चुकाना होगा। दूसरी ट्रेनों में 270 से 300 रुपये ही है। गंगा-सतलज से 7:30 घंटे, शब्दभेदी 7:05 घंटे तो हावड़ा-लालकुआं 7:00 घंटे में वाराणसी पहुंचती है। अमृत भारत 7:45 घंटे लेगी। लखनऊ के लिए 425 से 440 के बदले 460 रुपये चुकाना होगा।

## क्या है ट्रेन की खासियत

यह ट्रेन आधुनिक तकनीक और भारतीय संस्कृति का एक अनूठा संगम है। ट्रेन में कुल 16 कोच होंगे, जिनमें कुल 823 बर्थ की सुविधा दी गई है- 3 एसी कोच (11)- 611 बर्थ, 2 एसी कोच (4)- 188 बर्थ, 1 एसी कोच (1)- 24 बर्थ। ट्रेन के इंटीरियर को भारतीय संस्कृति से प्रेरित होकर डिजाइन किया गया है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए इसमें 'कवच' ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम, इमरजेंसी टॉक-बैक यूनिट और बेहतर सैनिटेशन के लिए कीटाणुनाशक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसकी अधिकतम गति 180 किमी/घंटा है, जबकि नियमित सेवा में यह 130 किमी/घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी।

**यात्रियों के लिए खास सुविधाएं**

- वंदे भारत स्लीपर को पारंपरिक ट्रेनों से अलग और प्रीमियम बनाने के लिए कई नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं।
- अपग्रेडेड बेडरोल- यात्रियों को हाई क्वालिटी वाले कंबल कवर और एडवांस्ड बेडरोल दिए जाएंगे।
- एर्गोनोमिक बर्थ- बेहतर कुशनिंग के साथ आरामदायक बर्थ और शोर कम करने वाली तकनीक।
- ऑटोमैटिक दरवाजे- कोच के बीच आसानी से आवाजाही के लिए ऑटोमैटिक स्लाइडिंग दरवाजे और वेस्टिब्यूल्स।
- खान-पान- यात्रा के दौरान यात्रियों को स्वादिष्ट स्थानीय व्यंजन परोसे जाएंगे और सभी ऑनबोर्ड स्टाफ निर्धारित यूनिफॉर्म में तैनात रहेंगे।

## श्रद्धालुओं को राहत, 12 ट्रेनों का प्रयागराज में अतिरिक्त ठहराव

**लखनऊ।** माघ मेला 2026 के दौरान प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने बड़ा निर्णय लिया है। भोपाल मंडल होकर संचालित 12 ट्रेनों को प्रयागराज रामबाग और झूसी स्टेशन पर 2 मिनट का अतिरिक्त ठहराव दिया गया है। यह सुविधा जनवरी-फरवरी 2026 में निर्धारित तिथियों पर लागू रहेगी।

**यात्रियों को चढ़ने-उतरने में सहूलियत:** रेलवे प्रशासन के मुताबिक, माघ मेले में बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को चढ़ने-उतरने में सहूलियत मिले और यात्रा अधिक सुगम हो सके। यह निर्णय लंबी दूरी की कई महत्वपूर्ण ट्रेनों पर लागू होगा, जिनसे मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्रयागराज पहुंचते हैं।

**अतिरिक्त ठहराव पाने वाली ट्रेनें**

- 11062 - जयनगरझलोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस
- 11061 - लोकमान्य तिलक टर्मिनसझजयनगर एक्सप्रेस
- 20934 - दानापुर-उधना एक्सप्रेस
- 20933 - उधना-दानापुर एक्सप्रेस
- 11034 - दरभंगा-पुणे एक्सप्रेस
- 11033 - पुणे-दरभंगा एक्सप्रेस
- 15559 - दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस
- 15560 - अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस
- 20962 - बनारस-उधना एक्सप्रेस
- 20961 - उधना-बनारस एक्सप्रेस
- 11037 - पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस
- 11038 - गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस

**रेलवे की यात्रियों से अपील:** रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की तिथि, समय और ठहराव की जानकारी आधिकारिक रेलवे वेबसाइट, ठळएर या नजदीकी रेलवे स्टेशन से जरूर जांच लें। माघ मेला 2026 के दौरान यह अतिरिक्त ठहराव व्यवस्था श्रद्धालुओं की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाने में मददगार साबित होगी।

## संगम स्नान के लिए ट्रेनों में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

**लखनऊ।** प्रयागराज में आगामी मकर संक्रांति पर होने वाले दूसरे बड़े स्नान पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों द्वारा प्रयागराज के लिए रवाना हुए। जिले के बाकी रेलवे स्टेशनों पर भी यात्रियों की भीड़ रही। यात्रियों की भीड़ के कारण ट्रेनों में चढ़ने व उतरने को लेकर धक्का-मुक्की की स्थिति भी उत्पन्न हुई। इसके चलते रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने भी स्टेशनों पर सतर्कता बढ़ा दी है। प्रयागराज में 3 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित हो रहे माघ मेले के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न स्नान पर्वों के लिए रेलवे ने पुख्ता इंतजाम किए हैं।



पहला स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर 3 जनवरी को संपन्न हो चुका है। आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर प्रमुख स्नान पर्व होंगे। इस दौरान भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए, रेलवे ने यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने और वापस लाने के लिए विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की गई है। इन स्पेशल ट्रेनों को आवश्यकतानुसार चलाया जाएगा। जिले के बछरावां, रायबरेली, ऊंचाहार, डलमऊ और लालगंज सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर मंगलवार को प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की भीड़ देखी गई। इस भीड़ को देखते हुए 13 कोच की एक स्पेशल ट्रेन तैयार कर लखनऊ के उतरेटिया स्टेशन पर खड़ी की गई है। जीआरपी प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्टेशनों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। ताकि सफर के दौरान यात्रियों को परेशानी न उठानी पड़ी।

## बीबीएयू में हुई पतंग उड़ान प्रतियोगिता

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में फ्लाई हाई, से नो टू रैगिंग विषय पर पतंग उड़ान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सद्भाव, सकारात्मकता और रैगिंग के खिलाफ जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के मुख्य तौर पर विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. राम चंद्रा, प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अमित सिंह, प्रो. नरेन्द्र कुमार एवं आयोजक डॉ. मनोज कुमार डडवाल उपस्थित रहे।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं और स्वास्थ्य शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देते हैं। उपस्थित अतिथियों ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि टीम ने अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। पूरे परिसर में विद्यार्थी पतंग उड़ाते हुए हर्षोल्लास के साथ आनंद लेते दिखाई दिए।

कार्यक्रम के दौरान सौहार्द, अनुशासन एवं सहयोग का सराहनीय और सुंदर उदाहरण देखने को मिला। समस्त कार्यक्रम के दौरान प्रो. एमपी सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ.सुनील गोरिया, डॉ. राजेश इक्का, डॉ. प्रणव आनन्द, डॉ.सुदर्शन चक्रधारी, डॉ.ओपी सैनी, अन्य शिक्षक, गैर शिक्षण कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सीएमएस शिक्षाविद् शैक्षिक यात्रा पर लंदन रवाना

**लखनऊ।** सीएमएस की शिक्षाविद् रीना सोटी, हेड, सीनियर सेक्शन रिफार्म एवं सुषमा राजकुमार, डीन, सीएमएस कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल करिकुलम, 8-दिवसीय फिक्की-एराइज शैक्षिक यात्रा पर शुक्रवार को लंदन रवाना हो गई। यह शैक्षिक यात्रा फेडरेशन ऑफ इण्डियन चैम्बर्स ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री (फिक्की) के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस शैक्षिक यात्रा के तहत सीएमएस शिक्षाविद् तीन दिवसीय बीईटीटी एजूकेशनल टेक्नोलॉजी कान्फ्रेन्स में प्रतिभाग करेंगी, जिसमें विश्व के विभिन्न देशों के शिक्षाविद् आधुनिक शिक्षा पद्धति पर चर्चा-परिचर्चा हेतु एकत्रित हो रहे हैं।

## बीएमसी का चुनाव परिणाम लोकतंत्र का उत्सव नहीं : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने शुक्रवार को बीएमसी चुनाव के परिणाम को लेकर तीखा बयान देते हुए कहा कि बीएमसी का चुनाव का परिणाम लोकतंत्र का उत्सव नहीं, बल्कि एक महामूर्ख व्यवस्था को वैध ठहराने की कवायद बन चुका है। 227 पार्षद चुने जाते हैं, महापौर चुना जाता है लेकिन न पार्षदों के पास सत्ता होती है और न महापौर के पास पूरी ताकत नौकरशाही के हाथों में कैद है।

उन्होंने कहा कि हालात इतने विडंबनापूर्ण हैं कि इससे बेहतर तो वह राजशाही व्यवस्था थी, जिसे अंग्रेजों ने बनाया था, जिसमें जिम्मेदारी तय थी और जवाबदेही स्पष्ट थी। दुर्भाग्य से वही औपनिवेशिक ढांचा आज भी ज्यों का त्यों चल रहा है, फर्क सिर्फ इतना है कि अब शासक बदल गए हैं, व्यवस्था नहीं।

सुनील सिंह ने कहा कि यह चुनाव जनहित का नहीं, बल्कि जनता को भ्रमित करने की प्रक्रिया है। 80 हजार करोड़ रुपये के बजट पर जनता का कोई नियंत्रण नहीं है। फैसले अधिकारी लेते हैं, राजनीतिक दल सत्ता का श्रेय लेते हैं और नुकसान आम मुंबईकर को झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि महापौर को केवल नाम का मुखिया बनाकर रख दिया गया है। पिछले वर्षों में मुंबई की बदहाली, इसी जवाबदेही-विहीन, सड़ी-गली व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने कहा है कि अब समय आ गया है कि जनता इस महामूर्ख व्यवस्था को पहचाने और इसे खारिज करें।

## इस्कॉन मंदिर में आज से गीता रसामृतम का होगा गुणगान




**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) की ओर से दो दिवसीय गीता रसामृतम श्रीमद भगवत गीता ज्ञान महोत्सव का भव्य आयोजन अंसल सुशांत गोल्फ सिटी के विंट क्लब में किया जा रहा है। शनिवार और रविवार को होने वाले आयोजन के बारे में इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम ने हजरतगंज प्रेस क्लब में जानकारी साझा की। अध्यक्ष अपरिमेय श्याम ने बताया कि गीता रसामृतम कार्यक्रम के तहत दिव्य हरिनाम संकीर्तन शाम चार बजे से होगा। पौने पांच बजे से मुकुंदा रॉक बैंड की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। शाम को पौने छह बजे से गीता प्रवचन श्रीमद् भगवत गीता के गूढ़ रहस्यों को बहुत ही सरलतम शब्दों में श्रद्धालुओं के सामने परिभाषित किया जाएगा। इसमें आनंद की खोज, सुखी जीवन का रहस्य, भगवान से हमारा संबंध क्या है, शुभ व अशुभ कर्म क्या है, अच्छे लोगों के साथ बुरा क्यों होता है, सर्वोत्तम योग पद्धति आदि के बारे में बताया जाएगा। इसके बाद शाम पौने सात बजे से इस्कॉन गर्ल्स फोरम की ओर से नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी। शाम सात बजे से भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। शुक्रवार को हुई प्रेसवार्ता में मंदिर निर्माण कमेटी के चेयरमैन आनंद स्वरूप अग्रवाल, उपाध्यक्ष भोक्ताराम, पीआरओ देव रक्षक, रास मनोहर, अमृत नाम, अजीत हरि आदि मौजूद रहे।

## राजा देह नहीं, धर्म होता है...

- रामकृष्ण मठ में श्री रामकथा का सप्तम दिवस सम्पन्न

**लखनऊ।** रामकृष्ण मठ के प्रेक्षागृह में आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ एवं अन्तिम दिवस की कथा में युग तुलसी श्रीराम किंकर जी महाराज के पट्ट शिष्य उमाशंकर व्यास ने कहा कि जब-जब धर्म पृथ्वी पर अपने आदर्श स्वरूप में अवतरित हुआ, तब-तब उसके संरक्षण के लिए कुछ ऐसे दिव्य आत्माएं प्रकट हुईं, जिन्होंने मौन रहकर इतिहास की दिशा बदल दी। श्री भरत जी ऐसी ही एक तपस्वी आत्मा थे, जिनके त्याग ने श्री रामचंद्र जी के राम-राज्य को स्थायित्व प्रदान किया।

श्री भरत जी का जीवन सत्ता का नहीं, साधना का प्रतीक था। जिस सिंहासन को संसार लालसा से देखता है, उसे उन्होंने प्रभु-चरणों में अर्पित कर दिया। श्री रामचंद्र जी की पावन पादुकाओं को राज सिंहासन पर विराजमान कर, उन्होंने यह उद्घोष किया कि राजा देह नहीं, धर्म होता है और शासन अधिकार नहीं, भक्ति है। वनवास काल में जब मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी लोक-कल्याण के लिए वनों में विचरण कर रहे थे, तब अयोध्या में श्री भरत जी ने स्वयं को राजभोग से अलग कर तप और संयम का जीवन अपनाया। वे राज्य के शासक नहीं, राम-नाम के सेवक बनकर रहे।

राम-राज्य की सुदृढ़ नींव शस्त्रों से नहीं, बल्कि श्री भरत जी के वैराग्य, श्रद्धा और आत्मसमर्पण से निर्मित हुई। वे उस मौन दीप की भाँति थे, जिसकी लौ स्वयं दिखाई नहीं देती, किंतु समूचे कक्ष को प्रकाश से भर देती है। श्री भरत जी का आदर्श आज भी मानवता को यह सिखाता है कि सच्ची महानता त्याग में है, सच्चा वैभव विनय में है, और सच्चा राजत्व प्रभु-भक्ति में निहित है। श्री व्यासजी ने कहा कि श्री भरत जी केवल राम के अनुज नहीं थे, वे राम-राज्य की आध्यात्मिक चेतना और अमर आधार थे। प्रवचन के बाद रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने श्री व्यास जी को माला व अंग वस्त्र पहनाकर, फलो की टोकरी, प्रसाद, स्वामी विवेकानन्द की पुस्तक, कैलेन्डर प्रदान करके सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द महाराज ने किया तथा उपस्थित भक्तगणों के बीच प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## जयंत चौधरी के नेतृत्व में यूपी पंचायत चुनाव की रणनीति तय

- रालोद पंचायत चुनाव समन्वय समिति की दिल्ली में अहम बैठक
- संगठन को बूथ से गांव तक मजबूत करने का आह्वान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद की उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के कैंप कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता स्वयं चौधरी जयंत सिंह ने की, जिसमें उन्होंने समिति द्वारा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव 2026 को लेकर व्यापक रणनीति और कार्ययोजना तय की।

इस अवसर पर चौधरी जयंत सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रालोद पंचायत चुनाव 2026 को पूरी गंभीरता और पूरी ताकत के साथ लड़ेगा और गांव-गांव तक संगठन की मजबूत मौजूदगी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने महिलाओं और युवाओं की भागीदारी को पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर बदलाव की असली ताकत यही वर्ग हैं। बैठक में उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव समिति के संयोजक डॉ. कुलदीप उज्ज्वल सहित समिति के सदस्य हवलदार यादव (बनारस), विकास कादियान (मुजफ्फरनगर), ठाकुर संतोष सिंह (भदोही) एवं रोहित प्रताप (मथुरा) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समिति को निर्देश दिया कि संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क अभियान और गांव-गांव तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव केवल चुनाव नहीं, बल्कि किसान, महिला और युवा सशक्तिकरण की लड़ाई है। बैठक में यह भी तय हुआ कि राष्ट्रीय लोकदल पंचायत चुनाव को एक जनआंदोलन का रूप देगा और जमीनी स्तर पर मजबूत तैयारी के साथ मैदान में उतरेगा। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में और संगठित रणनीति के बल पर रालोद उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव 2026 में ऐतिहासिक सफलता हासिल करेगा।

## नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जुड़ें युवा : प्रो. मंजुला




**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर सविष्कार अवध प्रांत, लखनऊ महानगर द्वारा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) स्थित इनोवेशन हब, उत्तर प्रदेश में एक शैक्षणिक भ्रमण एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रांत प्रवासी एवं प्रांत उपाध्यक्ष प्रो. मंजुला उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और नवाचार के माध्यम से ही राष्ट्र निर्माण को नई दिशा दी जा सकती है। इस अवसर पर इनोवेशन हब उत्तर प्रदेश के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महिप सिंह ने इनोवेशन हब की कार्यप्रणाली, स्टार्टअप इकोसिस्टम तथा युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सविष्कार अवध प्रांत संयोजक अंकुर अवस्थी, सविष्कार लखनऊ महानगर प्रमुख डॉ. निधि सिंह एवं श्री राम एकेडमी के प्राध्यापक श्याम सुंदर तिवारी की उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने छात्रों एवं युवाओं को उद्यमिता, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को स्टार्टअप, इनोवेशन एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं नवाचार के संकल्प के साथ हुआ।

## यूपी को देश का खाद्य प्रसंस्करण हब बनाना है : केशव प्रसाद मौर्य

- तीन दिवसीय इण्डिया फूड एक्सपो में उप मुख्यमंत्री ने इण्डस्ट्रियल डायरेक्ट्री का किय विमोचन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश का खाद्य प्रसंस्करण हब बनाना है। युवा और उद्यमी इण्डिया फूड एक्स्पो -2026 का लाभ उठायें। उत्तर प्रदेश की खाद्य प्रसंस्करण पालिसी देश की सबसे अच्छी पालिसी है। विकसित भारत के प्रधानमंत्री के विजन को हर हाल मे पूरा करना है। इसके लिए हम सबको संकल्पबद्ध होकर काम करना है। केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को रिगेलिया ग्रीन्स (निकट 1090 चौराहा) गोमती नगर मे आयोजित तीन दिवसीय इण्डिया फूड एक्सपो एवं सेमिनार को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होने एक्सपो व प्रदर्शनी का उद्घाटन किया व प्रदर्शनी को देखा।

उप मुख्यमंत्री ने इण्डस्ट्रियल डायरेक्ट्री का विमोचन भी किया गया। सेमिनार में पीएमएफएमई योजना के उत्कृष्ट कार्यो के लिए डीआरपी, बैंकर्स, उद्यमियों व लाभार्थियों को उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किये। पांच उद्यमियों को एलओसी व सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किये गये। सेमिनार को सम्बोधित करते हुए मौर्य ने कहा कि देश की देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है। उत्पादन, तकनीक, ब्रांडिंग और उपभोक्ताओ के जरिए किसानों की भी आमदनी बढ़ाना है और भारत को दुनिया की एक नम्बर की अर्थव्यवस्था बनना है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त है। भारत दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनने की ओर अग्रसर है। युवाओं, उद्यमियो, किसानो की दृष्टि से यह बहुत अच्छा अवसर है। उत्तर प्रदेश मे खाद्य प्रसंकरण नीति में महिलाओं को उद्यम लगाने मे विशेष सुविधाएं दिये जाने का प्राविधान किया गया है, महिलाओं द्वारा उद्यम लगाने पर सोलर ऊर्जा से जोड़ने पर 90 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है।

स्थानीय उत्पादों की क्वालिटी को बेहतर बनाते हुए, समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री के विपणन को और अधिक बढ़ाना है। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे उत्तर प्रदेश मे अपार संभावनायें हैं। फूड एक्स्पो में सभी लोग खाद्य प्रसंस्करण उद्यमो को बढ़ावा देने की चर्चा करे, सरकार से जो अपेक्षायें हो, उनके बारे मे सभी लोगों के साथ बैठकर विचार किया जायेगा। सरकार उद्यमियो के साथ हर मोड़ पर खड़ी है और हर प्रकार का सहयोग करती रही है और आगे भी करती रहेगी।सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश को फूड प्रोसेसिंग हब के रूप में स्थापित किया जाए। किसान, युवा, महिला समूह और उद्यमी–सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है।

इंडिया फूड एक्स्पो निवेश, नवाचार और रोजगार के नए अवसरों का द्वार खोलेगा। प्रदेश सरकार हर निवेशक और उद्यमी के साथ मजबूती से खड़ी है। उद्योग नीति-2023 खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और उद्योग के बीच मजबूत सेतु का कार्य कर रही है। उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 को निवेशकों के अनुकूल बनाया गया है।

भूमि खरीद, स्टाम्प शुल्क, मंडी शुल्क, बाह्य विकास शुल्क एवं भूमि उपयोग परिवर्तन में व्यापक छूट है। संयंत्र, मशीनरी व तकनीकी सिविल कार्यों पर 35% तक पूंजीगत सब्सिडी दी जा रही है। कोल्ड चेन, वैल्यू एडिशन, रीफर वाहन, सोलर ऊर्जा एवं निर्यात परिवहन पर विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सेमिनार को सम्बोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीना ने उत्तर प्रदेश मे खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे किये गये उल्लेखनीय कार्यो व खाद्य प्रसंस्करण पालिसी के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

सेमिनार को इण्डियन इण्स्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल व अन्य उद्यमियो के सम्बोधित किया। इस अवसर पर विधायक नीरज बोरा, खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक टीके शीबू के अलावा उद्यमी संदीप बंशल, अवधेश अग्रवाल, चेतनदेव भल्ला, सूर्य प्रकाश, विकास खन्ना, प्रशांत भाटिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## गरीब मरीजों को दिये गये कम्बल



**लखनऊ।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर संस्था श्रीमती रवि चावला कैंसर सेवा केंद्र के द्वारा और नोबलेरी सोसाइटी के माध्यम से विवेकानंद हॉस्पिटल के सेक्रेटरी और रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद महाराज को गरीब मरीजों के लिए इस सर्दी से राहत देने के लिए कंबल सौंप गए।

संक्षेप

## बूथों पर मतदाता सूची की वाचन काल

देवरिया । अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम नारायण सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 18 जनवरी 2026 को समस्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर संबंधित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाएंगे उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का वाचन प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.30 बजे तक किया जाएगा।इस अवसर पर बीएलओ द्वारा दिनांक 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली, गणना अवधि के अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों से संबंधित सूचियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

# सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर कम रैंकिंग वाले विभागों की एक-एक कर गहन समीक्षा की गई। इनमें प्रमुख रूप से पीएम सूर्यघर योजना, आईसीडीएस, एनआरएलएम, जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी,

**● खराब प्रदर्शन पर जिलाधिकारी सख्त**

विभिन्न विभागों द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री युवा कल्याण योजना, नई सड़कों का निर्माण सहित अन्य विभाग सम्मिलित रहे जिलाधिकारी ने प्रत्येक विभाग से अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर वास्तविक स्थिति की समीक्षा की। पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत जनपद को प्राप्त 1600 के लक्ष्य के सापेक्ष अत्यंत न्यून प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं समयबद्ध निर्देश देते हुए कहा कि जनवरी माह में 500 तथा फरवरी माह में 500 लाभार्थियों को योजना से आच्छादित करते हुए लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि योजना के प्रचार-प्रसार एवं लाभार्थियों की पहचान हेतु जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर विशेष अभियान चलाया जाए।

जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी की समीक्षा अंतर्गत विकास खण्डवार प्रगति रिपोर्ट लेने उपरांत विगत 15 दिनों से शून्य प्रगति पर चार खण्ड विकास अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि यदि अगले शुक्रवार की समीक्षा बैठक तक लक्ष्य पूर्ति नही होती है तो शो काल नोटिस दी जायेगी। उन्होंने कहा कि आईसीडीएस, एनआरएलएम एवं जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं सीधे तौर पर आमजन से जुड़ी हैं, अतः इनमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने फैमिली आईडी एवं छात्रवृत्ति




योजनाओं की धीमी प्रगति पर भी संबंधित विभागों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर समय से डाटा अपलोड सुनिश्चित किया जाए। नई सड़कों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष जोर दिया तथा निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराए जाएं।मुख्यमंत्री युवा कल्याण योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सक्रिय प्रयास करने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिकारी गण सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में लग कर सुधार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाई जाए।लापरवाही, उदासीनता अथवा गलत रिपोर्टिंग किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए, जिससे जनपद कुशीनगर सीएम डैशबोर्ड पर बेहतर रैंकिंग प्राप्त कर सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, उप कृषि निदेशक, डीपीआरओ, सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय एवं खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## 24 से 26 जनवरी तक यूपी दिवस आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक

**कुशीनगर।** आगामी 24 जनवरी से 26 जनवरी, 2026 तक मनाए जाने वाले यूपी दिवस के सफल आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में यूपी दिवस के दौरान प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों, सांस्कृतिक आयोजनों, विभागीय स्टॉलों, प्रदर्शनी, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रमों को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि यूपी दिवस शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से प्रदेश की उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जाना है। अतः सभी विभाग निर्धारित दायित्वों का समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करें।

जिलाधकारी ने इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी सम्बन्धित विभागों को आदेश जारी कर आयोजन स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु दिशा-निर्देश भी दिए।

## मतदाता सूची में नाम जोड़नेझहटाने का अभियान जारी

**देवरिया।** मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किए जाने की प्रक्रिया 6 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक जारी रहेगी। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम नारायण सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण किया जा रहा है।इस दौरान ऐसे युवा, जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। वहीं अब तक नाम दर्ज न करा सके पात्र नागरिक फार्म-6 भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास जमा कर सकते हैं।पुनरीक्षण अवधि में नाम जोड़ने के लिए फार्म-6, नाम हटाने के लिए फार्म-7, नाम, आयु, लिंग, फोटो अथवा निवास स्थान में संशोधन के लिए फार्म-8 तथा एनआरआई मतदाताओं के लिए फार्म-6ए का प्रयोग किया जाएगा। सभी फार्म संबंधित बीएलओ के पास उपलब्ध रहेंगे।उन्होंने बताया कि आवेदन ऑनलाइन भी किया जा सकता है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अथवा श्‍ङ्कश्ी१ ली’स्र्’ल्ली अस्र्स्र का उपयोग किया जा सकता है। दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के लिए आयोग द्वारा चार विशेष अभियान तिथियां निर्धारित की गई हैं।इनमें 17 और 18 जनवरी तथा 31 जनवरी और 1 फरवरी 2026 शामिल हैं।इन तिथियों पर सभी बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी एवं पदाभिहित अधिकारी प्रातः 10.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक उपस्थित रहेंगे।

## हस्तशिल्प प्रदर्शनी में क्रोशिया उत्पाद ग्राहकों की बनी पहली पसंद



**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित बिरला धर्मशाला में आयोजित 10 दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी में क्रोशिया उत्पाद ग्राहकों की पहली पसंद बनी हुई है।जिसकी खरीदारी और जानकारी को लेकर भीड़ उमड़ रही है।

प्रदर्शनी के नौवें दिन शुक्रवार को जैसे ही धूप निकली वैसे ही महिलाएं, बच्चियां और उनके अभिभावक पहुंचे और क्रोशिया उत्पाद के आकर्षक डिजाइन की गुणवत्ता, कला, सजावट, कपड़ों और धागों से बनाई जाने वाली कला की जानकारी ली और खरीदारी की। स्टॉल संचालिका एवं हस्तशिल्पी बबिता ने बताया कि क्रोशिया एक महत्वपूर्ण हस्तकला है। इसमें कारीगरों की मेहनत और रचनात्मकता साफ झलकती है। हस्तशिल्प प्रदर्शनी भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा प्रायोजित किया गया है। भारीतय राष्ट्रीय समाज पार्टी के देवरिया जिला के ब्राह्मण इकाई के जिला अध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेवी पंडित अतुल पाण्डेय, नवीन , सरफराज ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और हस्त शिल्प की प्रशंसा की।प्रदर्शनी के निदेशक देश दीपक दूबे ने बताया कि हस्त शिल्प और क्रोएशिया से जुड़े 500 क्लस्टर जुड़े हुए हैं जिन्हें तकनीकी और टूल कीट सहायता उपलब्ध कराई जाती है।प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में सहायक साबित हो रहा है।

## किसानों के लिए उर्द एवं मूंग के निःशुल्क बीज प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सुबेदार यादव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित निःशुल्क दलहन/तिलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत जायद 2026 में दलहनी फसलों उर्द एवं मूंग के बीज मिनीकिट व गन्ना उत्पादक कृषकों को निःशुल्क उर्द एवं मूंग बीज उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। बसंतकालीन गन्ना की खेती करने वाले ऐसे कृषक जो जायद-2026 में गन्ने की फसल के साथ उर्द अथवा मूंग की अन्तः फसली खेती करने हेतु इच्छुक हैं उन्हें अधिकतम एक हेक्टेयर हेतु अधिकतम 20 कि.ग्रा. निःशुल्क बीज प्राप्त करने के लिए कृषि दर्शन-2 पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर 20 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से बुकिंग/आवेदन करना होगा।जिला कृषि अधिकारी डॉ. यादव ने बताया कि आवेदन के आधार पर ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से चयनित कृषकों को कृषि विभाग के ब्लाक स्तरीय राजकीय कृषि बीज भण्डार से बीज का वितरण किया जायेगा।

# बाराबंकी टोल प्लाजा कांड की अधिवक्ताओं ने की निंदा

**कसया, कुशीनगर।** अधिवक्ता एसोसिएशन कसया कुशीनगर ने शुक्रवार को बैठक कर बाराबंकी में अधिवक्ताओं के साथ टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा की गई बर्बरता की निंदा करते हुए कड़ी कार्यवाही और अधिवक्ताओं को टोल टैक्स से मुक्ति की मांग करते हुए एसडीएम कसया को आठ सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपा गया।



तहसील परिसर में तहसील बार की हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह और अधिवक्ताओं ने बाराबंकी टोल प्लाजा पर अधिवक्ता रत्नेश शुक्ल और अधिवक्ताओं के साथ कर्मचारियों द्वारा की गई बर्बरता की निंदा करते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। अपने दिए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने टोल प्लाजा पर कर्मचारियों की बर्बरता के समय मुक्त दर्शक बनी पुलिस की जांच कराते हुए मुकदमा दर्ज करने, कांड की न्यायिक जांच कराने, अधिवक्ताओं की सुरक्षा करने, सुरक्षा को लेकर उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने, अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने, एनएचआई की आए दिन लापरवाही के चलते होने वाली दुर्घटनाओं के आलोक में उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए प्रत्येक घायल को पचास लाख का मुआवजा उपलब्ध कराया जाय। उपरोक्त बिंदुओं पर एक सप्ताह में कोई करवाई नहीं होती है तो संघ बार काउन्सिल ऑफ इंडिया और बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के निर्देशानुसार बड़े आंदोलन को बाध्य होगा। संचालन महामंत्री संजय कुमार वर्मा ने किया। इस दौरा पूर्व अध्यक्ष गन्धर्व मणि त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष फूलचन्द याद, वरिष्ठ अधिवक्ता उपेन्द्र तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, पूर्व मंत्री विजय कुमार सिंह, आशुतोष कुमार यादव, अजय कुमार यादव सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## भागवत ज्ञान यज्ञ 8 मार्च से देवड़ी में बैठक सम्पन्न होगी

**देवरिया।** श्री चंद्रेश्वर महादेव धाम ट्रस्ट, देवड़ी जिला देवरिया के तत्वावधान में आगामी 08 मार्च से 16 मार्च2026तक मधुमास श्रीमद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ का आयोजन श्री चंद्रेश्वर महादेव धाम पर होने जा रहा है।आयोजन समिति की बैठक श्री चंद्रेश्वर महादेव मंदिर परिषर, देवड़ी में हुई जिसमें पंडित अक्षयवर मिश्रा सहित दर्जन भर से अधिक लोगों ने भाग लिया।पंडित विवेकानंद मिश्रा, बिरेंद्र मिश्रा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा व्यास, श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री जी, श्री ठाकुर जी महाराज वृन्दावन धाम ने अपने मुखारविंद से श्री मद्भागवत कथा श्रवण कराने की सहमति प्रदान कर दी है।कार्यक्रम की सफलता हेतु कथा स्थल पर पर्याप्त भूमि, पांडाल आदि की समुचित व्यवस्था किए जाने हेतु विचार, विमर्श किया गया।कार्यक्रम के दौरान पतंजलि योग पीठ के बाबा रामदेव जी सहित अन्य वी वी आई पी लोगो के पधारने की भी संभावना आयोजकों ने व्यक्त की है।

## ढाढा चीनी मिलों ने 4 जनवरी तक किया6.77 करोड़ का गन्ना भुगवान

कुशीनगर। अवध चीनी मिल ढाढा हाटा द्वारा चार 4 जनवरी तक 6.77 करोड़ रुपए 4 गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया है।

यह जानकारी उपाध्यक्ष गन्ना रविंद्र सिंह द्वारा बकनहा शिव मंदिर में चौपाल कार्यक्रम में कृषकों को दी। उन्होंने बताया कि 40.73 लाख कुंतल गन्ने की पेराई अब तक हुई है।कसया गन्ना समिति के अध्यक्ष सतीश मणि त्रिपाठी ने बताया गया कि 6.77 करोड़ रुपए 4 जनवरी तक कसया समिति के कृषकों को भुगतान प्राप्त हुआ है तथा पडरौना गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश गुप्ता ने पूछा कि गन्ना विकास के लिए बसंत कालीन गन्ना बुवाई पर चीनी मिल का क्या योगदान है? इस प्रश्न के उत्तर में अधिशासी उपाध्यक्ष गन्ना रविंद्र सिंह ने बताया कि भूमि उपचार के लिए ट्राईकोडर्मा तथा बीज उपचार के लिए फफूंदनाशक, जैविक पोटाश, गन्ना बुवाई गुड़ाई के लिए कृषि यन्त्र, बीज गन्ना कृषकों के खेतों पर आरक्षित किया जा रहा है, उस पर भी अनुदान दिया जा रहा है। पूर्व सहायक निदेशक गन्ना विशेषज्ञ ओमप्रकाश गुप्ता ने गन्ने की अधिक उपज देने वाली प्रजातियां को 0118, 15023, कोश 13235, चार फुट की दूरी पर गन्ना बोने का सुझाव दिया।

किसान दो पंक्ति के बीच खाली स्थान पर प्याज, भिन्डी, लोबिया, लौकी, मूंग आदि बोने का सुझाव दिया। अधिशासी उपाध्यक्ष ने साखोपार, शामपुर, अर्जुनहा, साड़ी क्षेत्र का भ्रमण किया तथा किसानों से विचार विमर्श किया। ग्राम बरवा के किसान दारोगा सिंह, मैनेजर सिंह ने बताया कि गन्ने की खेती में लगात बढ़ गया है, मजदूर नहीं मिल रहे हैं। वरिष्ठ गन्ना अधिकारी दीपक तिवारी ने बताया कि कसया क्षेत्र में उन्नतशील प्रजाति का बीज आरक्षित किया जा रहा है जो किसानों को बुवाई के लिए दिया जायेगा।

# प्रतिरोध दिवस के अवसर पर किसान सभा ने की कर्ज माफी की मांग

**कुशीनगर।** जिले कसया तहसील परिसर में शुक्रवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की घटक उत्तर प्रदेश किसान सभा कुशीनगर इकाई ने किसान-मजदूरों के हितों के खिलाफ लागू की जा रही नीतियों के विरोध में प्रतिरोध दिवस मनाया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ संतराज सिंह को सौंपा।शुक्रवार को राज्य कौंसिल सदस्य अयोध्या लाल कामरेड श्रीवास्तव के नेतृत्व में किसान सभा के पदाधिकारी तहसील कार्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसान सभा ने मांग किया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही कॉरपोरेट समर्थक कृषि-मजदूर नीतियां किसानों और खेत मजदूरों के लिए घातक सिद्ध हो रही हैं। वर्ष 2020-21 में लागू काले कृषि कानूनों के विरोध में देशभर में चले आंदोलन के दौरान लगभग 700 किसानों की शहादत हुई, लेकिन 9 दिसंबर 2021




को कानून वापस लेने की घोषणा के बावजूद किसानों से किए गए वादे आज तक पूरे नहीं किए गए। किसान सभा ने सरकार से प्रमुख मांगें करते हुए कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानूनी गारंटी दी जाए, किसानों- मजदूरों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए, नीलगाय एवं छुट्टा जानवरों से फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और बीज विधयक 2025 को पूर्णतः वापस लिया जाए। इसके साथ ही निजीकरण एवं स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला रद्द करने, 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने, चार श्रम संहिताओं को रद्द कर पुराना श्रम कानून लागू करने, मनरेगा में 200 दिन का रोजगार सुनिश्चित करने और 60 वर्ष से ऊपर सभी लोगों को 10 हजार रुपये मासिक पेंशन देने की मांग की गई। किसान सभा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसानों- मजदूरों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश किसान सभा के अध्यक्ष जवाहर शर्मा, सदस्य राज्य कमेटी मो इद्रीश, बी पी गुप्ता, रामनरेश यादव, राजेंद्र सिंह, कैलाश गिरी आदि मौजूद रहे।

## औद्यानिक विकास योजना हेतु 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं कृषक

बहराइच 16 जनवरी। कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु उद्यान विभाग द्वारा संचालित राज्य औद्यानिक विकास योजना (राज्य सेक्टर) अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित कार्यक्रमों अन्तर्गत फल क्षेत्र विस्तार, शाकभाजी क्षेत्र, मसाला बीज उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट, मौनवंश, इको फ्रेंडली लाइट ट्रैप, लो-कास्ट मशरूम उत्पादन इकाई स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

अधिक जानकारी के लिए इच्छुक कृषक जिला उद्यान अधिकारी बहराइच के कार्यालय अथवा योजना प्रभारी पंकज वर्मा के मो.न. 9455108000 पर सम्पक कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम से 31 जनवरी 2026 तक पंजीकरण कर सकते हैं।

## ग्रापए के जिला संगठन मंत्री अवधनारायण मिश्र के आकस्मिक निधन से पत्रकारों में शोक की लहर

**देवरिया।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला संगठन मंत्री पत्रकार अवध नारायण मिश्र के आकस्मिक निधन से जिले के पत्रकारों में शोक व्याप्त हो गया।धरमेर भागलपुर निवासी अवधनारायण मिश्र की आज सुबह हृदयघात से मेडिकल कॉलेज देवरिया में निधन हो गया।इसकी सूचना मिलते ही पूरे जिले के पत्रकारों में शोक व्याप्त हो गया और बड़ी संख्या में पत्रक उनके पैतृक गांव पहुचकर छोटे भाई जागरण के पत्रकार श्यामनारायण मिश्र तथा परिजनों को ढाढ़स बधाया। आज भागलपुर में सरयू नदी तट पर उनके अंतिम संस्कार में भारी भीड़ उपस्थित होकर अश्रुपूरित अंतिम विदाई दी। बड़े बेटे राजू ने मुखाग्नि दिया।इस अवसर पर ग्रा प ए के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पौहारी शरण राय, वरिष्ठ, पत्रकार महेंद्र त्रिपाठ सहित के पी गुप्ता, रत्नेश यादव, राकेश यादव, जितेंद्र पांडेय, रामनव सिंह, विजय प्रताप सिंह, योगेश तिवारी, प्रभात कुमार श्रीवास्तव, विपिन जायसवाल, रामू यादव, सन्तोष सिंह पूर्व विधायक काली प्रसाद, भाजपा नेता गुड्डन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवम क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आरम्भ



**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के बनकटाशिव सल्लहपुर में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ विग्रह प्राण प्रतिष्ठा का आयोजित वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर आरम्भ किया गया।यज्ञ के प्रथम चरण में यज्ञ के पवित्र ध्वज स्थापना एवं भूमिपूजन कार्य संपन्न हुआ जिसमें मुख्य यज्ञाचार्य श्री रंगनाथ त्रिपाठी एवं यजमान डॉ0 नंदकिशोर तिवारी जी सपत्नीक, यज्ञ के आयोजक श्री प्रभात कुमार राय के कर कमलों से बौद्धिक मंत्रोचार्य के द्वारा कराया गया इस पवित्र आध्यात्मिक आयोजन में प्रमुख रूप से महोत्सव में 15 फरवरी से 21 फरवरी तक होने वाले अमृतमयी श्रीमद् भागवत कथा का वाचन कथा व्यास पूज्या लक्ष्मी प्रिया जी करेंगी एवं भजन संध्या में श्री राजीव सिंह जी भागलपुर बिहार, श्रीमती स्वाति मिश्रा जी मुंबई महाराष्ट्र, श्री सुधारी व्यास जी इंदौर माध्यप्रदेश, श्री ध्रुव शर्मा जी व स्वर्ण श्री जी वृंदावन मथुरा, कुमार सत्यम जी मुंबई महाराष्ट्र, एवं सुश्री करीना पाण्डेय जी एवं सुश्री शोविता पाण्डेय जी पटना बिहार से आ रही है।ध्वज स्थापना भूमि पूजन के इस पावन अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिकगण, श्री उमाशंकर राय (समाजसेवी), श्री राजेश राय, श्री नीलेश्वर राय, डॉ0 सुदामा यादव, डॉ0 इंद्रदेव राय, डॉ0 राजेश्वर शाही, डॉ0 अमित राय, ई0 जितेंद्र यादव, श्री पप्पू पाण्डेय, छोटू तिवारी, विद्यासागर यादव सहित भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# मेहा ने मऊ को 2- 0 से दी शिकस्त

**देवरिया।** बैतालपुर नगर पंचायत स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के खेल मैदान पर शुक्रवार को स्वर्गीय हरिवंश मणि स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला मेहा और मऊ की टीमों के बीच खेला गया। कड़े संघर्ष और रोमांच से भरपूर इस

**● हरिवंश मणि स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला**



मुकाबले में मेहा की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मऊ को 2झ0 से पराजित कर जीत दर्ज की।मैच का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बैतालपुर सरिता प्रकाश पासवान एवं विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत खंड शिक्षा अधिकारी धनेश मणि त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से खेल भावना बनाए रखने और अनुशासन के साथ खेलने का आह्वान किया। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। मऊ और मेहा की टीमें एक-दूसरे के गोल पोस्ट पर लगातार दबाव बनाती रहीं, लेकिन मजबूत रक्षा पंक्ति और गोलकीपरों की सतर्कता के कारण पहले हाफ में कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। पहले हाफ की समाप्ति 0झ0 की बराबरी पर हुई। दूसरे हाफ में मेहा की टीम ने खेल की रफ्तार तेज कर दी। खेल के 25वें मिनट में मेहा टीम के खिलाड़ी देव कुमार ने कॉर्नर से आई गेंद को सटीक हेडर के जरिए गोल पोस्ट में पहुंचाकर अपनी टीम को 1झ0 की बढ़त दिलाई। इस गोल के बाद मेहा टीम का मनोबल और मजबूत हो गया।मैच के अंतिम चरण में मऊ की टीम ने बराबरी के लिए प्रयास तेज किए, लेकिन मेहा की सशक्त रक्षा पंक्ति ने उनके हर हमले को विफल कर दिया। खेल समाप्त होने से करीब 7 मिनट पहले मेहा टीम के शकील अहमद ने शानदार मैदानी गोल दागकर स्कोर 2झ0 कर दिया और अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। मैच के निर्णायक मंडल में क्रीड़ा भारती कोऑर्डिनेटर श्रीराम यादव, आशा खातून, हीरा निषाद, पिंकी अमरचंद मैराडोना एवं राजकुमार मद्धेशिया शामिल रहे। कमेंट्री अब्दुल रब ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन अमित मणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर आयोजक मंडल के सुयश मणि त्रिपाठी, अजय कुमार त्रिपाठी, धनेश मणि त्रिपाठी, संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट, सभदिलीप कुमार, टुन्नू मल्ल, विनय शर्मा, रवि सिंह, अनूप बरनवाल, गोवर्धन चौहान, आकाश पांडेय, टिंकू दुबे, सनी प्रजापति, सनी पासवान आदि उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल उपाध्याय को 38वीं पुण्यतिथि मनी

**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर विकासखंड के जौरा बाजार में पंडित मंगल उपाध्याय पब्लिक स्कूल में प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय मंगल उपाध्याय की 38 वीं पुण्यतिथि पर विशिष्ट जनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में स्व. मंगल उपाध्याय के पौत्र एवं स्वतंत्रता सेनानी आश्रित संगठन के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र उर्फ ईंदू उपाध्याय ने कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले अमर सेनानियों



ने अपने जीवन की परवाह किए बिना असहनीय यातनाएं सहन कीं। ऐसे महापुरुषों की सोच के अनुरूप राष्ट्र का निर्माण ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए नए भारत के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। स्व. मंगल उपाध्याय के प्रपौत्र एवं विद्यालय के निदेशक आलोक चंद्र उपाध्याय ने कहा कि परिवार द्वारा निरंतर आयोजित किए जा रहे ऐसे कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को जीवंत बनाए रखने का कार्य कर रहे हैं। इससे आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान की प्रेरणा मिलती है।बताया कि उन्होंने आजादी की लड़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाई। अंग्रेजी हुकूमत द्वारा वर्ष 1944 में उन्हें पाँच वर्ष का कठोर कारावास दिया गया, जिससे वे देश की आजादी के बाद ही रिहा हो सके। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वे कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बनाए गए और बाद में दो बार विधायक निर्वाचित हुए। आपातकाल के दौरान भी उन्होंने जेल यात्रा की, जो उनके अडिग लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रमाण है। इस अवसर पर उनके परिजनो उपेंद्र उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, बिट्टन उपाध्याय समेत आनंद मोहन चतुवेर्दी उर्फ पंचदेव, पशुपतिनाथ उपाध्याय, सुनील गुप्ता, राघव द्विवेदी, दिलीप सतीश मिश्र, व्यास सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, संतोष श्रीवास्तव, सुरेश सिंह खरवार, मंशा जायसवाल, अन्वेषा मिश्रा, माधुरी, अंकिता, गुंजा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लीगल एड क्लीनिक पर होगा आम जनमानस के विधिक अधिकारों का संरक्षण

**देवरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्वावधान एवं जनपद न्यायाधीश, देवरिया श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा तहसील भाटपाररानी के अन्तर्गत 05 ग्राम पंचायत क्रमशः भिंगारी, खामपार, बलुआ अफगान, निशानियां पैकोली एवं सरया में विधिक सहायता केन्द्र (लीगल एड क्लीनिक) का उद्घाटन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी तभाटपाररानी श्री सिद्धी जय प्रकाश द्वारा किया गया। भाटपाररानी तहसील के ग्राम पंचायतों में लीगल एड क्लीनिक के उद्घाटन के अवसर पर नायब तहसीलदार भाटपाररानी संजय तिवारी भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर आम जनमानस को विधिक अधिकार प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संक्षेप

## राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

सीतापुर। राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज सीतापुर की एक आवश्यक बैठक जिला संयोजक संजय शर्मा के निवास पर आयोजित की गई। जिसमें 18 जनवरी 2026 दिन रविवार को होने वाले समरसता खिचड़ी भोज के आयोजन की अंतिम रूपरेखा पर चर्चा करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रवण कुमार बाजपेई ने बताया कि खिचड़ी भोज का आयोजन महाराजा अग्रसेन अतिथि भवन निकट राजस्थानी होटल सीतापुर में समय प्रातः 11ः00 बजे से आयोजित किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष संजय शुक्ला ने सभी ब्राह्मण बंधुओं को सपरिवार आमंत्रित करते हुए समय से उपस्थित रह कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया। बैठक में जिला महामंत्री दीपक शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रमेश त्रिवेदी, नगर संयोजक अमन मिश्रा उपस्थित रहे।

## जवाबी कव्वाली का आयोजन

बिसवां नगर (सीतापुर)। उर्स व मेला हजरत गुलजार शाह रह० अलैह के अवसर पर आज शनिवार को भव्य जवाबी कव्वाली का आयोजन किया जायेगा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध कव्वाल शरीफ परवाज कव्वाल और आलिया इंडियन कव्वाला के बीच जवाबी कव्वाली का रोचक मुकाबला रात 8 बजे से होगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह है। जवाबी कव्वाली के दौरान सूफियाना कलाम और पारंपरिक रंग देखने को मिलेगा, जिससे श्रद्धालुओं और श्रोताओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी। मेला सेक्रेटरी सैयद हुसैन कादरी ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने लोगो से भारी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## साहित्यिक व खेल कूद गतिविधि परिषद की वार्षिक बैठक संपन्न

नवाबगंज, उन्नाव। सरस्वती मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत संस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद गतिविधि परिषद की प्रथम वार्षिक बैठक आज सफलतापूर्वक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद की चेयरपर्सन डॉ. सरिता श्रीवास्तव (पूर्व सचिव, राष्ट्रीय कथक संस्थान, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) ने की। बैठक में कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. आर.एन. श्रीवास्तव, सभी समिति सदस्य एवं तीनों उपसमितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय लिए गए तीनों उपसमितियों (सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद) के नाम अंतिम रूप से निर्धारित किए गए। स्पोर्ट्स इवेंट एथलॉन की तिथियां 21 से 25 जनवरी 2026 तय की गईं। 26 जनवरी को पुरस्कार वितरण एवं ध्वजारोहण समारोह आयोजित होगा। एथलॉन का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, टीमवर्क एवं नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना है। बैठक में परिषद के प्रमुख सदस्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्रा (प्रोफेसर, फामाकोलॉजी विभाग), मेम्बर सेक्रेटरी डॉ. अंजलि गुप्ता (विभागाध्यक्ष, डेंटिस्ट्री), डॉ. निधि जोहरी (विभागाध्यक्ष, प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ. श्वेता वर्मा (सहायक प्रोफेसर, नेत्र रोग), मेम्बर सेक्रेटरी डॉ. अंजलि गुप्ता (विभागाध्यक्ष, डेंटिस्ट्री), साहित्यिक समिति प्रभारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव (विभागाध्यक्ष, पैथोलॉजी), खेलकूद समिति प्रभारी डॉ. सतेंद्र यादव (एसोसिएट प्रोफेसर, सर्जरी) आदि उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस



सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के निर्धारण के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार समस्त आयोजन सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं आमजनमानस सभी आयोजनों में बढ़चढ़कर प्रतिभाग करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी पार्कों, प्रतिमाओं मूर्तियों के आस-पास के स्थलों एवं अन्य सभी आयोजन स्थलों की सफाई व्यवस्था समय सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होंने बैठक के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर कार्यक्रम की रूप-रेखा आवश्यकतानुसार संशोधित किये जाने के निर्देश भी दिये।

जिलाधिकारी ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ परम्परागत ढंग से मनाया जायेगा। इस अवसर पर 25 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों से अपेक्षा की कि गणतंत्र दिवस की गरिमा के अनुसार इस अवसर पर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्म निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने पर बल दिया जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय, उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम0 दास सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एसआईआर को लेकर एसडीएम ने दिए निर्देश

जिला संवाददाता(vol)



पाटन, उन्नाव। एस आई आर को लेकर एस डी एम रनवीर सिंह ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पर एई आरो व सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एस डी एम ने एस आई आर कार्य में लगे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में गलत नाम न हो तथा सही नाम किसी भी हालात में छूटने न पाए। 17, 18, 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को विशेष बूथ दिवस आयोजित किया गया है। ऐसे में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बी एल ए को जानकारी दें। एस आई आर के कार्य में लगे बी एल ओ व सुपरवाइजर को स्टेशनरी रजिस्टर पेंसिल पटरी व बैग का वितरण भी एस डी एम द्वारा किया गया।

## 2027 के चुनाव को लेकर एकजुटता का संदेश



फतेहपुर। इंजी. सिद्धार्थ कोरी के नेतृत्व में कोरी समाज के सैकड़ों कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर सांसद नरेश उत्तम पटेल के मुख्य अतिथित्व और जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। पार्टी की पीडीए नीतियों और अखिलेश यादव के संकल्प पर चलने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का स्वरूपइंजी. सिद्धार्थ कोरी ने कोरी समाज के साथ सदस्यता ली और पार्टी के प्रति समर्पण का वचन दिया। सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कार्यकर्ताओं का फूलमालाओं से स्वागत किया चुनावों में एकजुट होकर सरकार बनाने पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक बूथ को मजबूत करने और पीडीए नारे को बुलंद करने का आह्वान किया।प्रमुख उपस्थित नेताकार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता जगदीश सिंह, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, दलजीत निषाद, जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, डीजी कुशवाहा, मनोज यादव, डॉ. अमित पाल, सोनू वर्मा, देवेंद्र गौतम सहित बड़ी संख्या में नेता मौजूद रहे। कोरी समाज से रंजीत कोरी, सुनील कोरी, दीपक कोरी, राकेश कुमार जैसे सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।राजनीतिक महत्वयह आयोजन समाजवादी पार्टी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो खागा विधानसभा से उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पार्टी की पहुंच बढ़ाएगा।

## अपने को गरीब दिखाकर प्रधान खुद ले रहा राशन

जिला संवाददाता(vol)

सेउता (सीतापुर)। विकासखण्ड रेउसा के एक गांव से चौकाने वाला मामला सामने आया है। जहां वर्तमान ग्राम प्रधान पर अंत्योदय योजना के तहत मिलने वाले गरीबों के राशन को स्वयं लेने का गंभीर आरोप लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सभा बढ़ईडीह के प्रधान मोहर्रम अली अपनी पत्नी शकीना के नाम जारी अंत्योदय श्रेणी के राशन कार्ड के माध्यम से हर महीने 35 किलो खाद्यान्न एवं चीनी प्राप्त कर रहा है। जबकि वह इस योजना की पात्रता की श्रेणी में नहीं आता।

ग्रामीणों के अनुसार अंत्योदय योजना शासन की अत्यंत गरीब परिवारों के लिए बनाई गई है, ताकि उन्हें न्यूनतम खाद्य सुरक्षा मिल सके। लेकिन रेउसा ब्लॉक में बढ़ईडीह के प्रधान मोहर्रम अली के द्वारा स्वयं को गरीब दर्शाकर इस योजना का लाभ लेना न केवल नियमों का उल्लंघन है। बल्कि वास्तविक जरूरतमंदों के हक पर सीधा डाका भी है। इस मामले को लेकर ग्रामीण कल्लू पुत्र परसादी ने 18 नवंबर 2025 को खाद्यान्न विभाग को लिखित शिकायत पत्र देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि प्रधान की पत्नी के नाम अंत्योदय कार्ड जारी है और उसी के द्वारा स्वय सरकारी राशन उठाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि शिकायत के कई महीने बीत जाने के बावजूद खाद्यान्न विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि यदि जिम्मेदार पद पर बैठे लोग ही सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग करेंगे, तो गरीबों को न्याय कैसे मिलेगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर अंत्योदय कार्ड निरस्त करने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक संज्ञान लेता है और गरीबों के हक की रक्षा के लिए क्या कदम उठाता है या यू ही इस मामले को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जायेगा।

## महावीर बाबा मंदिर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया

उन्नाव। तकिया मेला स्थिति प्रसिद्ध बजरंगबली बाबा मंदिर में मकरसंक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। मंदिर प्रांगण जयकारों से गूंज उठा। भक्तिमय माहौल में आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन आलोक गुप्ता, संतोष गुप्ता, अतुल सिंह, बबलू, आशीष गुप्ता कुलदीप, हरिवंश आदि लोगों द्वारा किया गया। आयोजक आलोक गुप्ता ने बताया क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के साथ हर वर्ष की भांति इस बार भी यह भंडारा आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर इस पुनीत कार्य की सराहना की। देर शाम तक चले इस भंडारे में प्रसाद वितरण का सिलसिला अनवरत जारी रहा।

## मंदिर प्रांगण में खिचड़ी भोज का आयोजन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र मे आज मकर संक्रांति



पर्व के उपलक्ष्य मे क्षेत्र के कस्बा ऊगू मे लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में खिचड़ी भोज का आयोजन कर कन्या भोज कराया। प्रति वर्ष की भांति ऊगू के काली माता मंदिर पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ जिसमें नगर तथा क्षेत्र के सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।काली माता मंदिर पर आयोजित खिचड़ी भोज में सार्वजनिक सहयोग से नगर वासियों लोगों को खिचड़ी खिलाई गई। जिसका आयोजन हर्ष शुक्ला पप्पू कस्यप सुनील कस्यप अंशू कस्यप विकास कस्यप सूरज विशाल तिवारी आदि ने किया।

## नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर खिचड़ी भोज का आयोजन

हिलौली, उन्नाव। जनपद के मौरावा आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास शंकर पैलेस कोठी में हर वर्ष खिचड़ी भोज का आयोजन होता है। खिचड़ी भोज के आयोजन में पुरवा विधायक अनिल सिंह भी मौजूद रहे जिसमें सुबह पहले सुंदरकांड का आयोजन हुआ।



वहीं खिचड़ी भोज में नगर के हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने भाग लिया और मकर संक्रांति की बधाई दी एकल अभियान की बहने व आचार्य को नगर अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ की पत्नी पल्लवी सेठ ने ठंड को देखते हुए शाल ओढाकर सम्मानित किया। टीचरों एवं पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया एकल अभियान के अध्यक्ष संतोष शुक्ला रामनरेश यादव उपाध्यक्ष रजनीश सिंह फूलचंद क्षमा देवी आदि आचार्य बहने उपस्थिति रही। जिनका सम्मान बड़े हर्ष उल्लास के साथ पल्लवी सेठ ने किया पवन सिंह पत्रकार रामराज सिंह पत्रकार डॉ दिनेश वर्मा पत्रकार रत्नम चैरसिया संजय पाल मनीषा यादव राजेश पांडे राजेश चैधरी गौरी सिंह पत्रकार आदि नगर अध्यक्ष कुमार विवेक सेठ व पल्लवी सेठ ने शाल ओढाकर सम्मानित किया सुबह से ही नगर के लोगों का आना जारी रहा। नव वर्ष के कैलेंडर सभी को सप्रेम भेंट किया गया। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी संतोष चतुवेर्दी मधुकर बाबू प्रदीप चौरसिया शुभम सिंह सुनील सिंह लोगों ने सुबह से मौजूद रहकर कार्यक्रम में नगर पंचायत का सहयोग रहा।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

सेउता (सीतापुर)। थाना क्षेत्र रेउसा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता ने ससुराली जनों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही। थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर निवासी मोनी उम्र 25 वर्ष पत्नी अनुराग अवस्थी बृहस्पतिवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पति अनुराग के अनुसार मोनी दो वर्ष पूर्व लखनऊ में छत से गिर गई थी। जिससे दोनों पैर टूट गये थे। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान 20 दिन पूर्व मोनी का एक पैर भी काट दिया था। इलाज जारी था इसी बीच मौत हो गई। मोनी के पिता देवी शंकर मिश्र पुत्र भग्गू निवासी रमुवापुर कालिकासिंह थाना रेउसा ने बताया कि मैंने अपनी पुत्री मोनी की शादी मानपुर निवासी अनुराग अवस्थी पुत्र रामगोपाल अवस्थी के साथ तीन वर्ष पूर्व किया था। मृतक के पिता का आरोप है कि शादी के चार माह बाद से ससुरालीजन दहेज को प्रताड़ित करते रहते थे तथा मृतक का पति मोनी को छत से नीचे गिरा दिया था। जिससे मृतक के दोनों पैर टूट गये थे। जिसकी शिकायत पूर्व में थाना रेउसा में भी की गई थी। मृतक के पिता ने लड़की का पूरा इलाज कराकर 22 दिन पूर्व ससुराल भेज दिया था। आज सुबह मौत की खबर पाकर मायके पक्ष के लोग गये। मौत संदिग्ध होने के कारण मृतक के पिता ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर रेउसा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस विषय में थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि मृतक मोनी लम्बे समय से बीमार थी मायके पक्ष के आरोप के कारण शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## जयपुरिया ग्रुप आफ स्कूल में नये शैक्षिक सत्र की शुरुआत

फतेहपुर,। सेठ एम.आर. जयपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल ने नए शैक्षिक की धूमधाम से शुरूआत की तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को फतेहपुर स्थित मुख्यालय में आयोजित भव्य प्रेस वार्ता में ग्रुप की प्रबंधिका रंजना सिंह और संस्था के संरक्षक शिवबली सिंह ने पत्रकारों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने घोषणा की कि प्ले ग्रुप से कक्षा-12 तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें मेधावी छात्रों के लिए आकर्षक स्कॉलरशिप भी उपलब्ध है अनुरूप कौशल-आधारित शिक्षा पर फोकसप्रबंधिका रंजना सिंह ने कहा, हमारी शिक्षा प्रणाली नई शिक्षा नीति (ठएढ-2020) के अनुरूप है, जो कौशल विकास, व्यावहारिक और प्रयोगात्मक शिक्षा पर केंद्रित है। छात्रों का सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य है। फतेहपुर संस्थान में प्ले ग्रुप से कक्षा-12, मालवा इकाई में प्ले ग्रुप से कक्षा-12 और बिंदकी इकाई में प्ले ग्रुप से कक्षा-6 तक प्रवेश खुले हैं। प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि सामान्य फीस संरचना में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जाएगी, बिना किसी बोझ के।जोश स्कॉलरशिपः मेधावियों के लिए सुनहरा अवसरसंरक्षक शिवबली सिंह ने बताया, ₹मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए 'जोश स्कॉलरशिप परीक्षा' आयोजित की जाती है, जिसमें योग्य छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह परीक्षा छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का माध्यम बनेगी।₹ इसके अलावा, आधुनिक लैब, स्मार्ट क्लासरूम, खेलकूद सुविधाएं और योग-ध्यान सत्र जैसे कार्यक्रमों से छात्रों को तैयार किया जाएगा।मालवा संस्थानः आवासीय शिक्षा का नया आयाममालवा इकाई की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए प्रबंधिका ने कहा, ₹यहां अत्याधुनिक हॉस्टल सुविधा उपलब्ध है, जो सुरक्षित, अनुशासित और सुविधा संपन्न है। छात्र दिन-रात शिक्षा ग्रहण कर सकें, यही हमारा मकसद है।₹ सभी संस्थानों में उउळश निगरानी, स्वास्थ्य सुविधाएं और परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।प्रेस वार्ता में प्रमुख उपस्थितिइस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, एडिशनल डायरेक्टर जी.पी. मिश्रा, सीजो वर्गीस, उर्वशी पांडे, जरीना अंजुम, उमेश त्रिपाठी, देवेंद्र भदोरिया सहित पूरे स्टाफ ने भाग लिया। पत्रकारों ने संस्थानों का दौरा भी किया और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन-ऑफलाइन प्रवेश पोर्टल की जानकारी ली।जयपुरिया ग्रुप ने अभिभावकों से अपील की कि जल्द से जल्द संपर्क करें।

## बनारस फिजियो कॉन्क्लेव 2026 में सीतापुर से डॉ. पीयूष बाजपेई सम्मानित

सीतापुर। वाराणसी फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में बनारस फिजियो कॉन्क्लेव 2026 का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक सुशील सिंह और ब्लाक प्रमुख अजय सिंह शामिल हुए। इसके अतिरिक्त भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह और राष्ट्रीय महिला आयोग की सलाहकार बोर्ड सदस्य डा0 शिप्राधर, डा0 विपिन ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह में इंडियन एसोसिएशन आफ फिजियोथेरेपिस्ट के अध्यक्ष डॉ. गौरव त्यागी और सचिव डॉ. कौशलेन्द्र कुमार, सीतापुर जनपद से जाने माने फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. पीयूष बाजपेई आदि मौजूद रहे। इस मौके पर जनपद सीतापुर के जाने माने फिजियोथेरिपिस्ट डॉ. पीयूष बाजपेई ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि फिजियोथैरेपी अब केवल हड्डियों की बीमारियों तक सीमित नहीं रही है बल्कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से यह हर प्रकार की बीमारी के उपचार में प्रभावी भूमिका निभा रही है। डा0 बाजपेई ने बताया कि वह जनपद में पिछले लगभग 15 वर्षों से सेवा दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कई ऐसे क्रिटिकल मरीजों को फिजियोथेरेपी से राहत दी है जो हर प्रकार का इलाज कराकर तंग हो चुके थे और वह इस उपचार से फिर से अपने पैरों पर चलने के काबिल हुए। इस कार्यक्रम में देर के कोने कोने से लगभग 1500 फिजियोथेरेपिस्ट मौजूद थे।

## जमीन की नाप-जोख के एवज में लेखपाल ने मांगी रिश्वत

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली तहसील क्षेत्र में एक गरीब बुजुर्ग से कथित रिश्वत मांगने का मामला सामने आने पर सिधौली विधायक मनीष रावत भड़क उठे। मामला गोंदलामऊ ब्लॉक के पाकर नारायणपुर गांव निवासी रामस्वरूप से जुड़ा है। आरोप है कि पारिवारिक बंटवारे में जमीन की नाप-जोख कराने के एवज में क्षेत्रीय लेखपाल सुधीर शुक्ला द्वारा उनसे 2000 की रिश्वत मांगी गई। आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर रामस्वरूप रिश्वत देने में असमर्थ था। जिसके चलते वह न्याय की आस में विधायक के पास पहुंचा। विधायक मनीष रावत ने बताया कि पूर्व में उनके प्रतिनिधि पंकज द्वारा लेखपाल से संपर्क किया गया, लेकिन फोन किसी मुंशी ने उठाया और स्वयं को लेखपाल बताते हुए बात की। शुक्रवार को जब पीड़ित बुजुर्ग दोबारा विधायक के पास पहुंचा तो विधायक ने स्वयं लेखपाल को फोन किया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इससे आक्रोशित होकर विधायक अपने समर्थकों के साथ सिधौली तहसील पहुंचे और सीधे उप जिलाधिकारी कार्यालय जाकर शिकायत दर्ज कराई। विधायक ने उप जिलाधिकारी से लेखपाल के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराने और कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक पीड़ित बुजुर्ग की समस्या का निस्तारण नहीं हो जाता, वे तहसील परिसर से नहीं जाएंगे। उप जिलाधिकारी द्वारा कक्ष में आने के लिए मान-मनौव्वल किए जाने के बावजूद विधायक ने उनके कक्ष में जाने से इंकार कर दिया। विधायक मनीष रावत ने कहा कि गरीब और असहाय लोगों का शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज

शुक्लागंज। पत्रकारों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा एक निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वास्थ्य शिविर आज सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। प्रेस क्लब के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंप में पत्रकार साथियों की शुगर, कोलेस्ट्रॉल एवं ब्लड जांच निःशुल्क की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य पत्रकारों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय-समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह हेल्थ चेकअप कैंप सरस्वती टॉकीज के सामने स्थित प्रेस क्लब के प्रदेश कार्यालय, शुक्लागंज में आयोजित किया जाएगा।

# बार एसोसिएशन ने बुलंद की आवाज, मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र




सीतापुर। बाराबंकी के हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला के साथ टोल कर्मियों द्वारा किए गए प्राणघातक हमले के विरोध में आज बार एसोसिएशन सीतापुर के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। बार एसोसिएशन का कहना है कि 14 जनवरी को हुई यह घटना न केवल एक व्यक्ति पर हमला है, बल्कि पूरी न्यायिक प्रक्रिया और कानून की गरिमा को चुनौती है। सीतापुर के अधिवक्ताओं ने इस घटना पर गहरा दुख और रोष व्यक्त किया है। मांग पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि टोल कर्मियों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जाए और पुलिस उन्हें केवल एफआईआर की धाराओं में रिमांड पर न ले, बल्कि सख्त रुख अपनाये।

### उठायी सात सूत्रीय मांग

उत्तर प्रदेश में वकीलों के उत्पीड़न और हत्याओं को रोकने के लिए तत्काल अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू हो। नियमों के विरुद्ध संचालित खैराबाद टोल प्लाजा को बंद किया जाये। क्योंकि इटौंजा और खैराबाद के बीच की दूरी मात्र 51.4 किमी है। जबकि नियमतः यह 60 किमी होनी चाहिए। राज्य और जिला स्तर पर टोल सुरक्षा समिति का गठन किया जाये। जिसमें बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हों।

उत्तर प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं को टोल टैक्स से मुक्त रखा जाये। टोल कर्मियों का पुलिस सत्यापन हो और उन्हें नागरिकों से

- हैदरगढ़ टोल कर्मियों पर एनएसए लगाने और अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग
- खैराबाद टोल प्लाजा को बंद करने की चेतावनी, सीतापुर के वकीलों में भारी आक्रोश

सभ्य व्यवहार करने का प्रशिक्षण दिया जाये। ज्ञापन सौंपने के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी और महासचिव दिनेश कुमार त्रिपाठी समेत वरिष्ठ उपाध्यक्ष इशरत अली खां, कोषाध्यक्ष राम प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार पाण्डेय (दीपक), आशुतोष बाजपेयी, अम्बरीष शुक्ला और कु. आरती राय, संयुक्त सचिव कौशलेंद्र सिंह, सुबोध कुमार और शैलेंद्र कुमार मिश्र, वरिष्ठ कार्यकारिणी के सदस्य पुनीत कुमार शुक्ल, प्रेम रत्न कटियार, भूपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विकास वर्मा, आलोक कुमार मिश्र-2 और अतीक खां, कनिष्ठ कार्यकारिणी से राम कृष्ण तिवारी, सविता, बलीग खां, नरेन्द्र चतुवेर्दी, प्रेम नारायण शुक्ल और नेहा कुसुम आदि मौजूद रही।

## धूमधाम से मनाया गया सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन

बिसवां नगर (सीतापुर)। समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय नेता एवं मैनपुरी सांसद श्रीमती डिंपल यादव के जन्मदिन के अवसर पर बिसवां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्याशी अफजाल कौसर द्वारा अपने कार्यालय परिसर में सादगी, सेवा और सामाजिक समर्पण के साथ जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केक काटकर डिंपल यादव का जन्मदिन मनाया गया और उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे के साथ-साथ समाजसेवा की भावना को साकार करते हुए जरूरतमंद महिलाओं को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गर्म शॉल एवं कंबलों का वितरण किया गया, जिससे महिलाओं के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ नजर आया। इस अवसर पर अफजाल कौसर ने कहा कि डिंपल यादव का सार्वजनिक जीवन सादगी, संवेदनशीलता और जनसेवा का प्रतीक है। उन्होंने हमेशा समाज के वंचित, गरीब और कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया है। उनके जन्मदिन पर सेवा कार्य करना ही सच्चे अर्थों में उन्हें शुभकामनाएं देने का सर्वोत्तम माध्यम है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान वातावरण सौहार्दपूर्ण, अनुशासित एवं उत्साह से भरा रहा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सुनील यादव, युवजन सभा प्रदेश प्रमुख महासचिव रोबिन सिंह, नगर अध्यक्ष लुकमान अली, व्यापार सभा के जिला उपाध्यक्ष संजय वर्मा, मुर्तजा अली अंसारी, डॉक्टर शाहिद, राममिलन यादव, कमलेश भार्गव, अनुज कनौजिया, अनिल यादव, रिंकल जोशी, हसीब अंसारी, इरफान अंसारी, आमिर खान, सलमान अली, करुणेश मिश्रा, रिजवान अहमद, राजू, मुजक्किर खान, अनिल मिश्रा, मुन्नीलाल, मुफीद अंसारी, मुफिज खान के अलावा सैकड़ो की तादाद में महिलाएं मौजूद रही।

संक्षेप

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत 6 के विरूद्ध रिपोर्ट

**बांदा।** ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न, जान से मारने की धमकी के आरोप में विवाहिता ने पति समेत 6 के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। थाना अतर्रा क्षेत्र के महुटा गांव निवासिनी आरती पुत्री श्रीकेशन वर्मा ने बताया कि उसकी शादी 22 मई 2025 को दिनेश वर्मा पुत्र रामसजीवन निवासी सीताराम का पुरवा अतर्रा ग्रामीण के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति दिनेश, देवर रामनरेश उर्फ कालका, देवरानी रचना उर्फ मंजू, जेठ कमल, जेठानी ममता व अन्य ससुरालीजन उस पर एक लाख रुपये व मोटरसाइकिल दहेज में लाने का दबाव बनाने लगे। आरती का आरोप है कि दहेज न लाने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। वह अपने पिता की गरीबी को देखते हुए चुपचाप अत्याचार सहती रही। बीते 15 दिसंबर को सभी आरोपियों ने एकजुट होकर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि जान का खतरा महसूस होने पर उसने पिता को फोन कर बुलाया और उनके साथ मायके आकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने निकाले 8100 रुपये

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला घुसयाना में रहने वाले विकास पुत्र रमेश रैकवार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका बैंक ऑफ इण्डिया में खाता खुला हुआ है। आरोप है कि 15 जनवरी 2026 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके खाते से 8100 रुपये चोरी से निकाल लिये गये हैं, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस से मामले की जांच करायी जाकर रुपये वापस दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

## गणना फॉर्म में 2003 का विवरण नही देने वालों को नोटिस

**बांदा।** जिन मतदाताओं ने एसआईआर के दौरान वर्ष 2003 का विवरण अपने गणना फार्म में नहीं दिया ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी की गयी है। उन्हें दस्तावेज देने पर संबंधित एईआरओ के सामने स्पष्टीकरण भी देना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने तहसीलवार सभी ईआरओ व एईआरओ को नामित कर दिया है। जिला निर्वाचन विभाग ने सदर तहसील में एसडीएम नमन मेहता, बीडीओ बड़ोखरखुर्द सुभाषचंद्र, बीईओ किशुन कुमार मिश्रा, तहसीलदार विकास पांडेय, ईओ श्रीचंद्र, पूर्ति निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार जगदीश प्रसाद, सीओ पैलानी अखिलेश कुमार को नामित किया है। इसी प्रकार तहसील अतर्रा में सीओ अजय श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार कुमार शिवम मौर्य, बीईओ महुआ विनोद पटेरिया तथा तहसील नरैनी में नायब तहसीलदार डा.आशीष शुक्ला, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा जयप्रकाश नामित किए गये हैं।

## रोडवेज ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत, एक गंभीर

बांदा। एक ही बाइक पर सवार तीन युवक भरतकूप से मेला देखकर वापस आ रहे थे तभी अतर्रा की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस की चपेट में आ गए जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। अस्पताल में इलाज के दौरान दो युवकों की मौत हो गयी जबकि तीसरे युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। गुरुवार की देर शाम भरतकूप से मेला देखकर एक ही बाइक से लौट रहे तीनों युवक रोडवेज बस की चपेट में आ गए। 18 वर्षीय युवक मोहित यादव पुत्र कैलाश निवासी रसिन अंश भडयाही चित्रकूट, जबरापुर अंश कलवरियापुरवा निवासी 20 वर्षीय विमल पुत्र ज्ञानेंद्र कुमार, 18 वर्षीय रोहित पुत्र राजेश को अतर्रा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने चित्रकूट जनपद के दतौरा मोड़ के पास टक्कर मार दी जिससे तीनों युवक घायल हो गए। थानाध्यक्ष बदौसा अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि एक ही बाइक में सवार तीनो युवक नशे में थे। घायल रोहित का इलाज चल रहा है। जिस रोडवेज बस ड्राइवर से दुर्घटना हुई वह बस के साथ मौके से फरार हो गया है। आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज से बस का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही के बाद दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने जानी जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत

जिला संवाददाता




**ललितपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक कर जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की एक-एक कर गहन समीक्षा की और लापरवाह अधिकारियों व चिकित्सकों को फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव पर जोर देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि विकासखण्ड बिरधा, बार एवं जखौरा में संस्थागत प्रसव कराने हेतु पॉच-पॉच एएनएम को प्रशिक्षित कराया जाए और वहां पर से लेते हुए बैठक से ही सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी को फोन कर निर्देश दिये कि वे वहां के एमओआईसी से वार्ता कर मौके पर पहुंचकर सेन्टर तक

- एमओआईसी जखौरा के विरूद्ध सीएमओं को आरोप पत्र जारी कर शासन से पत्राचार करने के दिये निर्देश
- विकासखण्ड स्तरीय चिकित्सा इकाईयों पर एएमएम को प्रशिक्षत कर संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के दिये निर्देश

उपकेन्द्रों को प्रसव हेतु क्रियाशील किया जाए। बैठक के दौरान ही ग्राम धारीकलां और बमरौलीकलां सब सेन्टरों पर मरीजों को आवागमन में परेशानी होने की जानकारी होने पर जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता आने के रास्त को 10 दिनों के भीतर ठीक कराकर अवगत करायें। विकासखण्ड जखौरा के एमओआईसी द्वारा बैठक में अनुपस्थि रहने, कार्य में शिथिलता और लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इनके विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने एवं शासन से पत्राचार करने के निर्देश दिये। वहीं सभी पैरामीटर्स पर अच्छी प्रगति पाये जाने पर एमओआईसी तालबेहट डॉ विशाल पाठक के कार्यों की सराहना भी की। इसके साथ ही ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर व ब्लॉक कम्युनिटि प्रोसेस मैनेजर को कड़ी फटकार लगाते हुए स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अपेक्षित सुधार लाते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। नियमित टीकाकरण के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सभी केन्द्रों पर शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने -अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन मशीनें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, डिप्टी सीएमओ डा0 अमित तिवारी, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, डीपीआरओ कुॅवर सिंह यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश भारती, डीपीएम रजिया फिरोज, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला जज, न्यायिक अधिकारियों ने संवासियों को बांटे कंबल




**बांदा।** शहर के नरैनी रोड स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर जनपद न्यायाधीश अल्पना ने संवासियों को कंबल वितरित किए। उन्होने दोपहर यहां पहुंचकर 110 संवासियों एवं वृद्धाश्रम कर्मचारियों को कंबल वितरित किए और सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अपर जिला जज डकैती छोटेलाल यादव, अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट प्रफुल्ल कुमार चैधरी ने भी संवासियों को कंबल वितरित किए। कंबल वितरण के दौरान केन्द्रीय नाजिर प्रेम कुमार, डीईओ राशिद अहमद, पराविधिक स्वयं सेवक अशोक त्रिपाठी, सचिन कुमार, देवेन्द्र सिंह व सचिन के अलावा बड़ी संख्या में वृद्ध, पुरूष व महिलाएं तथा वृद्धाश्रम के कर्मचारी मौजूद रहे। बताते चलें कि वृद्धाश्रम के संवासियों की सुविधाओं को लेकर न्यायिक अधिकारी अधिकांशतया यहां का हाल जानते हैं। किसी भी तरह की अव्यवस्था देखने व संवासियों से शिकायत मिलने पर समाज कल्याण अधिकारी व अन्य संबंधित विभागों को व्यवस्था ठीक करने के निर्देश देते हैं।

## दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली पुलिस ने थाने पर पंजीकृत मु.अ.सं. 46/2026 धारा 123, 65(1), 61, 351(3) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट व 67 वी आईटी एक्ट में वांछित थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम मुहारा निवासी विनय पुत्र मनीराम अहिरवार को हिरासत में लिया है। दुष्कर्म के आरोप में युवक को पकड ? वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

# 24 से 26 जनवरी तक भव्य समारोह के साथ मनाया जायेगा उत्तर प्रदेश दिवस




जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस को समारोह पूर्वक मनाये जाने हेतु आयोजन की तैयारियों हेतु डीएम सत्य प्रकाश के निर्देशन में सीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीडीओ ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन कल्याण सिंह सभागार (ऑडीटोरियम) में किया जा रहा है, करायें। साथ ही विभागीय गतिविधियों का डिस्प्ले करायें। इसके साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण, कृषि यंत्रों का वितरण, सहायक उपकरण वितरण, विभिन्न प्रतियोगिताएं आदि आयोजित करायी जायें। बताया गया विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन भव्यता पूर्वक किया जाना है, जिसके आयोजन के लिए आज विभिन्न विभागों के कार्य निर्धारित किये जाने हेतु यह बैठक आयोजित की गई है। कार्यक्रम में होने वाली प्रत्येक गतिविधि के लिए नोडल

- सांस्कृतिक एवं लोकगायन कार्यक्रमों के साथ विद्यालयों के छात्र-छात्राएं देंगे शानदार प्रस्तुतियां
- लाभार्थियों को कल्याणकारी योजनाओं के बांटे जायेंगे स्वीकृति पत्र

जिसके अंतर्गत 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस की शुरूआत के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। 25 जनवरी को पर्यटन दिवस और मतदाता दिवस एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न कराये जाने हेतु नोडल अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं, उन्हें पूरी गंभीरता से निभाएं।

सम्बंधित अधिकारी विभागीय योजनाओं, जनपद के विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं पर्यटन से सम्बंधित स्टॉल लगाकर वृहद प्रचार-प्रसार अधिकारी नामित किये गए हैं। प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रम भी निर्धारित किये गए हैं। 24 जनवरी 2024 को सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, अतिथियों का उद्बोधन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शपथ, छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का वितरण, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बुन्देली गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम-वाद विवाद प्रतियोगिता, नाटक, नृत्य, लोक कलाकारों द्वारा मंच प्रस्तुति आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। बैठक में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, डीपीआरओ कुंवरसिंह यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य समस्त सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित करने के संबंध में बैठक आयोजित




जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस पर नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद मुख्यालय में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित किए जाने के संबंध में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने ब्ठेक में निर्देश दिये कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारी को परखना और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा किसी भी वास्तविक आपदा के समय हमारी प्रतिक्रिया समय को कम करना और जीवन-माल की रक्षा के लिए सभी विभागों को मुस्तैद रखना है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार की दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि आगामी 23 जनवरी को मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी के लिए सायरन ध्वनित किया जाएगा, सायरन बजते ही प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किया जाएगा तथा नागरिकों द्वारा शरण लेने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। हवाई हमला समाप्त होने पर ऑल क्लियर सायरन ध्वनित किया जाएगा, मॉक ड्रिल में अग्निशमन विभाग, स्काउट गाइड वालंटियर्स, नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों, एनसीसी वालंटियर्स द्वारा छोटी आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने, गंभीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने एवं ध्वस्त भवनों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा कोर, पावर कारपोरेशन, पुलिस विभाग अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, स्काउट गाइड, राजस्व विभाग, आपदा मित्र, राजस्व विभाग आदि की सहभागिता रहेगी।

जिलाधिकारी द्वारा बैठक में समस्त संबंधित विभागों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार करने, निर्धारित समय पर मॉक ड्रिल प्रारम्भ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को पूर्व में ही सभी तैयारियां सुचिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, उप जिलाधिकारी सदर रितु रानी, अपर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कृष्ण कान्त राहुल, सीओ सिटी संग्राम सिंह, आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# डीएम ने जनसुनवाई कर मौके पर कराया समस्याओं का निराकरण

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा कलैक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जनसुनवाई में डीएम ने शिकायतकताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई में एक शिकायतकर्ता ने अवगत कराया कि शहर के तालाबपुरा स्थित बिदुआ कॉलोनी में अमृत योजनान्तर्गत जन जीवन मिशन की पाइप लाइन से पानी लगातार बह रहा है, जिससे पानी की बबार्दी के साथ-साथ आमजन को असुविधा हो रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर एडीएम नमामि गंगे को बुलाया तथा निर्देशित किया कि जल निगम एवं सम्बंधित कार्यदायी संस्था को आदेशित कर तीन दिवस के भीतर पाइप लाइन की मरम्मत एवं समस्या का पूर्ण समाधान कराते हुए लिखित रुप से अवगत करायें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी तथा अमृत योजना एवं जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई के दौरान चकबंदी से सम्बंधित प्रकरणों पर भी जिलाधिकारी द्वारा विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने जिला बन्दोबस्त अधिकारी एवं सम्बंधित चकबंदी अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कई मामलों की गहन समीक्षा की तथा आपसी सहमति एवं नियमों के अनुरुप कई प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शेष लम्बित मामलों में भी शीघ्र एवं पारदर्शी कार्यवाही कर आमजन को राहत दी जाए। डीएम ने कहा है कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंच सके। डीएम की इसी कार्यशैली व जनता के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को 6वां स्थान प्राप्त हुआ है।

## सब्जी मंडी के व्यापारियों के साथ नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ने की बैठक

कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर कार्यालय सभागार में गोला बाजार सब्जी मंडी के सभी व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनके व्यवसाय को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की और हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। शुक्रवार की शाम को हुई बैठक में श्री जायसवाल ने व्यापारियों से कुशल-क्षेम पूछा गया और व्यापारी हितों पर सलाह मशविरा की।

# कथा चढ़ावा को नही, सनातन को बढ़ावा देने के लिए



**बांदा।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कथा के पूर्व पत्रकारों से बातचीत की। शहर के मवई बाईपास पर कथा स्थल के समीप एक होटल में ठहरे पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने पत्रकारों से कहा कि हिन्दुओं को जनसंख्या बढ़ाने पर अपना फोकस केंन्द्रित करना चाहिए। हर हिन्दू 4 बच्चा पैदा करे। अन्यथा, बांग्लादेश की तरह मिट जाओगे। यह चेतने का समय है, नही चेते तो परिणाम भयानक होंगे। उन्होने कहा कि कथा चढ़ावा के लिए नही,

- जनसंख्या बढ़ाएं नही होंगे बांग्लादेश जैसे हालात

सनातन को बढ़ावा देने के लिए हो रही है। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने संविधान को स्वीकार किया है। हिन्दू राष्ट्र बनने पर भी इसे बदला नही जाएगा। हालांकि संविधान में समय-समय पर कई बार संशोधन हुए हैं लेकिन इसे बदलने की कोई जरूरत नही है। पत्रकारों के यह पूंछने पर कि सनातन धर्म में जातिवाद कैसे खत्म किया जा सकता है। उन्होने कहा कि जातियां तो रहेंगी लेकिन जातिवाद कतई नही होना चाहिए। उन्होने कहा कि रील और ट्रेंडिंग वाले समय में हिन्दुओं से प्रार्थना है कि सोंच-समझकर ही भरोसा करें, ताकि भविष्य में किसी तरह का पछतावा न हो। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि सनातन की कथा में मुसलमानों का स्वागत है लेकिन यदि परहेज है तो आने की कोई जरूरत नही। कहा कि जब हम काबा नही जाते, तो फिर आप बाबा के यहां क्यों आते हो। मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या के सवाल पर उन्होने कहा कि कुछ लोग दो बच्चे के नियम का पालन नही कर रहे। मेरी हिन्दुओं से अपील है कि जल जंगल और जमीन बचाना है तो जनसंख्या घटनो की जगह संतुलन बनाए रखें। कहा कि जो बांग्लादेश में हो रहा है वैसी ही स्थिति यहां भी एक दिन बन सकती है। उन्होने कहा कि आज से 5 दिनों की हनुमंत कथा शुरू होने जा रही है। कथा को केवल कथा की तरह न सुनें, यह सोंचकर कि कोई कथावाचक आया है, बल्कि कथा को इस तरह सुनें कि वह आपके जीवन में उतर जाए। कहा कि पक्ष और विपक्ष मिलकर देश की भलाई के लिए काम करें। कहा कि पत्रकारों को भी मानवता का पालन करना चाहिए। गरीब की खबर दिखाना, शोषण और ब्लैकमेल को रोकना, यही धर्म है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कथा सुनने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मुख्य पंडाल के अलावा साइड में बनाए गये पंडाल भी खचाखच भरे रहे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं को कथा श्रवण में किसी तरह की समस्या न हो। इसके लिए जगह-जगह एलईडी लगाई गयी हैं ताकि सभी को कथा आराम से सुनने को मिले। दोपहर से ही शहर और आस-पास के क्षेत्रों से कथा सुनने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जगह-जगह बैरिकेटिंग लगाकर वाहनों को दूर ही रोका गया। कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालुओं के वाहन खड़े करने के लिए कथा स्थल से 200 से 300 मीटर की दूरी पर अलग-अलग पार्किंग बनाई गयी थीं। मेटल डिटेक्टर से पहुंचे श्रद्धालुओं की लगातार पुलिस जांच कर रही थी। जगह-जगह महिला और पुरूष पुलिसकर्मी तैनात किए गये थे।

## देवर को उलाहना देने गयी महिला पर हमला, एफआईआर दर्ज

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिगारी में रहने वाली अवधरानी पत्नी चन्दन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका देवर करनसिंह से करीब चार वर्ष पहले बटवारा मौखिक रूप से हो चुका था। बताया कि उसके देवर करन सिंह पुत्र बागराज, सत्येन्द्र व अभय पुत्रगण करन सिंह, राजकुमारी पत्नी करन सिंह लोधी एकराय होकर आये और उसे व उसके परिजनों को आये दिन प्रताड़ित कर रहे हैं। उसकी नातिन कु.प्रिंसी की शादी आगरा तय हुयी थी, जिसे लेकर उक्त लोगों ने ईर्ष्या के कारण उसकी नातिन की शादी तुड़वाने के उद्देश्य से अभय व करन सिंह ने ससुरालियों को 10 जनवरी को फोन कर व संदेश भेजकर बदनाम करने करने का प्रयास किया, जिससे कि शादी टूट जाये। इस बात की जानकारी होने पर उसने देवर को उलाहना देने 14 जनवरी को अपराह्न 12.30 बजे खेत पर गयी, जहां करन सिंह, सतेन्द्र, अभय व राजकुमारी ने एकराय होकर उसे गालियां दीं और मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर उसके पति चन्दन सिंह ने मौके पर आकर जब उक्त लोगों को ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सड़क पार कर रही वृद्ध महिला की डम्पर की चपेट में आकर मौत, मचा कोहराम

**बिजनौर।** डम्पर की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना शेरकोट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम थाना शेरकोट क्षेत्र के नेशनल हाईवे हरिद्वार काशीपुर मार्ग पर सडक पार कर रही एक वृद्ध महिला को तेज रफ्तार डम्पर ने कुचल दिया। हादसा इतना भयानक था कि शव के चीथड़े उड़ गए और पहचान करना मुश्किल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मृतका के पास पड़े पर्स में मिले मोबाइल नंबरों के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। मोहल्ला खुराड़ा निवासी लियाकत कुरैशी ने मृतका की पहचान अपनी मां नफीसा (90 वर्ष) पत्नी अब्दुल सत्तार के रूप में की। लियाकत कुरैशी ने बताया कि घटना स्थल से कुछ दूरी पर एक बेंकेटहाल में दिन में उनकी भतीजी रहमत की बारात नोगांवा से आई थी। ठंड के कारण वे अपनी मां को घर पर छोड़कर आए थे। उनकी मां सड़क तक कैसे पहुंची, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। पुलिस ने डम्पर व उसके चालक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस ने क्षेत्र में पैदल गश्त कर आमजन को दिया सुरक्षा का संदेश



**स्योिहारा, बिजनौर।** थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से मुख्य मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की गई। पैदल गश्त के दौरान पुलिस बल ने बाजारों, सार्वजनिक स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर नजर रखी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। नियमित गश्त और सतर्कता के माध्यम से अपराध पर अंकुश लगाने के साथ-साथ आमजन को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना पुलिस का उद्देश्य है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

## बाइक की टक्कर से पैदल चल रहे युवक की उपचार के दौरान मौत



**नगीना, बिजनौर।** सड़क दुर्घटना में घायल नगर पालिका परिषद के कंप्यूटर ऑपरेटर तमहीद अहमद के तहेरे भतीजे उजैर गुरुवार को हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। चार दिन पूर्व बाइक सवार रोहित नाम के युवक ने मृतक उजैर को जोरदार टक्कर मार दी थी। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पीएम के लिए बिजनौर भेज दिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला कलालान निवासी पालिका परिषद के कंप्यूटर ऑपरेटर तमहीद अहमद का तहेरा भतीजा/नफीस अहमद का 19 वर्षीय पुत्र उजैर बीती 11 जनवरी की रात्रि करीब 10 बजे नगीना के अकबराबाद चैक पर चाय पीने के लिए होटल पर गया था। बताया जाता है कि चाय पीकर वापस अपने घर पैदल लौटने के दौरान नगीना रायपुर मार्ग पर स्थित एवंन धर्म कांटे के पास पीछे से आ रहे बाइक सवार व्यक्ति ने उसे जोरदार टक्कर मार दी थी। घटना में उजैर के दोनों पांव में एक हाथ की हड्डी टूट गई थी। गंभीर रूप से घायल उजैर को राहगीर सीएचसी ले गए थे, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को नाजुक बताते हुए हाय सेंटर रेफर कर दिया था। परिजनों के मुताबिक घायल उजैर के हाथ व पांव का ऑपरेशन भी हो गया था, लेकिन उपचार के दौरान गुरुवार की सुबह लगभग 6:30 बजे उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मची हुई है। लालसराय चैकी के इंचार्ज सोहन सिंह पुंडीर ने शव को पीएम के लिए बिजनौर भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी रोहित (35 वर्ष) पुत्र गोविंद निवासी टांडा साहूवाला थाना बढ़ापुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

## एसपी ने गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियों का किया निरीक्षण

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा आगामी गणतंत्र दिवस परेड के अभ्यास एवं तैयारियों को परखा। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का टोलीवार निरीक्षण करते हुए जवानों को ड्रिल कराई गई तथा परेड में अनुशासन, एकरूपता एवं समन्वय बनाए रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तत्काल दुरुस्त करने एवं उच्च गुणवत्ता का परेड प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड न केवल पुलिस बल की कार्यकुशलता का प्रतीक होती है, बल्कि यह राष्ट्रभक्ति की भावना को भी दर्शाती है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ अभ्यास करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अपराध गौरव उपाध्याय एवं प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत-जर्मनी संबंध

जर्मन चांसलर की भारत यात्रा ऐसे समय में हुई है जब अमरीकी टैरिफ के कारण भारत को बड़े स्तर पर व्यापार असंतुलन की स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। इस कारण भारत को जर्मनी और यूरोप की जरूरत है और जर्मन चांसलर की यात्रा से भारत के कूटनीतिक और व्यापारिक संबंध न सिर्फ जर्मनी से मजबूत होंगे बल्कि यूरोपीय यूनियन में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के कारण यूरोपीय यूनियन के साथ भी ट्रेड डील को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। जर्मन चांसलर फ्रीडरिष मैर्त्स की दो दिवसीय भारत यात्रा ने यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के संपन्न होने को लेकर उम्मीदें बढ़ा दी हैं। मैर्त्स ने कहा कि एफटीए को उनके देश का तगड़ा समर्थन है। उन्होंने इसके शीघ्र होने की बात भी कही। जानकारी के मुताबिक भारत और यूरोपीय संघ के एफटीए पर 27 जनवरी को हस्ताक्षर होंगे। यूरोपीय आयोग की प्रेसिडेंट उसुर्ला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के प्रेसिडेंट एंटोनियो कोस्टा इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। एफटीए के लिए तगड़ा समर्थन जताने के अलावा सोमवार को मैर्त्स की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात और बातचीत ने भी दोनों देशों के रिश्तों में मजबूती लाने का काम किया है। दोनों देशों ने कई क्षेत्रों में साझेदारी का वादा किया है। बीतते वर्षों के साथ दोनों देशों के रिश्ते लगातार मजबूत हुए हैं। वर्ष 2024 में दोनों देशों के बीच 50 अरब डॉलर से अधिक का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। जर्मनी यूरोपीय संघ में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच होने वाले व्यापार का 25 फीसदी भारत और जर्मनी के बीच होता है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच होने वाला मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के आपसी व्यापार को और बढ़ायेगा। बहरहाल दोनों देशों का रिश्ता कहीं अधिक गहरा है। उदाहरण के लिए गत वर्ष भारत



और जर्मनी की रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे हो गये। रक्षा के क्षेत्र में जर्मनी नौसैनिक अभ्यास मिलन में तथा सितंबर में लड़ाकू विमानों के हवाई अभ्यास में हिस्सा लेना चाहता है। दोनों देश एक रक्षा औद्योगिक सहयोग खाका तैयार करना चाहते हैं ताकि विभिन्न उद्योगों के क्षेत्र में दीर्घकालिक रिश्ता कायम किया जा सके। इसमें तकनीकी साझेदारी की बात भी शामिल है। विचार यह है कि रक्षा प्लेटफॉर्म और उपकरणों का संयुक्त रूप से विकास किया जाए। इसके अतिरिक्त, दोनों देश प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग करेंगे, जिसमें सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला भी शामिल है। दोनों देश हरित और सतत विकास लक्ष्यों पर भी मिलकर काम कर रहे हैं। इसके अलावा मोदी ने नई शिक्षा नीति के तहत जर्मनी के प्रमुख विश्व विद्यालयों को भारत में अपने परिसर खोलने के लिए भी आमंत्रित किया है। दोनों देश आम जनता के बीच संपर्क मजबूत करना चाहते हैं। इस संदर्भ में मैर्त्स ने जर्मनी के रास्ते गुजरने वाले भारतीयों के लिए वीजा मुक्त ट्रांजिट सुविधा की घोषणा की है। दोनों देशों के बीच रिश्ते या व्यापक रूप से कहें तो भारत और यूरोपीय संघ के बीच रिश्ते, तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में और भी अधिक महत्त्वपूर्ण हो गए हैं। ऐसी साझेदारियां किसी न किसी रूप में नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक होंगी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। अब अधिकांश देशों के लिए यह स्पष्ट हो गया है कि व्यापार या रणनीतिक क्षेत्रों में साझेदारी के लिए अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का मानना है कि अमेरिका के सहयोगी उसके प्रति न्यायसंगत नहीं रहे हैं। यूरोपीय संघ ने अमेरिका के साथ एकतरफा व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य रक्षा व्यय बढ़ा रहे हैं। अमेरिका का व्यवहार भारत के साथ भी अनुचित रहा है। 25 फीसदी के कथित जवाबी शुल्क के अलावा उसने भारत पर रूसी तेल आयात करने के कारण 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। ऐसे में अगर जर्मनी के साथ भारत के रिश्ते और मधुर होते हैं, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील हो जाती है तो भारत को अमरीकी टैरिफ से निपटने में बहुत मदद मिलेगी।

## विचार

अगर कोई व्यक्ति दृढ़ रहता है तो उसे पतन का गम नहीं होना चाहिए। वह उठकर फिर से चल देगा।

–महर्षि अरविन्द.

सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा ही एक बड़ा राष्ट्रीय पाप है।

–स्वामी विवेकानन्द.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना, दूसरों के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड्स.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी आवश्यकता है जितनी शरीर को व्यायाम की।

-जोसेफ एडीसन.

जहां दया रहती है, वहां धर्म रहता है। जहां लोभ रहता है, वहां पाप का वास होता है। जहां क्रोध रहता है, वहां मृत्यु रहती है और जहां क्षमा रहती है, वहां भगवान रहते हैं।

–संत कबीर.

# हेल्थ इमरजेंसी जैसी है दिल्ली की सर्दी

डॉ. अनिता राठौर

दिल्ली की सर्दी अब 'मौसम' नहीं—एक हेल्थ इमरजेंसी बन गयी है, क्योंकि दिल्ली में भीषण ठंड अकेली नहीं आती—वह प्रदूषण को साथ लाती है और दोनों मिलकर शरीर पर हमला करते हैं। इसी वजह से इस मौसम में हार्ट अटैक/स्ट्रोक, सांस की बीमारियां, बच्चों के इंफेक्शन, किडनी व ब्लडप्रेशर बिगड़ना, और गर्भवती महिलाओं में प्रीटर्म डिलीवरी का खतरा—एक साथ बढ़ता दिख रहा है।



दिल्ली की सर्दी अब सिर्फ मौसम नहीं रही—यह शरीर पर चुपचाप टूटती एक हेल्थ इमरजेंसी बन चुकी है। दिन निकलते ही धूप की जगह आसमान में धूसर चादर फैल जाती है और रात उतरते-उतरते वही घुटन में बदल जाती है। यह वह शहर है जहाँ ठंड 'आराम' नहीं देती, बल्कि फेफड़ों की परतों पर जमी जहरीली हवा के साथ मिलकर दिल, दिमाग और रक्त-प्रवाह पर सीधा हमला करती है। एक तरफ तापमान गिरता है—और दूसरी तरफ पी एम 2.5 का स्तर बढ़कर सांसों में 'धुआँ' भर देता है। नतीजा यह कि अस्पतालों की ओपीडी में खांसी, सांस फूलना, अस्थमा अटैक, ब्रोंकाइटिस जैसी शिकायतों की बाढ़ आ जाती है। जनवरी 2026 में अभी तक (15 जनवरी 2026 तक) सिर्फ सरकारी अस्पतालों में ही 25000 से ज्यादा केस रजिस्टर्ड हो चुके हैं। वहीं दूसरी ओर ब्लड प्रेशर में अचानक उछाल, हार्ट स्ट्रेस और स्ट्रोक के खतरे की घंटियां भी घनघना रही हैं। सबसे डरावनी बात यह है कि इस कॉकटेल का असर केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं—यह बच्चों के फेफड़ों को भी छोटा कर रहा है और गर्भवती महिलाओं के लिए भी जोखिम बढ़ा रहा है। इसी वजह से हाल के दिनों में डॉक्टरों की चेतावनियाँ तेज हुई हैं—कि दिल्ली की यह सर्दी 'सीजन' नहीं, स्वास्थ्य के लिए संकट का मौसम है। अब सवाल यह नहीं कि ठंड कितनी है, सवाल यह है कि दिल्ली की हवा में कितनी जिंदगी बची है।

### ठंड का डबल अटैक

ठंड के मौसम में हवा भारी हो जाती है, तापमान गिरता है, हवा चलना कम हो जाती है और प्रदूषक कण (पीएम 2.5/पीएम 10) जमीन के पास फंस जाते हैं। इसी वजह से दिल्ली में कई दिनों तक एक्यूआई बहुत खराब या गंभीर श्रेणी में बना रहता है। उदाहरण के तौर पर जनवरी 2026 में अब तक दिल्ली में एक्यूआई 350+ से कम रिपोर्ट नहीं हुआ जो बहुत खराब स्थिति है जबकि न्यूनतम तापमान 2-5 डिग्री सेंटीग्रेट तक रहा है। इस 'डबल अटैक' का असर लोगों के शरीर पर अलग-अलग स्तरों पर पड़ रहा है—फेफड़े, दिल, दिमाग, किडनी, गर्भस्थ शिशु और यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य भी। हाल की रिपोर्टों में डॉक्टरों ने चेताया कि ठंड में हृदय और फेफड़ों से जुड़ी आपात स्थितियां बढ़ती हैं, बीपी अचानक स्पाइक्स होते हैं

**सामयिक**

ऐसे में कमजोर वर्ग सबसे अधिक जोखिम में रहता है। सवाल है दिल्ली में हर बार ठंड इतनी ही खतरनाक क्यों होती है? इसका एक बड़ा वैज्ञानिक कारण है—टेम्प्रेचर इन्वर्जन। सामान्यत गर्म हवा ऊपर उठती है और प्रदूषण फैलता है, पर सर्दियों में ऊपर की हवा अपेक्षाकृत गर्म और नीचे की हवा ठंडी होती है, जिससे प्रदूषक नीचे ही 'कैद' हो जाते हैं। इसमें कम हवा की गति तथा धुंध/फॉग स्थिति को बेहद खराब कर देती है। यही कारण है कि शीतलहर के साथ दिल्ली की हवा अक्सर 'बेहद खराब' बनी रहती है।

### ठंड में हार्ट अटैक स्ट्रोक का बढ़ता खतरा

ठंड में शरीर खुद को बचाने के लिए रक्त नलिकाओं को संकुचित कर देता है ताकि गर्मी अंदर बनी रहे। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है, दिल पर लोड बढ़ता है, रक्त गाढ़ा होने और क्लॉटिंग का खतरा बढ़ता है। एम्स/ दिल्ली के डॉक्टरों की चेतावनी के मुताबिक सर्दियों में ब्लड प्रेशर नियंत्रण बिगड़ जाता है और हृदय/ किडनी/ डायबिटीज मरीजों में जटिलताएं बढ़ती हैं। ज्यादा सर्दियों में हार्ट अटैक, स्ट्रोक और श्वसन समस्याओं का खतरा बढ़ता है। अगर सुबह-सुबह (जब ठंड चरम पर और प्रदूषण भी भारी होता है) तेजी से वाक या एक्सरसाइज की जाए तो हार्ट पर अचानक दबाव बढ़ सकता है—इसीलिए आजकल कई डॉक्टर अर्ली मोर्निंग एक्सपोजर से बचने की सलाह दे रहे हैं। इस मौसम में अस्थमा, सीओपीडी और बच्चों में निमोनिया—सर्दी में सांस लेना मुश्किल हो जाता है क्योंकि ठंड में लोग दरवाजे-खिड़कियां बंद रखते हैं। रूम हीटर/ अंगीठी, धूपबत्ती/ अगरबत्ती, किचन स्मोक, नमी और फफूंद आदि के कारण घर के अंदर का प्रदूषण बढ़ता है। साल 2025 की एक रिसर्च के मुताबिक सर्दियों में दिल्ली के घरों में फंगल/बैक्टीरियल कणों की मौजूदगी के कारण खांसी, एलर्जी, आंखों में जलन आदि की समस्या आम है। यह भी बच्चों और बुजुर्गों के लिए सबसे घातक है—क्योंकि उनकी श्वसन प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है।

### गर्भवती महिलाओं पर असर

दिल्ली की भीषण सर्दी और प्रदूषण के कारण प्री-टर्म डिलीवरी का जोखिम बढ़ जाता है। हाल ही में आयी एक रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादा ठंड में गर्भवती महिलाओं में बीपी बढ़ सकता है, इम्यूनिटी पर असर डाल सकता है जो समय पूर्व प्रसव का खतरा बढ़ा सकता है। पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ (2025) के अध्ययन में पीएम 2.5 एक्सपोजर के साथ प्रीमैच्योर डिलीवरी का बढ़ना रिपोर्ट किया गया है। इंडिया टुडे (नवंबर 2025) की रिपोर्ट के अनुसार उच्च रक्तचाप 2.5 एक्सपोजर में समय से पहले प्रसव का जोखिम 70 फीसदी तक बढ़ जाता है। मतलब साफ है दिल्ली की सर्दी में गर्भवती महिला का बाहर जाना—खासकर धुंध/स्मॉग के दिन—केवल असुविधा नहीं, एक वास्तविक मेडिकल रिस्क है। इसी तरह किडनी और डायबिटीज मरीजों के लिए भी 'सर्दी छुपकर नुकसान करती है'। क्योंकि सर्दियों में प्यास कम लगती है—लोग पानी कम पीते हैं, जिससे शरीर में पानी कमी तथा ब्लडप्रेशर बढ़ जाता है जो कि किडनी में दबाव बनाते हैं। और डायबिटीज में—कम धूप, कम चलना, ज्यादा कैलोरी का भोजन आदि शुगर कंट्रोल की स्थिति को बिगड़ता है। एम्स दिल्ली के डॉक्टरों के अनुसार यह ट्रेंड लगातार दिख रहा है। इस मौसम की एक और सबसे बड़ी मार है हाइपोथर्मिया की जो कि गरीब और बेघर लोगों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दिल्ली जैसे शहर में ठंड 'सामाजिक असमानता' को और नंगा करती है। जिनके पास पर्याप्त कपड़े/ रजाई/हीटर नहीं, उनके लिए हाइपोथर्मिया जानलेवा हो सकती है। इसमें शरीर का तापमान गिरने लगता है—कंपकंपी, भ्रम, सुस्ती और फिर बेहोशी तक स्थिति पहुंच सकती है। इस सबके साथ मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति भी ज्यादा ठंड और दिल्ली के प्रदूषण में बिगड़ जाती है। डिप्रेशन, सांस की घुटन, कम धूप, बंद वातावरण, लगातार खांसी/एलर्जी और डर—दिल्ली की सर्दी में एंग्जायटी और नींद की समस्या बढ़ा देते हैं। ऊपर से स्कूल/ ऑफिस का रूटीन, ट्रैफिक में धुंध, आंखों में जलन—ये सब मिलकर लोगों को मानसिक रूप से अस्वस्थ बनाते हैं। कुल मिलाकर दिल्ली की सर्दी अब 'मौसम' नहीं—एक हेल्थ इमरजेंसी बन गयी है, क्योंकि दिल्ली में भीषण ठंड अकेली नहीं आती—वह प्रदूषण को साथ लाती है और दोनों मिलकर शरीर पर हमला करते हैं। इसी वजह से इस मौसम में हार्ट अटैक/स्ट्रोक, सांस की बीमारियां, बच्चों के इंफेक्शन, किडनी व ब्लडप्रेशर बिगड़ना, और गर्भवती महिलाओं में प्रीटर्म डिलीवरी का खतरा—एक साथ बढ़ता दिख रहा है।

## सोशल मीडिया



श्री सोमनाथ महादेव मंदिर- भारत का प्रथम ज्योतिर्लिंग और सदियों पुरानी अखंड आस्था व सभ्यतागत स्मृति का साक्षात प्रतीक है, केवल देवस्थान ही नहीं चेतना का भी प्रतीक है। केशव प्र. मौर्य

# आत्मशोधन का महत्व

अपने कर्म, साधना और कर्तव्य परायणता से व्यक्ति जितना अपना पारिष्कार करता है, परिमार्जन करता है, उतना ही उसका व्यक्तित्व निखरता है। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

# वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनने की पहल

**नीति आयोग ने एक रोडमैप बनाया है, जिस पर चलकर हम देश के विश्वविद्यालयों में अभी पढ़ रहे लगभग 55 हजार विदेशी छात्रों की संख्या को 2047 तक 11 लाख तक पहुंचा सकते हैं। भारत को वैश्विक शिक्षा का केंद्र, ग्लोबल नॉलेज पावरहाउस बनाने का सपना 2026 से शुरू होगा। बेशक, क्रियान्वयन की गति और राजनीतिक इच्छाशक्ति निर्णायक होगी। क्या यह सपना संभव है?**



प्रतिबिंब ● संजय श्रीवास्तव

नीति आयोग ने 160 भारतीय विश्वविद्यालयों और 30 वैश्विक संस्थानों से परामर्श करके देश को एक वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने के लिए एक विस्तृत रोडमैप पेश किया है, जो नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 को अंतर्राष्ट्रीयकरण से जोड़ती है। इरादा है 2047 तक भारत को शिक्षा और अनुसंधान का 'ग्लोबल हब' बनाना। आयोग के अनुसार सरकार इससे सहमत है और इस रोडमैप पर काम की शुरूआत इसी साल यानी 2026 से शुरू होगी। योजना के तहत भारत को ग्लोबल नॉलेज पावरहाउस बनाने के लिये 2030 तक 1,55,000 और 2035 तक 3,60,000 और अंततः 2047 तक 11 लाख अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का भारतीय शिक्षा केंद्रों तक लाने का लक्ष्य है। फिलहाल देश में 55 हजार से कुछ ज्यादा विदेशी छात्र पढ़ रहे हैं, ऐसे में इसकी महत्वाकांक्षा की विशालता का अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है, वह भी तब जब संसार भर में विदेश जाकर पढ़ने वाले छात्रों की संख्या जो 2001 में 22 लाख थी, 2022 तक 214 फीसदी की दर से बढ़कर 69 लाख तक पहुंच गई हो। मगर विगत तीन वर्षों में अपने देश आने वाले विद्यार्थियों की संख्या में सकारात्मक बढ़त के बावजूद इसमें हमारी हिस्सेदारी नगण्य ही रही। हमारे देश में ज्यादातर छात्र नेपाल से आते हैं, बहुत से अफगानिस्तान, बांग्लादेश तथा अफ्रीकी देशों से। कुछ अमेरिका और यूएई से भी आते हैं। लेकिन तमाम विकसित देशों से यहां छात्र नहीं के बराबर आते हैं। विकसित देशों की राय में भारतीय उच्च शिक्षा की छवि क्वाक्वेरेली साइमंड्स और एकेडमिक रैंकिंग ऑफ वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज दोनों में बेहद कमजोर है और वह शोध, फैकल्टी अनुपात और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी से ग्रस्त है। मगर नीति आयोग यह धारणा तोड़ने के प्रयास में है, वह मानता है कि बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, विश्वस्तरीय कोर्सेज, किफायती शिक्षा और भारत की समृद्ध संस्कृति ये सभी भारत को वैश्विक छात्रों के लिए आकर्षक बनाते जा रहे हैं।

नेपाल, अफगानिस्तान, बांग्लादेश के बाद अब उसे उम्मीद है कि देश को ग्लोबल साउथ, अफ्रीका, मध्य एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया से एमबीबीएस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के अलावा आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसे आयुष कोर्सेज के लिए लाखों छात्र मिलेंगे। ये छात्र भारत को इसलिए चुन सकते हैं, क्योंकि यहां लागत कम है, पाठ्यक्रम अंग्रेजी में हैं, सांस्कृतिक निकटता है और अब यदि डिग्री की वैश्विक मान्यता और मजबूत कर सकें तो शिक्षा के लिये भारत को चुनने का आकर्षण उनमें कई गुना बढ़ सकता है। आज देश में एक विदेशी छात्र विदेश से भारत पढ़ने आता है, तो तकरीबन तीस भारतीय विद्यार्थी विदेश जाते हैं। यह असमानता उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, अवसरों या सीटों की कमी, बेहतर अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर की गहरी खामियों को उजागर करता है। भारतीय छात्र विदेशों में तकरीबन 18 लाख हैं, ये वहां पढ़ाई पर साढ़े.छह लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करते हैं, जो हमारी जीडीपी के दो फीसदी और बजट के चार गुना के बराबर है। इस सबके अलावा 2011 से अब तक लगभग 20 लाख भारतीयों द्वारा नागरिकता छोड़ना ज्ञान-आधारित निर्भरता की चिंता को बढ़ा रहा है। 2017 में इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस स्कीम के तहत 20 संस्थानों को विश्व स्तरीय बनाने का लक्ष्य था। लेकिन लगभग दर्जनभर को लेटर ऑफ इंटेंट मिलने से आगे बात नहीं बढ़ी। प्रतिभा पलायन और शिक्षा संस्थानों को गुणवत्तापूर्ण बनाने में सुस्ती साथ में राजस्व हानि की ऐसी विकट स्थितियों में निःसंदेह नीति आयोग का महत्वाकांक्षी




प्रस्ताव समयोचित है। बेशक, अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के समकक्ष एक वैश्विक शिक्षा केंद्र बनना कठिन है; क्योंकि वहां दशकों से विकसित विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वायत्तता, मजबूत फंडिंग, उद्योग-शिक्षा गठजोड़, पोस्ट-स्टडी वर्क वीजा, उच्च रैंकिंग जैसे आकर्षण हैं और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग भी है। फिर भी भारत के पास किफायती शिक्षा, विशाल अकादमिक इकोसिस्टम, अंग्रेजी का व्यापक प्रयोग, सांस्कृतिक विविधता और समावेशिता जैसी विशिष्ट ताकतें हैं। यदि डॉक्टरेट कार्यक्रमों की मजबूती, प्रतिस्पर्धी फेलोशिप, उद्योग-समर्थित शोध और करियर अवसरों का सृजन इत्यादि पर रणनीतिक ढंग से निवेश हो तो भारत 'वैल्यू फॉर मनी' के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विश्वसनीय विकल्प बन सकता है।

यह अलग तथ्य है कि अकादमिक प्रतिष्ठा के मामले में क्वाक्वेरेली साइमंड्स रैंकिंग में 60 से 70 पॉइंट्स पीछे होना, पीएचडी नामांकन 5 वर्षों में 60 फीसदी बढ़ने के बावजूद फंडिंग और आउटकम बहुत सीमित होने के अलावा स्कॉलरशिप की कमी, असमान अवसंरचना, जटिल वीजा, फीस में अपारदर्शिता, पार्ट-टाइम जॉब की सीमाएं तो हैं ही। चुनौतियां तो हैं, पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, नियामक सुधार और संस्थानों की वैश्विक पहुंच बढ़ाने से विदेशी छात्रों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। इसके लिए भारत को ब्रांडिंग, गुणवत्ता-आश्वासन और छात्र-सहायता में बड़ी छलांग लगानी होगी। यूजीसी और एआईसीटीई को एकीकृत कर विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान जैसे ढांचागत सुधार को यदि वास्तविक स्वायत्तता मिले, यह त्वरित निर्णय और पारदर्शी मानक सुनिश्चित करें तो न केवल विदेशी छात्र आएंगे बल्कि प्रतिभा पलायन भी घटेगा।

स्टडी इन इंडिया को सिंगल डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने से आवेदन, वीजा, प्रवेश, सहायता, सब एक जगह संभव होंगे। डॉक्टरेट और शोध को बढ़ावा देने में हाल के वर्षों में प्रगति तो हुई है, पर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए फंडिंग और आउटपुट दोनों बढ़ाने होंगे। देश के विश्वविद्यालयों में 'कैंपस विद इन कैंपस' मॉडल और 10-वर्षीय सनसेट क्लॉज से लचीलापन आने की उम्मीद है। ह्यसरकार द्वारा यूईए, ब्रिटेन, मध्य एशिया और अफ्रीका में ऑफशोर भारतीय कैंपस स्थापित करना और 2026 तक यूजीसी तथा आइएफएससीए नियमों के तहत अहमदाबाद के गिफ्ट सिटी जैसे हब में विदेशी विश्वविद्यालयों को अनुमति देना भी सही दिशा है। इससे वैश्विक भरोसा बढ़ेगा और विदेशी छात्रों को भारत की ओर आकर्षण मिलेगा बशर्ते गुणवत्ता-मानक कठोर हों। पाठ्यक्रमों का वैश्वीकरण, ग्लोबल साउथ टारगेटिंग, फैकल्टी एक्सचेंज, संयुक्त शोध, विदेशी कैंपस और अंतर्राष्ट्रीय मान्यता, नियमों, वित्तीय प्रक्रियाओं, ब्रांडिंग और कैंपस सुविधाओं में ठोस सुधार आवश्यक हैं, पर इसके साथ छात्र-अनुभव- वीजा, आवास, सुरक्षा, शिकायत निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

स्कॉलरशिप की कमी, गुणवत्ता-धारणा और असमान बुनियादी ढांचे को दूर करने के लिए विश्व बंधु स्कॉलरशिप, मजबूत अंतर्राष्ट्रीय छात्र-सेवाएं, पारदर्शी फीस, सुरक्षित आवास, पार्ट-टाइम काम और इंटर्नशिप- इन सब पर एक साथ काम करना लाजिमी है। क्षेत्र-विशिष्ट कार्यक्रम, संयुक्त डिग्री, इंडस्ट्री इंटर्नशिप और स्थानीय भाषाओं में सपोर्ट सेवाएं विकसित करना भी जरूरी है। फैकल्टी डाइवर्सिटी और उद्योग लिंकेज, फैकल्टी-छात्र अनुपात, प्रयोगशालाएं और प्रशासनिक जटिलताएं ठोस निवेश और समय के साथ सुधरेंगी। इन व्यापक सुधारों से विदेशी छात्र बढ़ेंगे तो इस क्षेत्र में वैश्विक छवि निखरेगी, आर्थिक विकास होगा क्योंकि शिक्षा-निर्यात, अनुसंधान और नवाचार सीधे जीडीपी से जुड़ती है। सरकार शिक्षा को महज आर्थिकी के एक विषय के तौरपर ही नहीं सॉफ्ट पावर और ज्ञान-कूटनीति के औजार के रूप में देख रही है। साल 2017 की इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस योजना इसी लिए ही लायी गई थी, वह योजना तो सिरे नहीं चढ़ी और अपेक्षित संख्या में विश्वस्तरीय संस्थान तैयार नहीं हुए पर तय है कि शिक्षा को अर्थशास्त्र से आगे बढ़कर सॉफ्ट पावर मानने की यही कसौटी भारत को वैश्विक ज्ञान-नेतृत्व तक ले जाएगी। कुल मिलाकर वैश्विक शिक्षा और अनुसंधान केंद्र बनाने का नीति आयोग का रोडमैप महत्वाकांक्षी है, पर असंभव नहीं। हालांकि यह लक्ष्य केवल विश्व विद्यालयों की संख्या बढ़ाने का नहीं बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, शोध-नवाचार, अंतर्राष्ट्रीय भरोसे और छात्र-अनुभव चारों को एक साथ उन्नत करने की कसौटी है। अब सवाल यह है कि देश अपने संरचनात्मक अवरोधों को कब तक दूर करेगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मानकों पर कब खरा उतरेगा। फिलहाल तो सपना बड़ा है पर नीतिपूर्ण क्रियान्वयन से यह संभव है।

## आप की बात

### गरीबों का सशक्तीकरण

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। गरीबों को घर मिलने से उनका सशक्तीकरण होगा।
प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### सरकारी अस्पतालों में भीड़

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## खनन माफिया पर प्रशासन का शिकंजा

**अयोध्या** ।सोहावल क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपजिलाधिकारी सोहावल सविता देवी की कड़ी कार्रवाई के बाद खनन माफिया मौके से फरार हो गए।पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब की है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ (ब्त्च्थ्) के नाम पर तालाब की काली मिट्टी का अवैध खनन किए जाने का आरोप है।बताया जा रहा है कि तालाब को महीनों पहले ही बंद (वैन) कर दिया गया था, इसके बावजूद लगातार खनन कर मिट्टी की स्थानीय बाजार में बिक्री की जा रही थी। ओवरलोड डंपरों के आवागमन से क्षेत्र की सड़कें और पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थीं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।उपजिलाधिकारी सोहावल के निर्देश पर स्थानीय स्तर पर मिट्टी की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए गए।इसके बाद थाना प्रभारी मनोज शर्मा की सख्ती से खनन माफिया अपने पोकलैंड मशीन लेकर मौके से भाग खड़े हुए।

# विकास की दौड़ में मावन मूल्यों की भूमिका अहम : राज्यपाल

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल आज महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालयए अयोध्या में आयोजित भगवान श्रीराम की 35 फीट ऊँची भव्य प्रतिमा के अनावरण समारोह एवं भारतीय ज्ञान परंपरा

- भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित शिक्षा संगोष्ठी में हुईं शामिल
- विश विद्यालय में श्रीराम प्रतिमा का किया अनावरण

आधारित शिक्षा संगोष्ठी कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की यह दिव्य प्रतिमा स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण होने के साथ.साथ सत्यए धर्मए करुणा और कर्तव्य जैसे मानव जीवन के सर्वोच्च आदर्शों की जीवंत अभिव्यक्ति है।राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीराम भारत की सांस्कृतिक चेतना के केंद्र हैं।उनका जीवन सुशासनए सामाजिक समरसता और नैतिक नेतृत्व के कालातीत आदर्श प्रस्तुत करता है।प्रभु श्रीराम यह संदेश देते हैं कि सत्ता सेवा का माध्यम होए शक्ति संयम से संचालित हो और निर्णय लोकमंगल से प्रेरित हों।उन्होंने कहा कि आधुनिक विकास की दौड़ में मानवीय मूल्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और बिना नैतिकता व करुणा के वास्तविक विकास संभव नहीं है।कार्यक्रम के दौरान डॉण् राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालयए अयोध्या एवं महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालयए अयोध्या के मध्य समझौता ज्ञापन ;एमओयूद्ध पर हस्ताक्षर किए गए। राज्यपाल ने इस पहल को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह अकादमिक साझेदारी शैक्षणिक सहयोगए संयुक्त शोधए अनुसंधान और सांस्कृतिक आदान.प्रदान को सुदृढ़ करेगी तथा अयोध्या को ज्ञान एवं संस्कृति के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने में की शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्ति नहींए बल्कि जीवन निर्माण रहा है।सा विद्या या विमुक्तये की भावना के अनुरूप भारतीय शिक्षा चरित्र निर्माणए विवेक जागरण और करुणा के संस्कार देती है।उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा एक.दूसरे की विरोधी नहींए बल्कि परस्पर पूरक हैं।राज्यपाल ने महर्षि महेश योगी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका मानना था कि स्थायी शांति का मार्ग व्यक्ति की आंतरिक चेतना से होकर गुजरता है। चेतना.आधारित शिक्षा की अवधारणा आज के तनावग्रस्त वैश्विक परिवेश में अत्यंत प्रासंगिक है।साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकासए नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।डिजिटल इंडियाए मेक इन इंडियाए स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियान नवभारत के निर्माण की मजबूत नींव हैं।इस अवसर पर अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, अयोध्या विधानसभा के विधायक अजय प्रकाश श्रीवास्तव, कुलपति प्रोण बीण्पी, सिंह सहित अनेक गणमान्यजन, शिक्षकगण एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

## गुटबाजी का शिकार हुए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा

अयोध्या।राजर्षि दशरथ स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय दर्शननगर अयोध्या के प्राचार्य डॉण सत्यजीत वर्मा आखिर अपने विरोधियों की राजनीति का शिकार हो ही गए। उनको महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। उनके स्थान पर कन्नौज मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश सिंह मार्तोलिया को राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज का कार्यवाहक प्राचार्य बनाया गया है।

बताते चलें कि राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज में प्राचार्य सत्यजीत वर्मा के खिलाफ काफी समय से एक गुट सक्रिय था।जो उनके हर एक कार्य में बांधा डालता रहाएफिर भी डा सत्यजीत वर्मा अपने कर्तव्य पर डटे रहे।उन्होंने मरीजों को सुविधाएं देने के लिए काफी व्यवस्थाएं कराई।फिर भी उनका विरोधी गुट उनके पीछे लगा रहा।

आखिर शासन में विरोधी गुट ने शिकायत कर डा सत्यजीत वर्मा के खिलाफ जांच लगवा दी।शिकायत के आधार पर शासन ने डा वर्मा को महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया है।

## सूखे-गीले कचरे को अलग करने को लेकर अधिशासी अधिकारी ने चलाया जनजागरुकता अभियान



**बंकी, बाराबंकी।** लोगों को घरों से निकलने वाले सूखे-गीले कचरे को अलग करने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बंकी मोहिनी केसरवानी के नेतृत्व मे जन-जागरूकता अभियान मे ट्रेनिंग पार्टनर, कार्यालय कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन लोगों को अपने घरों से निकलने वाला सूखा-गीला कूड़ा अलग-अलग किये जाने हेतु जागरुक किया गया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि साईपुरम-1 वार्ड मे झा मैरिज हाल के पास मेन रोड किनारे खाली पडे प्लाट में काफी समय से लोगों द्वारा कूड़ा फेका जाता था।जिसको साफ सफाई करवाकर आस पास के लोगों को कूडा फेकते मिलने पर सम्बन्धित से जुमार्ना व नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गयी थी। जिसके बाद आज शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान साफ सफाई व्यवस्था के प्रति काफी सुधार देखने को मिला है। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग कर हम अपने नगर को स्वच्छ बना सकते हैं। और अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर कर सकते है।सूखा कचरा पुनर्चक्रण के बाद एक मूल्यवान संसाधन बन जाता है, जब कि गीले कचरे से जैविक खाद बनेगी।

## 25 लीटर शराब बरामद



**बाराबंकी।** कच्ची शराब का काला कारोबार करने वाले अवैध नशातिजातियो के खिलाफ आबकारी विभाग का धड़पकड़ अभियान जारी है। शासन की मंशा के अनुरुप राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले अवैध शराबखोरो पर विभाग की पैनी नजर दिखाई दे रही है।विशेष प्रवर्तन अभियान के विषय मे पूरी जानकारी देते हुये जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के अनुसार आज आबकारी निरीक्षक सर्किल रामनगर उमाशंकर चैधरी की टीम ने दर्जनो गांवो मे दंबिश देकर भारी मात्रा मे कच्ची शराब को बरामद किया है। टीम ने थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मल्लाहन का पुरवा, बरसाती पुरवा सहित 12 संदिग्ध ठिकानो पर दंबिश दी।मौके से 25 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया।100 किलोग्राम तैयार लहन को मौके पर नष्ट किया गया। साथ ही आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 2 अभियोग पंजीकृत करते हुये अभियुक्तो को जेल भेजा गया। ग्रामवासियो को कच्ची शराब बनाने वाले तस्करो के खिलाफ सूचना दिये जाने की अपील करते हुये जागरुक किया गया।

## बस स्टैंड पर प्रथम दिन हुआ 90 चालकों परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण



**बाराबंकी।** सड़क हादसो में कमी लाने हेतु परिवहन विभाग द्वारा 1 से 31 जनवरी 2026 तक चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज परिवहन निगम के बस अड्डा पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर मे स्वास्थ्य विभाग सी0एच0सी जाटा बरौली के डॉ0 प्रियंका बैसवार, स्टाफ नर्स पूजा वर्मा,

- चिकित्सको ने की बी0पी, शुगर, आंखो की जांच, बांटे जागरुकता पम्पलेट

बड़ा गांव सीएचसी से अर्जुन वर्मा, नेत्र प्रशिक्षण आशीष वर्मा, लैब टेक्नीशियन अनुराग की टीम द्वारा वाहन चालकों एवं परिचालकों, कर्मचारियों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।परीक्षण शिविर में लगभग 90 चालको, परिचालको का ब्लड़ प्रेशर, शुगर समेत आंखो की जांच की गई।शिविर के दौरान चालको को सड़क पर वाहन चलाते समय जल्दबाजी न करने, महिलाओ को पूरे सम्मान के साथ बसो मे यात्रा कराने हेतु निर्देशित किया। तथा उपस्थित यात्रियो को जागरुकता हेतु पम्पलेट भी बांटे।

इस मौके पर एआरएम जमीला खातून, बस स्टेशन प्रभारी ए0के0 अवस्थी समेत अन्य कर्मचारी, चालक-परिचालक मौजूद रहे।

# टैक्सी चालक का अपहरण कर हत्या करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, लूटी कार व मफलर बरामद

**अयोध्या** ।पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने थाना कोतवाली अयोध्या क्षेत्र में हुए अपहरण व हत्या के सनसनीखेज मामले का सफल अनावरण किए जाने की जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि टैक्सी चालक का गाड़ी सहित अपहरण कर हत्या करने और शव को छिपाने के मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई स्विफ्ट डिजायर कार, मृतक की चेन-अंगूठी तथा हत्या में प्रयुक्त मोफलर बरामद की गई है।



एसएसपी ने बताया कि शासन के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी अयोध्या के निकट पर्यवेक्षण में कार्रवाई की गई। दिनांक 15 जनवरी 2026 को अवध बिहारी का पुरवा एयरपोर्ट पक्के नाले की पुलिया के पास से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी थाना कोतवाली अयोध्या में पंजीकृत मुकदमा संख्या 18/25 के तहत की गई। घटना दिनांक 23 नवंबर 2024 को वादिनी ने थाने पर सूचना दी थी कि उसके पति अजीत गुप्ता टैक्सी लेकर बाहर गए थे और 21 नवंबर की रात फोन पर गोरखपुर जाने की बात कहने के बाद घर नहीं लौटे। इस संबंध में पहले गुमशुदगी दर्ज की गई, बाद में साक्ष्य सामने आने पर अपहरण व हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।जांच में एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद से सामने आया कि अभियुक्तों ने योजनाबद्ध तरीके से अयोध्या से गोरखपुर जाने के लिए स्विफ्ट डिजायर कार बुक कराई। कैंपियरगंज (गोरखपुर) ले जाकर अजीत गुप्ता की गला कसकर हत्या कर दी गई। इसके बाद उनकी चेन, अंगूठी व कार लूट ली गई और शव को छिपाने की नीयत से बिहार के मुजफ्फरनगर जनपद के थाना सकरा क्षेत्र में फेंक दिया गया। घटना के बाद आरोपी अलग-अलग शहरों में मोबाइल व लोकेशन बदलकर छिपते रहे।गिरफ्तार अभियुक्तपुलिस ने विभव तिवारी उर्फ रौनक तिवारी, बलराम कुमार झा, किशोरी शास्त्री उर्फ किशोरी कुमार दास तथा विशाल पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी अनमोल मिश्रा फरार है, जिसकी तलाश जारी है।आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कत्थई रंग का मोफलर तथा लूटी गई स्विफ्ट डिजायर कार (संख्या न्च्65 ब 1777) बरामद की गई है।

## समरसता भोज कार्यक्रम का आयोजन

**टिकैतनगर,बाराबंकी।** सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम तिवारी द्वारा समरसता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि समाज में समरसता भोज की अत्यंत आवश्यकता है जिससे समाज हमेशा एक है और समाज में भाईचारा बना रहे।इस मौके पर एमएलसी अंगद सिंह, नगर पंचायत टिकैतनगर अध्यक्ष जगदीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने केक काट मनाया डॉ. पुनिया की वैवाहिक वर्षगांठ और कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया का जन्मदिन



**बाराबंकी**। ओबरी स्थित सांसद आवास पर पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया की 51वीं वैवाहिक वर्षगांठ एवं कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया के जन्मदिन को जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन व नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम मे पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने कहा कि जनपद मेरी कर्मभूमि थी।मेरी कर्मभूमि से जो मुझे स्नेह और प्यार आम जनमानस का मिलता है। वह किसी दौलत और शोहरत से कम नही है। मेरी शादी के वर्षगांठ के ही दिन बेटे तनुज पुनिया का जन्म हुआ था।जिस प्रकार मुझे स्नेह और प्यार मिला।उससे कहीं ज्यादा मेरे बेटे को आम जनमानस से स्नेह और प्यार मिल रहा है।कार्यक्रम में के0सी0 श्रीवास्तव, वीरेन्द्र यादव, मोहम्मद सुहेल, अजीत वर्मा, आदर्श पटेल, राम हरख रावत, विजयपाल गौतम, अजय रावत, गोपी कनौजिया, इरफान कुरैशी, सना चैधरी, सिकन्दर अब्बास रिजवी, शिव कुमार मौजूद रहे।

# चुनाव के प्रथम दिन 700 वकीलों ने किया मताधिकार का प्रयोग





**बाराबंकी।** सिविल कोर्ट स्थित न्याय निलयम भवन मे उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य पद के चुनाव पद हेतु मतदान प्रक्रिया सुबह 10 बजे शुरू

- उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य पद के लिए मतदान प्रक्रिया की हुई शुरूआत
- मतदान स्थल का जनपद न्यायाधीश ने किया निरीक्षण, चुनाव कोर्डिनेटर रहे

हुई। कक्ष संख्या-1 मे बनाये गये मतदान स्थल मे शुरूआती दौर पर 4 बूथो से मतदान प्रक्रिया की शुरूआत हुई।

लेकिन अधिवक्ताओ की बढ़ती भीड़ और अधिक प्रतिशत मे मतदान कराये जाने हेतु बूथो की संख्या को अधिवक्ताओ की मांग पर बढ़ा दिया गया। 23 बूथो के माध्यम से मताधिकार प्रक्रिया को निर्धारित समय तक मतदान हेतु संचालित किया गया। मतदान स्थल का निरीक्षण करने पहुंची जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम विनय कुमार सिंह, चुनाव कोर्डिनेटर विशेष न्यायाधीश गैगेस्टर एक्ट असद अहमद हाशमी, सीजेएम सुधा सिंह, चुनाव पर्यवेक्षक एसीजेएम सक्षम द्विवेदी ने संयुक्त रुप से अधिवक्ताओ को मतदान करने मे किसी प्रकार की समस्या न हो इस पर भी विशेष ध्यान निरीक्षण के दौरान रखा।मतदान स्थल के बाहर भारी संख्या मे पुलिस बल तैनात किया गया था।

लेकिन मतदान स्थल पर जाने के लिये अधिवक्ताओ को बार काउसिल द्वारा जारी सीओपी प्रमाण पत्र, परिचय पत्र दिखाने पर ही प्रवेश मिल सका। प्रथम दिन शातिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। 3071 मतदाता अधिवक्ताओ मे 700 अधिवक्ताओ ने प्रथम दिन अपने मताधिकार का प्रयोग किया।कल शनिवार को चुनाव मतदान प्रक्रिया का अंतिम दिन है। जिसमे निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक वोटर लिस्ट मे शामिल अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगे।तो वही मतदान स्थल से दूर प्रवेश द्वार पर अधिवक्ता प्रत्याशियो व उनके समर्थको द्वारा अपने-अपने पक्ष मे वोट किये जाने की अपील की जा रही थी।

## चोरी मोटरसाइकिल बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक जनपद द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण जनपद बहराइच व क्षेत्राधिकारी महोदय मिंहीपुरवा जनपद बहराइच के कुशल नेतृत्व व थानाध्यक्ष श्री आनन्द कुमार चौरसिया थाना मोतीपुर जनपद बहराइच द्वारा थाना स्थानीय के गठित पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16.01.2026 को ग्राम सिंचाई कालोनी मोड़ के पास से अभियुक्त अनिल उर्फ मासूम अली पुत्र सरफराज अली निवासी टैगनहा थाना धौरहरा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया, जिससे कब्जे से 02 अदद मोटरसाइकिल जिसमें से 1.हीरो स्पेलेण्डर प्लस, जो कि थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 597/2025 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित थी, बरामद की गयी ।बरामदगी के आधार पर धारा 317(2)/317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त अनिल उपरोक्त का नाम प्रकाश में लाया गया व गिरफ्तार शुदा अभियुक्त का नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु पुलिस अभिरक्षा में रवाना किया गया ।

## जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 19 को

**बहराइच** ।आकांक्षी जनपद बहराइच को वर्ष 2026 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के संकल्प हेतु तैयार कार्ययोजना व बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन में विभिन्न विभागों एवं स्टेक होल्डर्स की भूमिका के सम्बन्ध में 19 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है।यह जानकारी देते हुए डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि कार्यशाला में राष्ट्रीय श्रम संस्थान नोएडा वी.वी. गिरी व मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा विषय विशेषज्ञों के रूप में प्रतिभाग किया जायेगा।कार्यशाला में जनपद की कार्ययोजना को अन्तिम रूप देकर चरणबद्ध रूप से बाल श्रम से प्रभावित क्षेत्रों को बाल श्रम मुक्त कराये जाने की रणनीति तैयार की जायेगी।जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं स्टेक होल्डर्स को जिला स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## संत रविदास मंदिर पर आयोजित किया गया समरसता भोज



जिला संवाददाता

**बहराइच।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच नगर के गुल्लावीर बस्ती स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज कार्यक्रम 'कार्यक्रम में संघ के विभाग प्रचारक श्री कृष्ण कुमार जी क्या काम को संबंध करते हुए कहा कि मकर संक्रांति उत्सव सामाजिक समरसता का महान पर्व है और इसमें समाज के हर व्यक्ति को जोड़ने का कार्य करता हैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बनता है उसमें मकर संक्रांति एक प्रमुख उत्सव है और कहा कि संघ स्वयंसेवक हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोने होने का कार्य करते हैं और कहाँ समरस समाज द्वारा ही देश को परम वैभव तक पहुंचाया जा सकता है कार्यक्रम में जिला प्रचारक अजय जी, साहित्य परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष और जिले के ख्याति प्राप्त कवि गुलाब चंद्र जायसवाल,जिला सेवा प्रमुख रमेश जी, जिला पर्यावरण प्रमुख अलोक जी नगर सह प्रचार प्रमुख इंद्रेश जी, सुरेश गुप्ता जी, गुल्लावीर बस्ती प्रमुख जितेंद्र जी,गुल्लावीर शाखा के मुख्य शिक्षक मनोज जी, शाखा कार्यवाह मंगल , जी, बबलू यादव,चन्दन यादव, , गोविन्द सिंह भदौरिया , निर्मल कश्यप ,आदि उपस्थित रहे।

# चिल्ड्रेन होम मांटेश्वरी के अभिभावकों से अंतरक्रियात्मक कार्यशाला

**रुपईडीहा बहराइच।** पड़ोसी मित्र राष्ट्र उप महानगरपालिका नेपालगंज बाँके जिला नेपालगन्ज के क्रियटिभ चिल्ड्रेन होम मान्टेश्वरीले बालबालिकाओं के अभिभावकों से अन्तरक्रियात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया । उपमहानगरपालिका वार्ड नंबर 12 बेलासपुर स्थित क्रियटिभ चिल्ड्रेन होम मान्टेश्वरी ने पहली बार अभिभावकों से अपने विद्यालय के परिसर में इस प्रकार की कार्यशाला सम्पन्न की है । अभिभावकों को प्रारम्भिक बालविकास की परिचय, महत्व, अभिभावको प्रकार के बारे जानकारी कराना, अभिभावकों से अपने बालबालिकाओं के जीवन में आया सकारात्मक परिवर्तन के बारे में अनुभव आदान प्रदान करना, विद्यालय के व्यवस्थापकीय तथा शैक्षिक गतिविधि के बारे जानकारी, समीक्षा करना, विद्यालय कौ आगामी शैक्षिक सत्र में करने वाली कार्यक्रम बारे जानकारी कराने की उद्देश्य से आयोजन किया गया वह कार्यशाला में अभिभावकों ने सक्रिय रुप से सहभागी हुये थे । वह कार्यशाला में विद्यालय की संस्थापक रेणु शेरचन से प्रारम्भिक बालविकास की परिचय, मान्टेश्वरी शिक्षा प्रणाली की अवधारणा, महत्व




और फाइदा के बारे में विद्युतीय शैक्षिक सामाग्री की प्रयोग करके स्पष्ट रुप से प्रकाश डाली थी । संस्थापक रेणु शेरचन ने अभिभावकों से प्रारम्भिक बालविकास माँ के गर्भ से लेकर 8 वर्ष तक होती है उस चीज की जानकारी कराते हुये इस के लिए अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती उस विषय पर प्रकाश डाली थी । क्रियटिभ चिल्डेन होम के प्रिन्सिपल तथा संस्थापक खिमा थापा ने वह कार्यक्रम मेंअभिभावकों को स्वागत करते हुये कार्यक्रम के बारे में अपनी प्रस्तुती की थी । संस्थापक खिमा थापा की अनुसार अभिभावकों को सहभागितामूलक विधि से कक्षा शिक्षकों से चार समूह में विभाजन करके प्रत्येक समूह को खेलते हुये सीखना क्रियाकलाप जैसे भाषा, पूर्व गणित, सामाजिक तथा सिर्जनात्मक क्रियाकलाप एक एक करके प्रयोग करने के लिये लगाया गया था इस प्रकार की क्रियाकलाप से बालबालिकाओं का सर्वाङ्गीण विकास कराया जा सकता है उस विषय को महसूस कराया गया था

इस के साथ ही संस्थापक खिमा थापा से अभिभावकों के प्रकार के बारे में जानकारी कराते हुये हम लोग कैसे अभिभावक बने वह विषय में बातचीत किया गया था ।इय से अभिभावकों ने अपने बालबालिकाओं के लिये मैं कैसे अभिभावक रु वह बारे भी समझने को लगाया गया थाअभिभावककों कक्षागत रुप में विभाजन करके प्रश्न लिखा हुआ कागज वितरण करके सामूहिक बातचीत करके लिखना लगाकर समूह नाइके से प्रस्तुत कराया गया था वह कार्यशाला बैठक में किया गया क्रियाकलापों में कियटिभ चिल्ड्रेन होम के अभिभावककों ने रुचि के साथ सक्रिय रुप में सहभागी हुये थे । वह कार्यशाला में अभिभावक और शिक्षिका समेत करीब 40 लोगों की सहभागिता रही थी वह अन्तरक्रियात्मक कार्यशाला के बाद में अभिभावकको से आया सकारात्मक पक्षों में कुछ अभिभावकको अपने बच्चों ने घर में खाना खाने के लिये नही मानते थे अब पहले से सहज हुआ है, बोल नही पाते थे वो बच्चे बोलने लग रहे हैं सकारात्मक परिवर्तन के बारे में अपनी अनुभव सुनाये थे ।अटिज्म के समस्या हुये कुछ बच्चे भी क्रियटिभ चिल्ड्रेन होम मान्टेश्वरी में लाने के बाद में सुधार आया है बताया ।

इसी तरह वह कार्यक्रम में अभिभावक समीर श्रेष्ठ ने अपने लडका को इस पहले दो मान्टेश्वरी में रक्खा था लेकिन कोई परिवर्तन नही पाया औ जब इस मान्टेश्वरी में भर्ना कराया उस के बाद लडका अपने आप ही काम करना सिखा है, बोलना सिखा, दोसरों को आदर करना सिखा अनुभव सुनाया ।

## महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच।** मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच** । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

संक्षेप

## व्यापारियों ने खिचड़ी भोज का किया आयोजन

**डलमऊ रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई डलमऊ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में राहगीरों एवं स्थानीय लोगों ने खिचड़ी का स्वाद चखा। डलमऊ कस्बे के लालगंज रोड पर व्यापारियों ने स्टाल लगाकर खिचड़ी मट्ठा नींबू आदि का वितरण किया व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से खिचड़ी भोज का आयोजन कर रहे हैं व्यापारियों के सहयोग से विभिन्न अवसरों पर जनहित में ऐसे कार्य करते रहते हैं। इस मौके पर नीरज वैश्य, प्रशांत शर्मा, पुरुषोत्तम शुक्ला, पथवारी शंकर, सरयू प्रसाद सोनकर, हिमांशु गुप्ता, दिनेश मौर्य, सीताराम कौशल, अमान वैश्य एवं अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## दो वरिष्ठ नागरिक और समाजसेवियों का निधन

महराजगंज रायबरेली। कस्बे के लिए शुक्रवार का दिन दुखद रहा। दो वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवियों के निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पहली सूचना लंबे समय से बीमार चल रहे कस्बे के प्रतिष्ठित व्यवसाई व समाजसेवी रामकंकन गुप्ता 77 वर्ष के लखनऊ मेडिकल कॉलेज से निधन की खबर सामने आई। वह लम्बे समय से लखनऊ मेडिकल कालेज में भर्ती थे। उसके कुछ देर बाद ही दूसरी दुखद सूचना कस्बा स्थित श्री राम जानकी मंदिर के संचालक व वरिष्ठ व्यवसाई जगदीप वर्मा की 97 वर्षीय मां लीलावती सोनकर की निधन की सूचना मिलते ही कस्बे सहित क्षेत्र में शोक का माहौल और गहरा हो गया। पंचतत्व में विलीन दोनो वरिष्ठ नागरिकों के आवास पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजसेवी राम कंकन गुप्ता का अंतिम संस्कार बावन बुजुर्ग बल्ला गांव में व लीलावती सोनकर को कस्बे के अंतेष्ठि स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, विधायक श्यामसुंदर भारतीय, पंचवटी के संरक्षक गणेश सिंह, सुशील पासी, सुधीर साहू, केदार मौर्य, विजय धीमान, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## लालगंज नगर की शिवाजी बस्ती में हुआ हिंदू सम्मेलन का शानदार कार्यक्रम

**लालगंज रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर लगातार हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम हो रहे हैं। उसी क्रम में शिवाजी बस्ती का कार्यक्रम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संपन्न हुआहै। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए सामाजिक समरसता विभाग के प्रांत प्रमुख राजकिशोर ने कहा कि संघ ने सदैव सनातन और सज्जन शक्तियों का संगठन किया है। आरएसएस ने शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज के मध्य काम करने का बीड़ा उठाया है। लोगों के अंदर स्वदेशी का भाव जागृत किया जा रहा है। संघ जहां अपनी शाखाओं के माध्यम से हिंदू शक्ति को मजबूत करने का काम करता है ।वहीं संघ के स्वयंसेवक समाज के मध्य जाकर लोगों को भारत माता को समृद्ध बनाने के कार्य के लिए जागरूक भी करते हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वधर्म नंद संत जी ने भी अपना उद्बोधन दिया और हिंदू शक्तियों को संगठित रहने का आह्वान किया। भाजपा नेता अनूप पांडे ने संत स्वामी को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# युवक ने महिला का गला दबाकर की हत्या

### दोनों परिवार प्रतापगढ़ के नवाबगंज थानाक्षेत्र के ककरिहा गांव के हैं निवासी



**रायबरेली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रामजीपुरम बस्तेपुर मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया।

लूट के नियत से घर में घुसे एक युवक ने घर की मालकिन का गला दबाकर हत्या कर दी। हैरानी की बात यह है कि हत्यारा मृतका का पडोसी ही निकला। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार शिक्षक अभिनव तिवारी शुक्रवार सुबह अपनी ड्यूटी के लिए सलोन क्षेत्र के बिजवलिया गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के लिए घर से निकले थे। घर पर उनकी पत्नी स्वप्निल तिवारी (उम्र 38-40 वर्ष) अपनी बेटी को स्कूल के लिए तैयार करके भेजने के बाद अकेली थी। इसी दौरान मोहल्ले और गांव के ही रहने वाले वैभव तिवारी पुत्र संतोष तिवारी ने परिचित होने के बहाने घर में प्रवेश किया। महिला ने घरेलू रिश्ते के नाते उसे चाय बनाने के लिए किचन में जाने का समय दिया। लेकिन वैभव की असल नियत लूट की थी। उसने मौके का फायदा उठाकर अलमारी का ताला तोड़ दिया और सोने-चांदी के जेवरात निकालने लगा। जब स्वप्निल तिवारी ने यह देखा तो उन्होंने विरोध किया और चोरी रोकने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी वैभव ने महिला का गला जोर से दबा दिया और निर्मम तरीके से उसकी हत्या कर दी। महिला की चीख-पुकार और शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। आरोपी भागने की कोशिश में था, लेकिन गुस्साए ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर तुरंत पहुंची पुलिस ने वैभव तिवारी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी रिश्ते में मृतका स्वप्निल तिवारी का भतीजा लगता था। मृतका स्वप्निल तिवारी की एक बेटी है, जो स्कूल गई हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पति अभिनव तिवारी को बुलाया गया। दिनदहाड़े हुई इस क्रूर हत्या के बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी और आक्रोश फैल गया है।

पुलिस ने आरोपी वैभव तिवारी के खिलाफ हत्या और लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उससे गहन पूछताछ की जा रही है। जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या आरोपी अकेला था या इसके पीछे कोई और साजिश थी।

# अधिवक्ता के साथ टोल कर्मियों द्वारा की गई अभद्रता और मारपीट के विरोध में प्रदर्शन



**महाराजगंज, रायबरेली।** बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर एक अधिवक्ता के साथ टोल कर्मियों द्वारा की गई अभद्रता और मारपीट के विरोध में शुक्रवार को महाराजगंज के अधिवक्ताओं ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। घटना से नाराज अधिवक्ताओं ने महाराजगंज कस्बे की सड़कों पर उतरकर हैदरगढ़ पुलिस और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। तहसील परिसर में एकत्रित होकर दर्जनों अधिवक्ताओं ने कार्य का बहिष्कार किया और जुलूस निकाला। आक्रोशित अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर से निकलकर कस्बे के मुख्य तिराहे तक पहुंचे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने हैदरगढ़ पुलिस प्रशासन मुदार्बाद और दोषियों को गिरफ्तार करो जैसे नारों के साथ अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठअधिवक्ताओं ने कहा कि टोल कर्मियों की दबंगई लगातार बढ़ती जा रही है। एक अधिवक्ता के साथ सरेआम मारपीट करना निंदनीय है, और उससे भी ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण हैदरगढ़ पुलिस का रवैया है, जो अब तक आरोपियों को सलाखों के पीछे नहीं भेज सकी है। दोषी टोल कर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन में बार एसोसिएशन महाराजगंज के पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी के साथ एडवोकेट सुशील पांडेय, पंकज श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश मिश्रा, राधे श्याम और मोनू अवस्थी समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दोस्तपुर कस्बे में चाइनीज मांझे का खतरनाक खेल खुलेआम उड़ रही जानलेवा पतंगें, प्रशासन मौन

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर कस्बे में इन दिनों चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाने का खतरनाक खेल खुलेआम जारी है। मकर संक्रांति बीत जाने के बाद भी बीते तीन दिनों से कस्बे की गलियों, सड़कों और छतों पर प्रतिबंधित चाइनीज धागे का धड़ल्ले से उपयोग देखा जा रहा है। यह स्थिति आमजन के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि स्थानीय प्रशासन अब तक इस ओर कोई ठोस कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा। चाइनीज मांझा बेहद धारदार होता है, जो सड़क से गुजरने वाले बाइक सवारों, साइकिल चालकों और पैदल राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। हाल ही में पड़ोसी जनपद जौनपुर में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक दर्दनाक हादसा सामने आया था, जहां सड़क से गुजर रहे डॉक्टर समीर की गर्दन में मांझा फंस गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया, इसके बावजूद दोस्तपुर में लापरवाही जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में कई स्थानों पर बच्चे और युवक बिना किसी भय के चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, चोरी-छिपे दुकानों पर इसकी बिक्री होने की भी चचाएं हैं। इससे न केवल आम नागरिक बल्कि पशु-पक्षियों की जान भी खतरे में पड़ रही है। कस्बेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पुलिस द्वारा नियमित निगरानी की जाए। साथ ही लोगों को इसके खतरों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाए। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी और बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है, या समय रहते इस जानलेवा लापरवाही पर लगाम लगाएगा।

## एसडीएम ने बीएलओ के साथ सभागार में की आवश्यक बैठक

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। शुक्रवार को नो मैपिंग वाले मतदाताओं से संबंधित कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक व प्रशिक्षण कार्यक्रम एसडीएम प्रभात सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस कैसे रिसीव करानी है और उसे ठस्‍ ऐप पर किस प्रकार अपडेट करना है। साथ ही जिन मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस रिसीव करानी है, उन्हें किन-किन आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना है, इसकी भी जानकारी दी गई। तहसील सभागार में हुई बैठक में नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म भरने की प्रक्रिया, मतदाता सूची में दर्ज अशुद्धियों को सुधारने, फोटो को सही मानक के अनुसार अपडेट करने तथा अन्य तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम और तहसीलदार मयंक मिश्रा ने बताया कि विशेष अभियान के तहत 17 और 18 तारीख को सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर नए मतदाताओं के फार्म भरवाएंगे और समस्याओं का समाधान करेंगे। अधिकारियों ने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य को गंभीरता से और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिया।

# 178 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की होगी स्थापना

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निदेर्शानुसार जनपद के 18 विकास खण्डों में चयनित कुल 178 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना होनी है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं के अध्ययन हेतु समुचित व्यवस्था उनकी ग्राम पंचायत में ही प्राप्त कराना है। चार लाख की धनराशि से ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही है। जिसमें बच्चों एवं युवाओं के लिए बाल उपयोगी साहित्य, पार्यावरण, वैज्ञानिक तथा प्रतियोगी परिक्षाओं की पुस्तकों के साथ-साथ फर्नीचर एवं डिजिटल कन्टेन्ट के साथ कम्प्यूटर उपकरण, इन्टरनेट की भी व्यवस्था की जायेगी।

जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया है कि फेज-1 में जनपद की 178 ग्राम पंचायतों के लिए बजट प्राप्त हो गया है एवं फेज-2 में 179 ग्राम पंचायतों के लिए बजट प्राप्त होते ही लाइब्रेरी की स्थापना कराई जाएगी। इस प्रकार कुल 357 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है, शेष ग्राम पंचायतों का चयन अगले फेज में किया जायेगा। ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाईब्रेरी के स्थापना होने के पश्चात जनपद के दूर-दराज के मेधावी छात्र-छत्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु ग्राम पंचायत में ही निर्मित डिजिटल लाइब्रेरी से सुविधा का लाभ प्राप्त हो सकेगा। वर्तमान में जनपद में कुल 27 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों द्वारा विशेष रूचि लेने के फलस्वरूप अपने-अपने ग्रामों में राज्य वित्त से स्थाई लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया है जो कि वर्तमान में सुचारू रूप से संचालित हैं।

# नगर में व्याप्त अतिक्रमण और जाम से निजात दिलाने के लिए व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**लालगंज रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में व्यापारी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी हर्षिता माथुर से मुलाकात की और लालगंज कस्बे में व्याप्त अतिक्रमण और जाम के झाम से निजात दिलाए जाने के बाबत ज्ञापन सौपा है। वहीं डीएम ने लालगंज उप जिलाधिकारी को फोन कर टीम गठित कर एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया है ।नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि लालगंज नगर में नगर पंचायत के द्वारा चैड़ी नालियां बना दी गई हैं जिससे सड़के सकरी हो गई है व्यापारियों के यहां जब ग्राहक आता है तो नालिया ऊंची होने के वजह से गाड़ियां रोड पर खड़ी करता है जिससे जाम की बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है ।हालांकि उन्होंने व्यापारियों से भी आग्रह किया है कि नाली के ऊपर दुकान ना लगाये ।नालियों के पार अपना सामान रखें जिससे ग्राहक को सहूलियत और जाम से निजात मिल सके ।जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने बताया कि नालिया ऊंची हो जाने से फुटपाथ भी अतिक्रमण की जद में आ गया है ।जाम लगने से घंटों स्कूल की बसें ,एंबुलेंस ,बच्चे कई कई घंटे तक फंसे रहते हैं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को लगातार कई बार ज्ञापन देने के बावजूद भी कोई कार्यवाही सुनिश्चित नहीं हुई है। जिला उपाध्यक्ष सानू वाजपेई और नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने बताया कि दो-तीन माह से अधिशासी अधिकारी लालगंज से वार्ता की जा रही है लेकिन ना वह ऑफिस आते हैं और ना कभी जनता और व्यापार मंडल के पदाधिकारी या संगठन से कभी नहीं मिलते हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सानू बाजपेई ,नगर महामंत्री शिवम गुप्ता , कौशलेंद्र कंचन आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 23 जनवरी को अमेठी में होगा ब्लैकआउट व मॉक ड्रिल, शाम 6 बजे बजेगा सायरन



अमेठी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को जनपद अमेठी में ब्लैकआउट एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 23 जनवरी 2026 को शाम 6:00 बजे नई पुलिस लाइन, गौरीगंज में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की स्थिति को दशार्या जाएगा। सायरन बजते ही सभी लोगों को जमीन पर लेटने तथा खुले स्थानों पर मौजूद लोगों को निकटतम सुरक्षित (भूमिगत) स्थानों में जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान समस्त यातायात रोक दिया जाएगा और विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। साथ ही इनवर्टर, जनरेटर एवं मोबाइल फोन के उपयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि मॉक ड्रिल में हवाई हमले के पश्चात आग लगने, लोगों के घायल होने अथवा मृत्यु जैसी परिस्थितियों का भी अभ्यास कराया जाएगा। आग लगने की स्थिति में अग्निशमन विभाग द्वारा तत्काल आग पर काबू पाया जाएगा। स्वयंसेवकों एवं स्वास्थ्य विभाग की मदद से घायलों को अस्पताल भेजकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त दूरसंचार एवं विद्युत व्यवस्था को बहाल कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा अवशेष हटाने एवं मृतकों के सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार की व्यवस्था की जाएगी। इस संपूर्ण अभ्यास में आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, नगर पालिका, होमगार्ड, स्वयंसेवक, एनसीसी सहित सभी विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण सजग रहने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आम जनमानस में इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि सायरन बजने पर लोग घबराएं नहीं और शांति बनाए रखें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित बाइक की टक्कर से अधेड़ घायल

संग्रामपुर। ईटहा भैरोपुर के पास विशेषरगंज-संग्रामपुर मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर अनियंत्रित बाइक की टक्कर से साइकिल सवार मोती का पुरवा निवासी कर्मराज (50) पुत्र जोधा घायल हो गए। परिजन एम्बुलेंस से संग्रामपुर सीएचसी भर्ती कराए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल के बेटे विनोद कुमार के अनुसार उनके पिता साइकिल से मोती का पुरवा घर से दूसरे घर ईटहा भैरोपुर जा रहे थे। जैसे ही वह सड़क से घर की तरफ मुड़े तभी अनियंत्रित बाइक सवार ने उनके साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस से संग्रामपुर सीएचसी भर्ती कराया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। टक्कर मारने के बाद युवक मौके से बाइक छोड़कर भाग गया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

# तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में सुलतानपुर स्टेडियम बना विजेता



सुलतानपुर (वीओएल)। छत्रपति शाहूजी जी महाराज कबड्डी प्रतियोगिता कंधईपुर के तत्वावधान में मकर संक्रान्ति के अवसर पर प्रतियोगिता का उद्घाटन 13 जनवरी 2026 को शिवगढ़ थाना प्रभारी चन्द्रभान वर्मा जी के द्वारा किया गया। एसओ शिवगढ़ चन्द्रभान वर्मा ने कहा कि युवाओं में खेल के प्रति काफी उत्साह दिख रहा है। खेल को सदभावना के रूप में खेल जाना चाहिए। समापन गुरूवार को मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी नेता जितेन्द्र वर्मा बाजीगर के द्वारा हुआ कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजक दिग्विजय वर्मा व अध्यक्ष अपना दलएस प्रदेश सचिव ओपी वर्मा व संरक्षक विनोद त्यागी पवन सिंह अंकित सरोज मुकेश यादव महेंद्र सरोज व समस्त आयोजन समिति ने सफल समापन कराया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विजेता टीम सुल्तानपुर स्टेडियम व उपविजेता टीम प्रतापगढ़ रही सुल्तानपुर की टीम ने प्रतापगढ़ टीम को 22-18 के अंतर से पराजित किया कुल 22 टीमों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। निर्णायक की भूमिका में अर्जुन यादव पंकज कन्नौजिया मौजूद रहे विजेता व उपविजेता दोनों टीमों को आयोजक दिग्विजय वर्मा जी द्वारा कैशमनी,ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# खिचड़ी भोज का आयोजन



संग्रामपुर। क्षेत्र के सहजीपुर गांव में शुक्रवार को सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिव प्रताप सिंह की ओर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू, प्रधान संघ अध्यक्ष संजय सिंह के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजक शिव प्रताप सिंह ने बताया कि खिचड़ी भोज का उद्देश्य समाज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। खिचड़ी भोज में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए खिचड़ी भोज का आनंद लिया। इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह डंपी, दीपक सिंह, गोपाल शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शाखा में लगी सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर मशीन

## अब बिना काउंटर की लाइन में लगे खुद प्रिंट करा सकेंगे खाते का पूरा ब्यौरा

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। लंबे इंतजार के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा की बरौंसा शाखा में ग्राहकों की सुविधा के लिए सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर कियोस्क स्थापित कर दिया गया है। यह पूरी तरह स्वचालित मशीन है, जिसके जरिए ग्राहक अब अपनी पासबुक स्वयं प्रिंट कर सकेंगे। मशीन की शुरूआत से जहां ग्राहकों को राहत मिलेगी, वहीं बैंक कर्मचारियों के कामकाज में भी तेजी आएगी।




### कैसे काम करती है यह मशीन?

जयसिंहपुर। सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर कियोस्क पासबुक में मौजूद मैग्नेटिक स्ट्रिप/क्यूआर कोड के माध्यम से खाते की जानकारी पढ़ता है। इसके बाद खाते से जुड़े लेन-देन का पूरा विवरण स्वतः सिस्टम से प्राप्त कर पासबुक पर प्रिंट कर देता है। इसके लिए किसी कर्मचारी की मदद की आवश्यकता नहीं होगी।

**जयसिंहपुर।** गौरतलब है कि पिछले कई वर्षों से शाखा में पासबुक प्रिंट को लेकर ग्राहकों में असंतोष था। पासबुक अपडेट न होने के कारण ग्राहकों को लेन-देन का विवरण ई-मेल या प्रिंटेड स्टेटमेंट के रूप में लेना पड़ता था। इससे न केवल ग्राहकों को असुविधा होती थी, बल्कि कर्मचारियों पर भी अतिरिक्त कार्यभार पड़ता था।

जयसिंहपुर। शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार ने बताया कि मशीन शुक्रवार को इंस्टॉल कर दी गई है और शनिवार से यह नियमित रूप से काम करने लगेगी। उन्होंने कहा कि अब ग्राहकों को एक बार पासबुक जारी कर दी जाएगी, इसके बाद वे कभी भी मशीन के माध्यम से अपने खाते का लेन-देन स्वयं प्रिंट कर सकेंगे।

### ग्राहकों से विशेष अपील

सुलतानपुर। शाखा प्रबंधक ने ग्राहकों से अपील की है कि स्टेपल लगी पासबुक, फटी या क्षतिग्रस्त पासबुक को मशीन में न डालें, क्योंकि इससे कियोस्क खराब हो सकता है। ग्राहक पासबुक की साफ-सफाई और सही स्थिति का विशेष ध्यान रखें। यह पहल डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने और शाखा में भीड़ कम करने की दिशा में अहम कदम है। इससे समय की बचत होगी और ग्राहकों को तेज, पारदर्शी व आसान सेवा मिलेगी। सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर की शुरूआत से बरौंसा शाखा के हजारों खाताधारकों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

# बेटी का होना बड़े सौभाग्य की बात : अध्यक्ष महिला आयोग

## महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान ने शुक्रवार को जिला अस्पताल गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कन्या जन्मोत्सव, गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान महिला आयोग की अध्यक्ष ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा 6 माह के बच्चों का प्रथम अन्नप्राशन कराया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए।



इस अवसर पर डॉ बबीता सिंह चौहान ने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मिशन शक्ति कार्यक्रम सहित महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं और बेटियों के सशक्तिकरण हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत बेटी के जन्म से ही आर्थिक सहायता मिलनी शुरू हो जाती है, जिससे बेटी की शिक्षा तक की व्यवस्था सरकार द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज समाज में बेटी के जन्म पर उत्सव मनाया जा रहा है। ह्लबेटा एक घर को रोशन करता है, जबकि बेटियां दो-दो घरों को रोशन करती हैं ह्व बेटी होना बहुत सौभाग्य की बात है। महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि पहले महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस करती थीं, लेकिन अब सरकार महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि जरूरतमंद लाभार्थियों तक योजनाओं की जानकारी समय पर पहुंचे। इसके उपरांत उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए टीकाकरण कक्ष, एसएनसीयू वार्ड, डायलिसिस वार्ड, आयुष्मान भारत वार्ड एवं ऑपरेशन कक्ष का गहन अवलोकन किया।

संक्षेप

## जेल प्रीमियर लीग का हुआ शुभारम्भ

बहराइच 16 जनवरी। अधीक्षक जिला कारागार ने बताया कि जिला कारागार, बहराइच में निरूद्ध बंदियों द्वारा खेले जाने वाले जेल प्रीमियर लीग (जे.पी.एल.) का उदघाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि द्वारा किया गया। जेल प्रीमियर लीग में कातर्निया किंग, चित्तौरा वारियर्स, किंग इलेवन नानपारा, पयागपुर सुपर जायन्ट्स नाम से 04 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता के जेलर अजय कुमार झा, कारापाल श्रीमती माधुरी तिवारी व रंजीत सिंह तथा कारागार कर्मी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत*

टूंडला। थाना पचोखरा क्षेत्रांतर्गत 40 दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल एक वृद्ध की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक नगला गंगाराम का रहने वाला था और हादसा थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव सिकरारी पर हुआ था।जानकारी के अनुसार, वृद्ध काम करके घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वृद्ध को गंभीर चोटें आईं थी मौके पर काफी लोग जमा हो गए थे।

# 162 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर के प्रमाण पत्र सौंपे गये

जिला संवाददाता



**फिरोजाबाद।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबका साथ-सबका विकास के संकल्प को साकार करने हेतु जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 162 पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्के घर के प्रमाण पत्र सौपें पक्की छत का यह तोहफा निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और वंचित समुदायों को प्रदान किया गया, जिससे उन्हें सुरक्षा और सामाजिक गरिमा दोनों मिल सके,जिसमें पहली किस्त 40 हजार रुपए इनके खातें में पहुच चुकी है व नींव भराई के बाद दूसरी किस्त शीघ्र ही इनके खातें मे प्रदान की जाएगी, इस अवसर पर मॉडल आवास का उद्घाटन विधायक प्रेमपाल धनगर और भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने किया, इस मॉडल आवास को बनाने का उद्देश्य लाभार्थियों को यह दिखाना है कि किस प्रकार कम लागत में एक मजबूत सुंदर और सर्वसुविधा युक्त घर का निर्माण किया जा सकता है, विधायक ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वह अपने आवास का निर्माण इसी मानक गुणवत्ता के अनुरूप करें। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के विपरीत वर्तमान शासन की योजनाएं बिना किसी भेदभाव और पूरी पारदर्शिता के साथ धरातल पर पहुंच रही हैं, उन्होंने जोर देकर कहा कि आज बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है और लाभार्थियों के हक का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंच रहा है, प्रदेश में किसान मजदूर और महिलाएं पूरी तरह सशक्त हो रही है, इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अंत्योदय का सपना साकार हो रहा है, हर गरीब के सिर पर अपनी छत हो,इस लक्ष्य के साथ शासन और प्रशासन मिलकर काम कर रहे हैं। प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह दोनों दिखाई दिया, इस अवसर पर लाभार्थी आरती देवी जो की विधवा हैं औरवाली हैं, उन्होंने भावुक होकर कहा कि बरसात में हमेशा यह डर सताता रहता था,कि कहीं मेरा छप्पर गिर न जाए, परंतु मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के प्रयासों से मेरा अपना पक्का घर होगा, यह मेरे लिए किसी अविस्मरणीय पल से कम नहीं है,इसी तरह एक दिव्यांग महावीर सिंह ने भी पक्का आवास मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया, इसी तरह आरती हरीश प्रताप, भगवान देवी सुमन,सचिन पुष्पा देवी, दीनू, राधेश्याम जूली देवी को भी इस अवसर पर आवास प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव जसराना ब्लॉक प्रमुख संध्या लोधी परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी डीसी मनरेगा सुभाष चंद्र और खंड विकास अधिकारी नवीन कुमार भी मौजूद रहें।

## मकर संक्रांति पर सर्किट हाउस में खिचड़ी भोज का आयोजन

अयोध्या मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सर्किट हाउस में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गयाः जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन सर्किट हाउस के खानसामा प्रमोद प्रजापति के नेतृत्व में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ इस अवसर पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि इस तरह के सामाजिक आयोजन समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देते हैं। खिचड़ी भोज के माध्यम से ऊंच-नीच और छुआछूत जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने का संदेश दिया जाता है ऐसे आयोजन लगातार होते रहने चाहिए खिचड़ी भोज कार्यक्रम में जिला जज रणंजय कुमार वर्माए एडीएम सिटी योगानंद पांडेयए लोक निर्माण विभाग के जेई प्रशांत मणिए सुपरवाइजर जगदीश तिवारी सहित बालचंदए प्रमोद प्रजापतिए संतराम शर्माए अंकुर मौर्यए राज प्रजापतिए दिलीप शर्माए अभिनव प्रतापए रंजीतए अनिल चौरसियाए रामजीतए विक्कीए राजू प्रजापतिए सुमित मौर्यए मायाराम वर्माए पुष्पा निषाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## राष्ट्र सेवा ही सर्वोत्तम सेवाः रंगेश उपाध्याय



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर चयनित गांव देवखेड़ा में प्रारंभ हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन देव खेड़ा प्रधान ईश्वर देवी एवं प्रधान प्रतिनिधि रामबाबू परिहार कालेज प्रधानाचार्य रंगेश उपाध्याय सोहिल जाफरी सहित कालेज के सभी शिक्षकों ने फीता काटकर एवं मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। अपने उदबोधन में प्रधान ईश्वर देवी ने बताया कि राष्ट्र की सेवा ही सर्वोपरि सेवा है। सेवा के लिए हृदय में भाव एवं समर्पण का होना आवश्यक है। समाज सेवा किसी भी रूप में की जा सकती है। सेवा के लिए संसाधनों का होना आवश्यक नहीं है। बिना संसाधन के भी सेवा की जा सकती है। मानव जाति में सबसे बड़ा कर्म मानव सेवा ही माना गया है। अतः आप लोग सदैव सेवा के प्रति समर्पण का भाव रखें प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय द्वारा सभी स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं को अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय ने स्वयं सेवकों को विशेष शिविर का महत्व समझाया एवं आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार जैन ने सभी स्वयंसेवकों को सात दिवसीय समय सारिणी बनवाई एवं सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर गोकुल चंद गौतम, सुरेश पचौरी शीरध्वज शर्मा आलोक उपाध्याय हरिओम शर्मा हिमांशु भारद्वाज दिनेश राय नरेंद्र सिंह धर्मेंद्र चौधरी पंकज शर्मा कौशल शर्मा नवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 7 किलो 100 ग्राम गांजा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार किया

**फिरोजाबाद।** थाना मटसैना पुलिस ने एक अभियुक्त को 07 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा जिसकी कीमत करीब एक लाख 40 हजार रुपये सहित गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को थाना मटसैना पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त पंकज पुत्र कालीचरन निवासी साकेत नगर बाह चौराहा फतेहाबाद थाना फतेहाबाद जनपद आगरा को 07 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा जिसकी कीमत करीब एक लाख 40 हजार रुपये सहित रसीदपुर कनैटा की ओर जाने वाले सर्विस रोड से गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मटसैना पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में विमलेश कुमार त्रिपाठी थानाध्यक्ष मटसैना,उ0नि0 अंकित कुमार,उ0नि0 हाकिम सिंह,का0 खजान सिंह नरेन्द्र कुमार सुशील कुमार शामिल रहे।

## भाजपा की एसआईआर से संबंधित बैठक आयोजित

**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी शिविर कार्यालय एटा रोड पर पर विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधित टूंडला विधानसभा की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में हाल ही में प्रकाशित हुई ड्राफ्ट मसौदा मतदाता सूची की विस्तृत चर्चा उपस्थित कार्यकताओं के समक्ष की गई। आगामी 17 व 18 जनवरी को फॉर्म 6 फॉर्म 7 व फॉर्म 8 को लेकर विधानसभा के कुल 458 बूथों पर लगाए गए प्रवासी कार्यकर्ता अपने-अपने आवंटित बूथों पर जाकर घर-घर जाकर यह पता करेंगे कि किसी का भी वोट बनने से अगर छूट गया है तो उसका फॉर्म 6 भरवा कर उसका वोट बनवाना है। प्रत्येक बूथ पर हमको विकसित भारत जी राम जी के बारे में सभी को जागरूक करना है। बैठक में पूर्व जिला संयोजक वृंदावन लाल गुप्ता टूंडला विधानसभा पूर्व विधायक शिव सिंह चक टूंडला नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह जिला महामंत्री दीपक चौधरी जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल जिला उपाध्यक्ष नीलम दिवाकर महिपाल निषाद जिला मंत्री संजय चक टूंडला विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा आकाश शर्मा, वीरेन्द्र प्रताप सिंह योगेन्द्र सिंह चौहान, सीताराम सचिन जैन आशु चक, सुशील चक दिनेश गुप्ता महावीर बघेल, देवेंद्र बेनीवाल पूरन सिंह बीडीसी विनोद पाल सिंह बिन्नू धर्मेंद्र पाल सिंह संजू ब्रजवीर सिंह चौहान अजीत सिंह जुरैल सुनील पाठक आजाद जैन सूरज धाकरे धर्मेंद्र तेनगुरिया देवांशू उपाध्याय दीपक ठैनुआ, अनंत प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुदामा कुटी शताब्दी समारोह में शामिल हुए संत प्रेमानंद



**मथुरा।** यमुना तटवर्ती कुंभ मेला क्षेत्र में संत प्रेमानंद महाराज शुक्रवार को वृंदावन सुदामा कुटी के संस्थापक संत सुदामा दास जी महाराज के वृंदावन आगमन के सौ वर्ष पूरे होने पर मनाए जा रहे शताब्दी महोत्सव में शामिल हुए। जहां उन्होंने भगवान कौशल किशोर के दर्शन किए और श्री राम महायज्ञ स्थल की परिक्रमा दी। संत प्रेमानंद यहां करीब आधा घंटे तक रहे। जहां उन्होंने श्रीमहंत सुतीक्ष्ण दास महाराज और महंत अमर दास महाराज से मुलाकात की। इसके बाद वह कुंभ मेला स्थल पर चल रहे उत्सव में पहुंचे। जहां उन्होंने श्री राम महायज्ञ स्थल की परिक्रमा की।

सुदामा कुटी आश्रम पहुंचे संत प्रेमानंद महाराज ने वहां विराजमान भगवान कौशल किशोर भगवान के दर्शन करने के बाद आरती की। भगवान कौशल किशोर के दर्शन कर संत प्रेमानंद महाराज भाव विभोर हो गए। श्रीमहंत सुतीक्ष्ण दास महाराज ने उनको उत्सव का प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। संत प्रेमानंद महाराज के सुदामा कुटी आश्रम और कुंभ मेला स्थल पर चल रहे उत्सव में पहुंचने पर उनको देखने वालों की भीड़ लग गई। आश्रम और संत प्रेमानंद महाराज के सेवादार उनको भीड़ से निकालकर वापस केली कुंज आश्रम ले गए। संत प्रेमानंद महाराज इस दौरान करीब आधा घंटे तक उत्सव में रहे। शताब्दी महोत्सव में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में दस दिवसीय श्री राम महायज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें 108 कुंडीय महायज्ञ में भक्त पहुंच कर आहुति दे रहे हैं।

# विप्रा की अवैध निर्माणों पर कार्रवाई को ठेंगा दिखा रहा है मुकुन्द रिसोर्ट



**मथुरा।** बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध निमार्णों को नवागत विप्रा उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन ध्वस्त करवा रही है। रोजाना समाचार पत्रों में अवैध ईमारतों सहित अन्य मानको के विपरीत निमार्णों को विप्रा की टीम ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्यवाही कर रही है, लेकिन मथुरा में एक ऐसा भी प्रसिद्ध नाम है जो विप्रा के मानकों के अनुरूप न होने के बाद भी विप्रा को ठेंगा दिखाकर संचालित है और न्यायालय के आदेश के बाद भी अभी तक विप्रा उस पर कार्रवाई करने में असफल ही साबित रहा है।

मुकुन्द रिसोर्ट केशोपुर मनोहरपुर कृष्णानगर में है, जो बिना किसी एनओसी एवं बगैर प्राधिकरण की अनुमति से संचालित है। 12 फरवरी2019 में विनोद कुमार कसेरे मुकुन्द रिसोर्ट के मानचित्र को विप्रा ने निरस्त कर दिया था। उसके बाद न्यायालय के आदेश पर मार्च2019 में सीलिंग की कार्रवाई की थी। लेकिन विनोद कसेरे ने मोटी रकम देकर मुकुन्द रिसोर्ट को संचालित रखा। न्यायालय द्वारा विप्रा को पूर्व में कई आदेश दिए गए लेकिन आज तक विकास प्राधिकरण इस अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई तक नहीं कर पाया। मुकुन्द रिसोर्ट पर कार्यवाही न होने पर उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष निजी सचिव शिव नारायण सैनी ने 15 दिसम्बर2025 को जिलाधिकारी को पत्र लिखा जिसमें अवगत कराया है कि इन्द्रपाल सिंह ने मुकुन्द रिसोर्ट पर कार्यवाही करने का अनुरोध किया है जिसका जिलाधिकारी अवलोकन कर विप्रा को आदेशित करें। निजी सचिव ने डीएम से रिसोर्ट के समस्त एनओजी एवं अन्य प्रपत्र न होने का हवाला भी दिया है। आखिर क्या कारण है कि मुकुन्द रिसोर्ट बिना मानचित्र और एनओसी से संचालित है, जिस पर विप्रा के अधिकारी कार्यवाही नहीं कर पा रहे है। क्या विप्रा के अधिकारी भ्रष्टाचारी हो चुके है या विप्रा स्वयं अपने ही निकाले गए नियमों का पालन करने में असमर्थ है। यह एक ही मामला नहीं है जिसमें विप्रा अपनी कार्यवाही नहीं कर रही है, मथुरा वृंदावन में ऐसे कई मामले है जो विप्रा को ठेंगा दिखा रहे है।

## विधायक ने किया सड़क चौड़ीकरण कार्य का भूमि पूजन



**टूंडला।** गांव नारखी में भाजपा विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर द्वारा पचोखरा नारखी बरतरा मार्ग जिसकी लम्बाई लगभग छह किलो मीटर और लागत लगभग सात करोड़ की सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश पाल सिंह ने की तथा संचालन अभिषेक प्रताप सिंह शीलू ने किया। इस दौरान आयोजित स्वागत कार्यक्रम में विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि टूंडला विधानसभा के पंचोखरा नारखी बरतरा मार्ग के सौंदर्यीकरण एवं चौड़ी करण के कार्य का भूमि पूजन आज नारखी में किया गया है।जो कि उक्त सड़क का निर्माण अतिशीघ्र किया जाएगा जिसका लाभ टूंडला विधानसभा हजारों लोगों को प्राप्त होगा ।आगामी कार्य योजना में कायथा मार्ग का प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजा गया है जो अतिशीघ्र पास होगा। टूंडला विधानसभा क्षेत्र के जो भी गांव एवं मजरों में सड़के नहीं बनी है वहां के स्थानीय लोग मुझसे आ कर सम्पर्क कर अवगत कराएं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष वृन्दावन गुप्ता,जिला महामंत्री दीपक चौधरी जिला उपाध्यक्ष दीपक राजौरिया जिला मंत्री शैलेंद्र प्रताप सिंह,मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह,रामतीर्थ सिंह चक लोकेश जादौन संजय सिंह परमार, दुष्यन्त जादौन,तरुण शर्मा जितेन्द्र प्रताप सिंह योगेन्द्र प्रताप,प्रमोद बघेल,देवेंद्र बघेल,ध्रुव शर्मा,विनोदपाल सिंह बिन्नी,विक्की ठाकुर,अनूप चक,मुन्ना बजरंगी,अनेकों भाजपा पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# जीआरपी ने अपहृत बालक को किया बरामद, परिजनों के सौंपा



**मथुरा।** भूतेश्वर पर रेलवे स्टेशन से गुरुवार की सुबह रेशमा पत्नी एजाज अपने मायके आगरा शटल से जाने के लिए तीन बच्चों को लेकर पहुंची थीं।

उनके साथ 12 व पांच साल के दो बेटे व तीन साल की बेटी थी। वह टॉयलेट करने के लिए गई थी, इसी बीच उसका चार साल का बच्चा गुम हो गया था। वह अपने बेटे को नहीं देखकर चैखने चिल्लाने लगीं। इसके बाद रेशमा का पति एजाज और अन्य परिजन जंक्शन पहुंच गए। उन्होंने मथुरा जंक्शन पर प्राथमिकी दर्ज की गई। तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी ने टीम का गठन किया। टीम ने सीसीटीवी खंगाले और बच्चे की तलाश शुरू कर दी और 14 घंटे के अंदर बच्चे को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बच्चे के अपहरण के आरोप में बबली माहौर पुत्र स्व. दीपचंद निवासी अनाई गेट दिगिया पाडा थाना अटलबंद जिला भरतपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। जीआरपी मथुरा जंक्शन प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने बताया कि बबली को महिला भूतेश्वर रेलवे स्टेशन पर मिली थी। उसके साथ तीन बच्चे थे जैसे ही वह महिला अपने बड़े बच्चे को लेकर टॉयलेट करने को गई इसी बीच बबली बच्चे को उठाकर शटल पैसेंजर ट्रेन में चढ़ गया। ट्रेन जैसे ही धीरे धीरे चली बबलौ आउटर पर उतर गया। वह बच्चे को लेकर आगरा जाने की फिराक में था। कार्यवाही करने वालो टीम में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन, प्रभारी निरीक्षक उपदेश कुमार कौशिक थाना आरपीएफ मथुरा जंक्शन, उप निरीक्षक अमित बालियान जीआरपी, सहायक उप निरीक्षक रामनरेश यादव आरपीएफ आदि थे।

# चांदी व्यापारी से डकैती का आरोपी माल सहित गिरफ्तार



**मथुरा।** थाना कोतवाली पुलिस एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चांदी व्यापारी के साथ हुई डकैती की घटना में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से डकैती का माल 456 ग्राम सफेद धातु और 5,000 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त दीपक नि.ग्राम चन्दौरी थाना छाता जनपद मथुरा को शुक्रवार को दोपहर धोलीप्याऊ रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर अभियोग में आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा थाना कोतवाली जनपद, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुनील कुमार जोशी थाना कोतवाली, एसआई राकेश कुमार प्रभारी एसओजी मथुरा आदि थे।

## थाना टूंडला पुलिस ने किया शस्त्रों का विनिष्टीकरण



**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस टीम द्वारा आर्म्स एक्ट के 355 अभियोगों से संबंधित 173 तमंचा 3 बंदूक 2 रायफल 3 रिवाल्वर 09 शस्त्र फैक्ट्री 398 कारतूस 152 चाकू का विनिष्टीकरण कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनपद में चलाये जा रहे माल निस्तारण के अभियान के सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर अभियोगो से सम्बन्धित माल मुकदमाती के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना टूण्डला में पंजीकृत 355 अभियोगो में कुल 173 तमंचा 3 बन्दूक 02 रायफल 03 रिवाल्वर 09 शस्त्र फेक्ट्री, 398 कारतूस, 152 चाकू का न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद के आदेश पर उपजिलाधिकारी टूण्डला अंकित कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी टूण्डला की उपस्थिति में लुहार से ग्रान्डर से कटवाकर वीडियो फोटो ग्राफी कराकर नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया।

# जबरन वसूली और धमकाने पर बीमा कंपनी के अधिकारी सहित अन्य साथियों के खिलाफ रिपोर्ट

मथुरा। सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार के बीमा की धनराशि की एवज में चैथ मांगने और धमकाने का आरोप बीमा कंपनी के अधिकारी पर लगाया गया है। पीड़ित ने थाना जमुनापार में बीमा कंपनी के अधिकारी व उसके अज्ञात साथी के खिलाफ अदालत के आदेश पर थाना जमुनापार में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

डैम्पियर नगर निवासी कुमुद प्रभात शर्मा ने न्यायालय के आदेश पर जमुनापार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें आरोप लगाया कि चार नवंबर को सुबह करीब साढ़े दस बजे राहुल शर्मा निवासी शिवाजी मार्ग, डीएलएफ टावर, नई दिल्ली ने लक्ष्मीनगर तिराहे के पास अपने परिचित की दुकान पर बुलाया था। वहां पहुंचने पर राहुल शर्मा ने कहा कि वह बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेन्स कंपनी में अधिकारी है। दस मार्च को हाइवे पर संजय इंस्टीट्यूट के सामने रात करीब सवा 10 बजे कंपनी से बीमित गाड़ी में तुम्हारी कार ने टक्कर मारी थी। कार का ओडी क्लेम व उसमें घायल हुए सवारियों का मुआवजा बीमा कम्पनी को देना पड़ रहा है, इसे देने की जिम्मेदारी तुम्हारी है। आरोप है कि कहा गया कि अगर दो लाख रुपये दो तो तुम्हारे खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने दूंगा और नहीं दिये तो बीमा कम्पनी तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई कर तुमसे कार की टूटफूट व घायलों के मुआवजे का पूरा रुपया वसूलेगी। उसने देने से इंकार किया तो आरोप है कि नामजद व अन्य लोगों ने उसके धमकाते हुए जान से हाथ धोने की बात की। इसकी शिकायत जमुनापार धाने से एसएसपी तक की लेकिन सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर एआरटीओ ने की 108 वाहनों की जांच, 18 का चालान, ईको-बस की सील

जिला संवाददाता




**मथुरा।** मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निदेशों के अनुपालन में 01जनवरी से 31जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त माह को जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाए जाने के निर्देश दिये गये हैं।उक्त के क्रम में वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत के नेतृत्व में शुक्रवार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के सोलहवें दिवस पर राजेश राजपूत वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वितीय-दल, सतेन्द्र सिंह सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वितीय-दल, संदीप चैधरी व पूजा सिंह यात्रीकर अधिकारी, मथुरा द्वारा 108 यात्री वाहनों की जांच की गई, जिसमें अतिरक्त सवारियाँ लेकर जाते हुए 18 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही तथा 04 ईको वाहन व 01 बस को रोडवेज वर्कशॉप में निरूद्ध किया गया। साथ ही वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सतेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य सभी दलों द्वारा जनपद के समस्त विद्यालयों मे जाकर बिना फिटनेस मे संचालित स्कूली वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी साथ ही समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया गया कि वे अपने शिक्षण संस्थान में किसी भी अवस्था में बिना फिटनेस के वाहनों का संचालन न होने दें, अन्यथा की स्थिति में वाहन स्वामी के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही की जायेगी। उक्त के साथ-साथ विद्यालयों में अनाधिकृत वाहनों का संचालन न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पैम्फलेट्स का वितरण किया गया व छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

संक्षेप

## टेक्नो ने लॉन्च किया स्पार्क गो 3 स्मार्टफोन

नयी दिल्ली। हर दिन एक जैसा नहीं होता। इसी सच्चाई को ध्यान में रखते हुए टेक्नो ने आज स्पार्क गो 3 स्मार्टफोन लॉन्च किया है। यह फोन भारत के उन छात्रों, युवाओं और कामकाजी लोगों के लिए बनाया गया है जो हमेशा चलते-फिरते रहते हैं और एक भरोसेमंद, मजबूत और अच्छी कनेक्टिविटी वाला स्मार्टफोन चाहते हैं। देश जैसा दमदार सोच पर आधारित टेक्नो स्पार्क गो 3 उन लोगों के लिए है जो एक ऐसा फोन चाहते हैं जो देखने में आकर्षक हो और रोजमर्रा की अनिश्चित परिस्थितियों को आसानी से संभाल सके। भारत के युवा उपभोक्ताओं को ऐसे स्मार्टफोन की जरूरत है जो उनकी रोजमर्रा की रफ्तार के साथ चल सके। टेक्नो स्पार्क गो 3 में हमने मजबूती, समझदारी और भरोसेमंद कनेक्टिविटी को एक ऐसे डिजाइन में पेश किया है जो उनके लाइफस्टाइल से मेल खाता है। देश जैसा दमदार विजन के तहत यह फोन पहले दिन से ही भरोसा और स्थिरता देता है। टेक्नो स्पार्क गो 3 रोजमर्रा की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार है।

## भारत के 90% उपभोक्ता व्हाट्सऐप को अपना मुख्य डिजिटल प्लेटफॉर्म मानते हैं

नयी दिल्ली। भारत की उपभोग-आधारित आर्थिक वृद्धि अब एक नए और निर्णायक चरण में प्रवेश कर रही है, जो अब केवल बड़े मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं है। टियर-2 और टियर-3 शहर, उभरते शहरी क्षेत्र और छोटे कस्बे अब मांग, उद्यमिता और दीर्घकालिक आर्थिक गति को आगे बढ़ा रहे हैं। इसी बदलाव को दर्शाते हुए, शुरूआती चरण के कंज्यूमर ब्रांड्स में निवेश करने वाली वेंचर कैपिटल फर्म रुकम कैपिटल ने अपनी नई रिसर्च रिपोर्ट बियॉन्ड मेट्रोस: द रियल स्टोरी ऑफ भारत नेक्स्ट 500 मिलियन जारी की है। रुकम कैपिटल स्टडी का मानना है कि भारत के 90% उपभोक्ता व्हाट्सऐप को अपना मुख्य डिजिटल प्लेटफॉर्म मानते हैं।

## मोटरसाइकिलिंग में 'डिज़ाइन-फर्स्ट' सोच को दर्शाता है क्लासिक लीजेंड्स का नया पेटेंट

बंगलुरु। क्लासिक लीजेंड्स ने एक नया पेटेंट हासिल किया है, जिससे भारत में एक डिज़ाइन-फर्स्ट और परफॉर्मेंस-केंद्रित मोटरसाइकिल निर्माता के रूप में उसकी पहचान और मजबूत हुई है। यह पेटेंट एडजस्टेबल वाइजर और स्पीडोमीटर से जुड़ा है, जिसे पहली बार 2025 की येजदी एडवेंचर मोटरसाइकिल पर देखा गया था. यह पेटेंट अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के तहत 21 मार्च 2023 से 20 वर्षों की अवधि के लिए मंजूर किया गया है। यह उपलब्धि कंपनी की रिसर्च एंड डेवलपमेंट में लगातार हो रहे नवाचारों और पेटेंट जीतों की बढ़ती सूची में एक और राइडर-सेंट्रिक, उपयोगी तकनीकी पहल को जोड़ती है। यह पेटेंट भले ही राइडर-इंटरफेस से जुड़ी एक खास समस्या का समाधान करता हो, लेकिन यह मोटरसाइकिल को लेकर हमारी सोच को दर्शाता है। क्लासिक लेजेंड्स में परफॉर्मेंस इंजीनियरिंग का मतलब सिर्फ फीचर्स जोड़ना नहीं है। हमारा फोकस इस बात पर है कि वर्षों के इस्तेमाल में मोटरसाइकिल का एहसास मैकेनिकल रूप से साफ, मजबूत और भरोसेमंद बना रहे।

## 100 करोड़ रुपये मेरिट स्कॉलरशिप की घोषणा

लखनऊ। केएल (डीम्ड टू बी) विश्वविद्यालय द्वारा इंटरमीडिएट विद्यार्थियों के लिए 100 करोड़ मेरिट स्कालरशिप का पोस्टर लांच किया गया जो व्यक्तित्व विकास, राष्ट्र निर्माण, राज्य प्रगति और नवाचार पर केंद्रित एक विशेष शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 500 इंटरमीडिएट विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिससे यह एक प्रभावशाली और प्रेरणादायक शैक्षणिक पहल सिद्ध हुई। केएल (डीम्ड टू बी) विश्वविद्यालय, अपने 46 वर्षों की शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, शोध और नवाचार के लिए जाना जाता है। विश्वविद्यालय को एनआईआरएफ रैंकिंग में भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों में 26वां स्थान प्राप्त हुआ है, जो इसकी निरंतर शैक्षणिक उपलब्धियों और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है। कार्यक्रम में केएल विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रतिनिधि, डॉ. जे. श्रीनिवास राव, डायरेक्टर ऑफ एडमिशन, डॉ. किशोर बाबू, डीन (एम एच एस), सहित संकाय सदस्य और आयोजनकर्ता उपस्थित रहे।

# सेंसेक्स में 188 अंकों की उछाल



मुंबई। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच चुनिंदा दिग्गज कंपनियों में लिवाली आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में दो सत्रों के बाद तेजी लौट आई। सेंसेक्स 188 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 29 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार दो कारोबारी सत्र की गिरावट के बाद 187.64 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 752.26 अंक उछलकर 84,134.97 अंक तक पहुंच गया था।

एनएसई का 50 शेयर वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 28.75 अंक यानी 0.11 प्रतिशत चढ़कर 25,694.35 अंक पर बंद हुआ। कमजोर रुपये और वैश्विक व्यापार से संबंधित मुद्दों को लेकर चिंताओं से प्रतिभागी सतर्क हैं। भू-राजनीतिक और व्यापक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निरंतर सतर्कता को दर्शाते हुए, कुल भागीदारी चुनिंदा एवं विशिष्ट शेयर तक ही सीमित रही। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इन्फोसिस के शेयर में सर्वाधिक 5.67 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई जिससे बाजार को संभलने में मदद मिली। इसके अलावा टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहने वालों में शामिल रहे। दूसरी ओर, इटर्नल, एशियन पेंट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और मारुति के शेयर में गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में कुल 5.89 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी में 11.05 अंक की तेजी रही। 15 जनवरी को वाणिज्य सचिव द्वारा दिए गए इस बयान से भी बाजार की धारणा को बल मिला कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप दिए जाने के करीब पहुंचा जा चुका है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा था कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं और दोनों पक्षों के तैयार होते ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। दोनों पक्षों के वार्ता दल लगभग सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। इस बीच, बीएसई का मिडकैप 0.15 प्रतिशत चढ़ा जबकि स्मॉलकैप में 0.45 प्रतिशत की गिरावट आई। आईटी और मझोले बैंकिंग शेयरों के बेहतर तिमाही नतीजों से बाजार में सकारात्मक रुझान दिखा। हालांकि कारोबारी सत्र के अंतिम घंटों में मुनाफावसूली होने से तेजी सीमित रह गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 4,781.24 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,217.28 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# रुपया 50 पैसे टूटकर 90.84 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपये में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और यह 50 पैसे टूटकर 90.84 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अस्थिर वैश्विक रुख और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती ने विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी को तेज कर दिया जबकि घरेलू निवेशकों ने निचले मूल्य पर शेयरों की खरीद की। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.37 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 90.89 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह डॉलर के मुकाबले 90.84 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो बुधवार को बंद भाव से 50 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के



मुकाबले 90.34 पर बंद हुआ था। मुंबई में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के अवकाश के मद्देनजर बृहस्पतिवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और डॉलर के मजबूत होने से रुपया लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में टूटा। व्यापार समझौते को लेकर बातचीत और भू-राजनीतिक तनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच रुपये में गिरावट का अनुमान है। मजबूत डॉलर, पूंजी बाजारों से विदेशी निवेशकों की निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतें रुपये पर दबाव डाल सकती हैं। उन्होंने अनुमान लगाया कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 90.50 से 91.25 के दायरे में रह सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.26 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 187.64 अंक चढ़कर 83,570.35 अंक पर जबकि निफ्टी 28.75 अंक की बढ़त के साथ 25,694.35 अंक पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.14 प्रतिशत चढ़कर 64.49 डॉलर प्रति बैरल रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 4,781.24 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# विदेशी मुद्रा भंडार 39.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 687.19 अरब डॉलर पर

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि नौ जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 39.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 687.19 अरब डॉलर पर रहा।

इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 9.81 अरब डॉलर घटकर 686.80 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.124 अरब डॉलर घटकर 550.866 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक हैं और इनमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि इस दौरान सोने के भंडार का मूल्य 1.568 अरब डॉलर उछलकर 112.83 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.739 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी आलोच्य सप्ताह में 1.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.758 अरब डॉलर रहा।

# चांदी 2.92 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नये रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को चांदी की कीमत लगातार छठे दिन रिकॉर्ड तेजी के साथ 3,600 रुपये उछलकर 2,92,600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। स्टॉकिस्टों की लगातार लिवाली के बीच चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना अपने अब तक के सबसे उंचे स्तर से नीचे आ गया और।,100 रुपये घटकर।,46,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। पिछले कारोबारी सत्र में यह।,47,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। बृहस्पतिवार को चांदी 2,89,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि कमजोर वैश्विक रुख के बावजूद लगातार औद्योगिक उठाव के कारण चांदी मजबूत बनी हुई। चांदी अब सिर्फ छह सत्रों में 20.16 प्रतिशत यानी 49,100



रुपये चढ़ चुकी है। आठ जनवरी को इसकी कीमत 2,43,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। चांदी लगातार दूसरे साल सोने से आगे रही और अबतक इसने 22.4 प्रतिशत का लाभ दिया है।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना और चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बाद भू-राजनीतिक जोखिम कम होने से कीमतों में गिरावट आई। हाजिर सोना 12.46 डॉलर या 0.27 प्रतिशत घटकर 4,603.51 डॉलर प्रति औंस रहा। हाजिर सोना 0.25 प्रतिशत घटकर लगभग 4,606 डॉलर प्रति औंस पर रहा। ईरान पर अमेरिकी हमले के टल जाने से सोने की कीमतों पर दबाव रहा। शुक्रवार को हाजिर चांदी 2.26 प्रतिशत यानी 2.08 डॉलर घटकर 90.33 डॉलर प्रति औंस रही थी।

पिछले कारोबारी सत्र में, चांदी 93.57 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गयी थी लेकिन अमेरिकी प्रशासन के चांदी और दूसरे जरूरी धातुओं पर आयात कर लगाने से बचने के बाद यह लगभग आठ प्रतिशत टूटकर 86.30 डॉलर प्रति औंस के दिन के निचले स्तर पर आ गयी।

# सरकार ने सट्टेबाजी, जुआ से जुड़े 242 अवैध वेबसाइट लिंक प्रतिबंधित किये

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से संबंधित 242 अवैध वेबसाइट के लिंक को प्रतिबंधित कर दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह आदेश पिछले साल अगस्त में पैसे के इस्तेमाल वाले गेमिंग ऐप पर लगाए गए सरकारी प्रतिबंध के बाद आया है। सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार ने शुक्रवार को अवैध सट्टेबाजी और जुआ से जुड़े 242 अवैध वेबसाइट लिंक को प्रतिबंधित कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम पारित होने के बाद से अब तक 7,800 से अधिक अवैध सट्टेबाजी और जुआ संबंधी वेबसाइट को बंद किया जा चुका है और प्रवर्तन कार्वाइयों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सूत्रों ने कहा कि यह कार्वाई उपयोगकर्ताओं, खासकर युवाओं की सुरक्षा और अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी एवं जुआ खेलने वाले मंचों से होने वाले वित्तीय और सामाजिक नुकसान को रोकने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को बताती है।

# डाक से भेजे जाने वाले माल पर निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं लागू: सीबीआईसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल जैसी निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं अब डाक के जरिये भेजे जाने वाले माल पर भी लागू होंगी।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि इन प्रोत्साहनों से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) निर्यातकों विशेष रूप से छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों के निर्यातकों की प्रतिस्पर्धा में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है और डाक निर्यात को काफी बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया, सीबीआईसी ने ड्यूटी ड्रॉबैक, निर्यातित उत्पादों पर शुल्क एवं करों की छूट (आरओडीटीईपी) और राज्य एवं केंद्रीय करों तथा शुल्क की छूट (आरओएससीटीएल) योजनाओं के तहत निर्यात से संबंधित लाभों को 15 जनवरी 2026 से डाक के जरिये इलेक्ट्रॉनिक रूप में किए गए निर्यातों तक विस्तारित कर दिया है। ड्यूटी ड्रॉबैक निर्यात को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता है। इसके तहत निर्यात किए गए माल के निर्माण या उत्पादन में उपयोग किए गए कच्चे माल पर चुकाए गए सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क (या उनके समकक्ष कर) का पूरा या आंशिक रिफंड निर्यातक को दिया जाता है। डाक मार्ग के लिए आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल के लाभों का विस्तार करके, सरकार ने दूरस्थ क्षेत्रों में एमएसएमई के लिए एक लंबे समय से चली आ रही अनुपालन बाधा को दूर कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस उपाय का उद्देश्य डाक माध्यमों का उपयोग करने वाले निर्यातकों के लिए समान अवसर प्रदान करना एवं सीमा पार ई-कॉमर्स के विकास के लिए एक अनुकूल तथा समावेशी परिवेश बनाना है।

# श्रीलंका में चक्रवात दितवाह के बाद हुए आर्थिक नुकसान का आकलन करेगा आईएमएफ

कोलंबो। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का आकलन दल चक्रवात दितवाह से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए 22 से 28 जनवरी तक श्रीलंका की यात्रा करेगा।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का दल इस बात का पता लगाएगा कि वह श्रीलंका को उसके पुनर्निर्माण प्रयासों में सर्वोत्तम सहायता कैसे प्रदान कर सकती है। इसमें विस्तारित निधि सुविधा द्वारा समर्थित कार्यक्रम को फिर से शुरू करना और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सलाह एवं तकनीकी सहायता प्रदान करना शामिल है। चक्रवात दितवाह से हुए नुकसान के पैमाने एवं दायरे पर अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए आईएमएफ का एक दल 22 से 28 जनवर 2026 तक श्रीलंका की यात्रा करेगा। मिशन के निष्कर्षों को आईएमएफ समर्थित कार्यक्रम पर आगे की चर्चाओं में शामिल किया जाएगा। इस यात्रा के दौरान आईएमएफ का दल सरकारी अधिकारियों और संबंधित हितधारकों से बातचीत करेगी।

# डाबर च्यवनप्राश से अपनी इम्युनिटी बढ़ायें और आनन्द उठायें सर्दियों का

लखनऊ। सर्दी का मौसम किसे अच्छा नहीं लगता लेकिन जब इस सर्दी में खांसी, जुकाम एवं श्वांस संबंधी बीमारियाँ हो जायें तो सर्दी का मजा फीका पड़ जाता है। डाबर च्यवनप्राश का सेवन न केवल हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर हमें इस सीजन में प्रायः होने वाली खांसी, जुकाम जैसी बीमारियों से बचाता है बल्कि हमारे शरीर के अनेक अंगों की क्रियाओं को अच्छा करता हुआ शरीर को बलशाली भी बनाता है। इस पहल के तहत, प्रमुख डॉक्टर के साथ मिलकर डाबर च्यवनप्राश ने परिवर्तनशील मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा सत्र आयोजित किया। आज इस अभियान को लखनऊ में राम किशोर कॉन्वेंट इंटर कॉलेज के 250 से अधिक बच्चों के लिए आयोजित एक विशेष सत्र के साथ शुरू किया गया। इस मौके पर डाबर इण्डिया लिमिटेड के कापोरेट कम्युनिकेशंस के मैनेजर दिनेश कुमार, कालेज के प्रबन्धक जी.पी. शुक्ला, प्रधानाचार्या श्रीमती बीना त्रिपाठी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। इस सत्र का उद्देश्य सर्दियों में बीमारी से लड़ने के लिए बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करना था। बच्चों को बुनियादी स्वच्छता और पौष्टिक आहार के माध्यम से अपनी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के तरीकों में भी शिक्षित किया गया।

# इंद्रिया ने अपना दूसरा स्टोर खोलकर अपनी मौजूदगी बढ़ायी

लखनऊ। इंद्रिया, आदित्य बिरला ज्वेलरी ने लखनऊ में अपने दूसरे स्टोर को लॉन्च करने की घोषणा की है। लखनऊ नवाबों का ऐतिहासिक शहर है जो अपनी विरासत और शानदार ज्वेलरी कारीगरी के लिए मशहूर है। लखनऊ में पोलकी, जड़ाऊ, कुंदन और मीनाकारी ज्वेलरी की एक समृद्ध परंपरा रही है, जो अनकट हीरों, इनैमल किए हुए सोने और बारीक डिजाइनों के जरिए सदियों पुरानी कारीगरी को दर्शाती है। ये आभूषण शादियों और त्योहारों पर राजघरानों द्वारा पहने जाते रहे हैं। यह नया स्टोर ब्रांड के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है, जो शहर की बेहतरीन धातु-कला और रत्न जड़ने की कला की सदियों पुरानी परंपरा को इंद्रिया के आधुनिक और समकालीन डिजाइनों के साथ खूबसूरती से जोड़ता है। लखनऊ में नया इंद्रिया स्टोर ग्राहकों को एक शानदार रिटेल अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

## पेज एक का शेष

### वैश्विक नेतृत्व

एवं उद्यमियों से कहा, सरकार आपके हर प्रयास में आपके साथ है। मुझे आपकी क्षमता पर पूरा भरोसा है। आपका साहस, आत्मविश्वास और नवाचार भारत के भविष्य को आकार दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों ने भारत की उद्यमशील क्षमताओं को साबित किया है और अब लक्ष्य यह होना चाहिए कि अगले दशक में भारत नए स्टार्टअप रुझानों और प्रौद्योगिकियों में विश्व का नेतृत्व करे। स्टार्टअप इंडिया मिशन की शुरुआत 16 जनवरी, 2016 को हुई थी। इसका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, उद्यमिता को प्रोत्साहित करना और रोजगार देने वालों की नई पीढ़ी तैयार करना है। कृत्रिम मेधा (एआई) पर सरकार की पहल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो देश एआई क्रांति में आगे रहेगा, उसे उतना ही अधिक लाभ मिलेगा।

### पारंपरिक व्यंजनों

क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाए। पारंपरिक व्यंजनों की ब्रांडिंग, टेक्नोलॉजी, पैकेजिंग और मार्केटिंग के लिए निमार्ताओं और विक्रेताओं को प्रोत्साहन दिया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि योजनांतर्गत उत्पादों के संरक्षण, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा, खाद्य विविधता का विस्तार, रोजगार सृजन, वैल्यू-चेन और मार्केट लिंकेज को मजबूत करना तथा पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के साथ एकीकरण शामिल है। इसके साथ ही निर्यात क्षमता बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ताओं के लिए उत्पादों को तैयार करने की रणनीति पर भी काम किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि ब्रांडिंग रणनीति के तहत ओडीओसी लोगो के साथ जनपद-विशिष्ट रंग, प्रतीक और शैली जोड़ी जाएगी। हर व्यंजन के साथ उसकी संस्कृति, इतिहास और विधि को दशार्ने वाली प्रोडक्ट स्टोरी और पहचान टैग शामिल होगा। यह भी बताया गया कि पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। फूड-ग्रेड, इको-फ्रेंडली और सुरक्षित पैकेजिंग के साथ शेल्फ-लाइफ बढ़ाने की उन्नत तकनीकों का उपयोग होगा। क्यूआर कोड, न्यूट्रिशन लेबल, बारकोड और ड्यूल-लैंग्वेज लेबलिंग के माध्यम से ट्रेसबिलिटी और उपभोक्ता जानकारी सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्रीय और त्योहार-थीम आधारित पैकेजिंग डिजाइनों को भी विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओसी योजना 'वोकल फॉर लोकल' को नई गति देगी और उत्तर प्रदेश की पाक कला की विरासत को वैश्विक फूड मैप पर स्थापित करेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि यह पहल केवल योजना न रहकर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान, आर्थिक सशक्तिकरण और रोजगार सृजन का मजबूत माध्यम बने, इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किये जाएं।

### बीएमसी चुनाव

वोटिंग हुई थी। 893 वार्डों में कुल 15,931 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगर निगम की कुल 2869 सीटें हैं। इनमें से 68 उम्मीदवार निर्विरोध जीत हासिल कर चुके हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राज्य के लोगों ने भाजपा के जन-समर्थक सुशासन के एजेंडे को आशीर्वाद दिया है। अलग-अलग नगर निगम चुनावों के नतीजे बताते हैं कि महाराष्ट्र के लोगों के साथ भाजपा का रिश्ता और मजबूत हुआ है। हमारा ट्रैक रिकॉर्ड और विकास का विजन लोगों को पसंद आया है। पूरे महाराष्ट्र के लोगों का मैं आभारी हूं। यह वोट प्रगति को गति देने और राज्य की शानदार संस्कृति का जश्न मनाने के लिए है। मुझे हर उस भाजपा कार्यकर्ता पर गर्व है जिसने पूरे महाराष्ट्र में लोगों के बीच अथक मेहनत की। उन्होंने हमारे गठबंधन के ट्रैक रिकॉर्ड के बारे में बात की, आने वाले समय के लिए हमारे विजन को सामने रखा और विपक्ष के झूठ का भी प्रभावी ढंग से जवाब दिया। उन्हें मेरी शुभकामनाएं। वरिष्ठ पत्रकार संदीप सोनवलकर ने कहा कि मुंबई का मेयर किस कैटेगरी का होगा इसे लॉटरी सिस्टम से तय किया जाएगा। जैसे यह सीट महिला, ओबीसी या एससी होगी या ओपन रहेगी इसका फैसला चुनाव आयोग लाटरी सिस्टम के माध्यम से करेगा।

### जनता ने

जा रहे रुझानों के अनुसार, भाजपा 90 सीट पर और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना 28 वार्ड में बढ़त बनाये हुए है। वहीं, भाजपा से अलग चुनाव लड़ने वाली अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) तीन वार्ड में आगे है। विपक्षी खेमे में, शिवसेना (उबाठा) और उसकी सहयोगी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) क्रमशः 57 और 9 वार्ड में बढ़त बनाये हुए है। वंचित बहुजन आघाडी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही कांग्रेस 15 वार्ड में आगे है, जबकि अन्य पार्टियां आठ वार्ड में आगे हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा महाराष्ट्र का आभार राज्य की उत्साही जनता ने राजग के जनहितकारी सुशासन के एजेंडे को आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न नगर निकाय चुनावों के परिणाम दर्शाते हैं कि महाराष्ट्र की जनता के साथ राजग का संबंध और भी गहरा हुआ है। मोदी ने कहा, हमारे कामकाज और विकास की दृष्टि ने लोगों का दिल जीता है। यह जनादेश प्रगति को गति देने और राज्य से जुड़ी गौरवशाली संस्कृति का उत्सव मनाने के लिए है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें पूरे महाराष्ट्र में जनता के बीच अथक परिश्रम करने वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के हर कार्यकर्ता पर बहुत गर्व है। उन्होंने हमारे गठबंधन के शानदार काम के बारे में बात की, आने वाले समय के लिए हमारी दृष्टि को रेखांकित किया और विपक्ष के झूठ का प्रभावी ढंग से खंडन भी किया। मेरी शुभकामनाएं उनके साथ हैं।

### मथुरा : जल्द

उतारने की शुरूआत है। उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार गठित इस उच्चाधिकार प्राप्त समिति में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार की अध्यक्षता में प्रशासन, पुलिस, पुरातत्व विभाग और गोस्वामी समाज के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति ने मंदिर के गोस्वामियों, सेवायतों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों के साथ निरंतर बैठकें कर सभी के सुझावों को इस योजना में शामिल किया है। यह कॉरिडोर वृंदावन की प्राचीन दिव्यता को बनाए रखते हुए आधुनिक जरूरतों को पूरा करेगा। इस भव्य निर्माण से ब्रज की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पटल पर एक नई पहचान मिलेगी और ठाकुर जी के भक्तों के लिए दर्शन की राह आसान हो जाएगी। प्रस्तावित कॉरिडोर में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित वातावरण, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और सुगम प्रवेश- निकासी द्वार बनाए जाएंगे, जिससे संकरी गलियों में होने वाली भीड़ का दबाव कम होगा। कॉरिडोर के निर्माण से वृन्दावन में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिसका सीधा लाभ स्थानीय अर्थव्यवस्था को होगा।

### गौतमबुद्ध नगर

23 दिसंबर 2024 को नौ और 20 जनवरी 2025 को 16 दुकानों की जांच में ज्यादा कीमत पर शराब की बिक्री की पुष्टि की थी। इसके बाद आबकारी राज्य मंत्री के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही आरोपित के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के आदेश भी जारी किया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसी शिकायतों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### 20 को होगी

हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत पार्टी का शीर्ष नेतृत्व नवीन की उम्मीदवारी का समर्थन कर रहा है। नड्डा को भी जून 2019 में पहले भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और बाद में 20 जनवरी, 2020 को उन्हें निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। दिवंगत भाजपा नेता और पूर्व विधायक नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के बेटे नितिन नवीन (45) को पार्टी में सक्रिय रहने वाले नेता के तौर पर देखा जाता है जो संगठन से गहराई से जुड़े हैं। उनकी पृष्ठभूमि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की है। नवीन बिहार की बांकीपुर विधानसभा से विधायक हैं और दो बार बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

### समाज को

शेवनिंग उत्तराखण्ड छात्रवृत्ति के लिए समझौता किया है। इसके तहत हमारे 5 सबसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मास्टर्स के लिए ब्रिटेन भेजा जाएगा। युवा देश के 100 श्रेष्ठ रैंकिंग वाले संस्थाओं में प्रवेश लेंगे, हमारी सरकार उन्हें 50,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी देने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड का युवा केवल नौकरी मांगने वाला न बने, बल्कि स्टार्टअप के माध्यम से नौकरी देने वाला भी बने, इसके लिए भी राज्य सरकार काम कर रही है। उत्तराखंड के महाविद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ ही 9 नए महाविद्यालयों की स्थापना करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उत्कृष्ट शोध पत्रों के प्रकाशन पर राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए जा रहे हैं।

### एसआईआर

के सभी मतदान केंद्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), सहायक स्टाफ सहित निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे। बीएलओ के पास 06 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, गणना अवधि के दौरान अप्राप्य (अनकलेक्टेबल) श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं की सूची तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची के साथ-साथ दावे एवं आपत्तियों से संबंधित सभी आवश्यक फार्म-6 (घोषणा-पत्र सहित), 6ए, 7 एवं 8 (घोषणा-पत्र सहित) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को अभियान तिथियों की जानकारी देते हुए उनसे सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों का भी नियमानुसार सहयोग लिया जाएगा।

### जाड़े में

गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शुक्रवार को शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते दिखे। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जब तक जाड़ा पड़ेगा, राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने का हमारा अभियान चलता रहेगा। जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो, अपनी इस कोशिश को हम बरकरार रखेंगे। इसमें कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा संकल्प है।




# भारत और बांग्लादेश में होगी कांटे की टक्कर

## अंडर-19 विश्व कपः बांग्लादेश के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा भारत






बुलावायो। पहले मैच में आत्मविश्वास से भरी जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम शनिवार को यहां आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश की कड़ी चुनौती के बावजूद जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

पांच बार की चैंपियन भारत ने बारिश से प्रभावित मैच में अमेरिका को केवल 107 रन पर आउट करके छह विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने सात ओवरों में 16 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि अन्य गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। उसके बल्लेबाज बांग्लादेश के खिलाफ क्रीज पर लंबा समय बिताने की उम्मीद करेंगे क्योंकि अमेरिका के खिलाफ उन्हें खेलने का पर्याप्त मौका नहीं मिला। बांग्लादेश को कमजोर नहीं आंका जा सकता है और उसकी टीम आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकती है। म्हात्रे और 14 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी एक बार फिर उप कप्तान विहान मल्होत्रा, ऑलराउंडर आरोन जॉर्ज और वेदांत त्रिवेदी और विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के साथ मिलकर बल्लेबाजी विभाग का जिम्मा संभालेंगे। डी दीपेश, आरएस अंबरीश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह और उद्धव मोहन के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प हैं, जबकि कनिष्क चौहान, खिलन पटेल और मोहम्मद एनान जैसे खिलाड़ी स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह टूर्नामेंट 1988 में शुरू हुआ था और भारतीय टीम ने इसमें अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले एक साल में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला जीतने से लेकर टीम ने अब तक हर प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया है। अमेरिका के खिलाफ जीत पिछले 17 मैचों में भारत की 14वीं जीत थी। टीम को भरोसा है कि वह अपने अगले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ भी इस बेहतरीन फॉर्म को बरकरार रखेगी। जहां तक बांग्लादेश की बात है तो उसके पास कप्तान अजीजुल हकीम के रूप में अनुभवी खिलाड़ी हैं। जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में उनके नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। हकीम उप कप्तान ज़ावद अबरार के साथ बांग्लादेश की बल्लेबाजी की अगुवाई करेंगे। अंडर-19 स्तर पर दोनों बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 2024 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। बांग्लादेश के पास एक अन्य बल्लेबाज कलाम सिद्दीकी भी है जिन्होंने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है। बांग्लादेश के पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण भी है। उसके तेज गेंदबाज इकबाल हुसैन और अल फहद को जिम्बाब्वे की तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भरपूर सहयोग मिलने की उम्मीद है। इन दोनों गेंदबाज ने पिछले अंडर-19 विश्व कप के बाद से क्रमशः 45 और 43 विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर समीउन बसीर भी उनसे कुछ ही पीछे हैं। उन्होंने इस अवधि में 29 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट चार से कम है।

**टीम इस प्रकार हैंः**

**भारतः** आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, डी दीपेश, मोहम्मद एनान, एरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, किशन कुमार सिंह, विहान मल्होत्रा, उधव मोहन, हेनिल पटेल, खिलन ए पटेल, हरवंश सिंह, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी।

**बांग्लादेशः** अजीजुल हकीम तमीम (कप्तान), जवाद अबरार, समिउन बसीर रतुल, शेख परवेज जिबोन, रिज़ान होसन, शहरिया अल अमीन, शादीन इस्लाम, मोहम्मद अब्दुल्ला, फरीद हसन फैसल, कलाम सिद्दीकी अलीन, रिफत बेग, साद इस्लाम रजिन, अल फहद, शहरयार अहमद, इकबाल हुसैन। रिजर्वः अब्दुर रहीम, देबाशीष सरकार देबा, रफी उज्जमां रफी, फरहान शहरियार, फरजान अहमद अलीफ, संजीद मजूमदार, एमडी सोबुज। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1.00 बजे शुरू होगा।

# निर्णायक मुकाबले में भारत की कुलदीप और स्पिन रणनीति पर होगी नजर



इंदौर। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए अपने गेंदबाजी संयोजन पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है, क्योंकि पहले दो मैचों में उसके स्पिन गेंदबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि उसके बल्लेबाजों को कीवी टीम के धीमी गति के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए देखा गया।

राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे मैच में न्यूजीलैंड ने आसानी से जीत हासिल कर श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली, जिसमें भारत की बीच के ओवरों की कमजोरियां उजागर हो गईं। इनमें सबसे अधिक संघर्ष कुलदीप यादव को करना पड़ा जो न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के सामने ना तो नियंत्रण बना सके और ना ही विकेट लेने का खतरा पैदा कर सके। इस मैच में शतक लगाने वाले डैरिल मिचेल ने उनकी गेंदों पर आसानी से रन बटोरे। कुलदीप की लेंथ और लाइन दोनों पर हमला किया गया, जिसमें विशेष रूप से मिचेल ने अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल करते हुए गेंद के टर्न को बेअसर किया और बीच के ओवरों में भारतीय रणनीति को नाकाम कर दिया। कीवी बल्लेबाजों ने उनकी गेंदों को बहुत प्रभावी ढंग से स्वीप किया। यह रणनीति उनके लिए टेस्ट मैचों में भी कारगर साबित हुई थी। भारत के स्पिनर बल्लेबाजों पर लगातार दबाव नहीं बना पाए। इसके विपरीत न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। इंदौर का मैदान अपनी छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों के लिए जाना जाता है। इसलिए यहां विविधता के बजाय अनुशासित गेंदबाजी करना अधिक महत्व रखता है। भारत के गेंदबाजों विशेषकर कुलदीप को गेंद को अधिक सपाट रखना होगा, स्टंप्स पर आक्रमण करना होगा और मैदान के बड़े हिस्सों का पूरी चतुराई के साथ इस्तेमाल करना होगा। ऐसी पिच पर जहां गलत शॉट भी अक्सर छक्के में तब्दील हो जाते हैं, वहां लेंथ को नियंत्रित करना और चौके लगाने के विकल्पों को कम करना महत्वपूर्ण होगा। राजकोट में चोटिल वाशिंगटन सुंदर की अनुपस्थिति निस्संदेह महसूस की गई, जबकि उनके स्थान पर अंतिम एकादश में शामिल किए गए नीतीश कुमार रेड्डी ने केवल दो ओवर ही गेंदबाजी की। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले आयुष बडोनी शायद रेड्डी की तुलना में बेहतर विकल्प साबित हो सकते हैं। टीम प्रबंधन स्पिन गेंदबाजी से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने पर भी विचार कर सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मौका दिया जाता है या नहीं। अगर अर्शदीप सिंह को टीम में दिया जाता है तो प्रसिद्ध कृष्णा को बाहर होना पड़ेगा।

## संक्षेप

### शेल्टन बाहर, बाएज और मेनसिक में होगा खिताबी मुकाबला

ऑकलैंड। विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर के खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट ऑकलैंड ओपन के दो दिन तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। शेल्टन अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज से 7-5, 6-3 से हार गए, जो गैरवरीयता प्राप्त हैं और विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर हैं। गुरुवार रात को भारी बारिश के कारण यह मैच स्थगित करना पड़ा था। बाएज ने शुक्रवार को बाद में हुए सेमीफाइनल में अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-4 से हराया। बारिश के कारण खेल बाधित होने की वजह से तीन क्वार्टरफाइनल और दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन खेले गए। फाइनल में बाएज का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त याकूब मेनसिक से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में फैबियन मारोज़सन को 7-6 (9), 4-6, 6-1 से हराया। मारोज़सन ने पहले दौर में मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स और दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को हराया था।

### थीगाला को संघर्ष करना पड़ा

होनोलूलू (हवाई)। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर सहित थीगला ने 2026 के पीजीए टूर में अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की और वह सोनी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 73 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 104वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के कनाडाई खिलाड़ी सुदर्शन येल्लामाराजू ने हालांकि अपने राउंड की शुरुआत डबल बोगी से करने के बावजूद तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने पांच बर्डी लगाईं, एक डबल बोगी और दो बोगी की तथा नौवें होल पर ईगल के साथ अपना खेल समाप्त किया। वह संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय भी संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। उन्होंने भी तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। मौजूदा चैंपियन निक टेलर ने आठ अंडर 62 का स्कोर बनाकर केविन रॉय के साथ शुरुआती बढ़त साझा की है।

### चेन्नई सिंघम्स ने फाल्कन राइजर्स हैदराबाद को हराया

सूरत। चेन्नई सिंघम्स ने फाल्कन राइजर्स हैदराबाद को 38 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जिससे उसकी टीम इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। चेन्नई सिंघम्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में दो विकेट पर 118 रन बनाए जो वर्तमान सत्र में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है।

# मुझे डेल स्टेन की आक्रामकता बहुत पसंद हैः हेनिल पटेल



बुलावायो। अमेरिका के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप के पहले मैच में पांच विकेट लेकर भारत की छह विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने कहा कि उन्हें दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन की मैदान पर आक्रामकता से प्रेरणा मिलती है।

पटेल ने गुरुवार को यहां खेले गए मैच में 16 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे पांच बार के चैंपियन भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। यह पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप में किसी भारतीय गेंदबाज का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे बेहतर प्रदर्शन केवल कमल पासी (2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 23 रन देकर छह विकेट) और अनुकूल रॉय (2018 में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 14 रन देकर पांच विकेट) ने किया है। पटेल ने आईसीसी डिजिटल से कहा, मुझे डेल स्टेन की आक्रामकता बहुत पसंद है। उनकी गेंदबाजी इतनी अच्छी थी कि कोई भी बल्लेबाज उनके सामने खुलकर नहीं खेल पाता था। उनका सामना करना बहुत मुश्किल था। पटेल के पांच में से तीन विकेट अपने शुरुआती स्पेल में लिए। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने खुलासा किया कि गेंदबाजी की शुरुआत करते समय उनकी सफलता की कुंजी विकेट को निशाना बनाकर गेंदबाजी करना था। पटेल ने कहा, मैं हमेशा बल्लेबाज को तीन से चार गेंदों के भीतर आउट करने के बारे में सोचता हूं। मेरा मकसद जल्दी विकेट लेना है। मैं इसी मानसिकता के साथ खेलता हूं और शांति से अपने काम को अंजाम देता हूं। मैं सकारात्मक मानसिकता के साथ अभ्यास करता हूं और मैच में भी यही प्रक्रिया अपनाता हूं। इस बीच भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अमेरिका के खिलाफ मैच में कम विकेट खोकर जीत हासिल करनी चाहिए थी। म्हात्रे ने कहा, हमने अपनी पारी को बहुत लंबा खींच दिया और चार विकेट गंवा दिए। हम बिना विकेट खोए या एक विकेट गंवाकर यह लक्ष्य हासिल कर सकते थे।

# बैडमिंटन युगल के स्तर में सुधार करने पर ध्यान देना जरूरीः विमल कुमार




नयी दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कोच विमल कुमार ने गुरुवार को यहां कहा कि भारत को युगल खिलाड़ियों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है और इसके लिए उसे बैडमिंटन के प्रमुख देशों के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला और टेस्ट मैच आयोजित करने चाहिए।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ जोड़ियों में से एक है, लेकिन कुमार ने कहा कि अन्य खिलाड़ियों का स्तर काफी खराब है जो चिंता का विषय है। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित कुमार ने पीटीआई से कहा, हमें युगल के स्तर को सुधारने पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल में देश का स्तर चिंता का विषय है। तनीशा और ध्रुव कपिला अभी शीर्ष जोड़ियों के स्तर तक नहीं पहुंचे हैं, इसलिए हमें इन जोड़ियों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के सह-संस्थापक और मुख्य कोच कुमार ने कहा, हमें मलेशिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। उनकी अंडर-21 टीमों के साथ हमें टेस्ट मैच खेलने चाहिए। उन्होंने कहा कि हम इन पड़ोसी देशों के साथ एक सर्किट बना सकते हैं और इसे तीन या चार शहरों में आयोजित कर सकते हैं। जब आप टीम प्रतियोगिताओं में खेलते हैं तो दबाव अलग होता है और युवा खिलाड़ी अपने आप बेहतर प्रदर्शन करते हैं। पीवी सिंधू, साइना नेहवाल और लक्ष्य सेन को कोचिंग दे चुके 63 वर्षीय कुमार ने भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) से इस पर पहल करने का आग्रह किया और एक व्यावहारिक मॉडल के रूप में द्विपक्षीय या त्रिकोणीय श्रृंखला का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच टेस्ट मैच कराएं या एक और देश को शामिल करके इसे त्रिकोणीय श्रृंखला बना दें। इसमें प्रत्येक टीम में केवल 10 खिलाड़ी होंगे। इससे सभी को फायदा होगा। हमें यह पहल करनी चाहिए। कुमार ने आगे कहा कि हालांकि भारत का घरेलू बैडमिंटन सर्किट प्रतिस्पर्धी है, लेकिन पूर्वी देशों की खेल शैली से परिचित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, हमारे घरेलू टूर्नामेंट अच्छे हैं, लेकिन हमारा खेलने का तरीका अलग है। पूर्वी देशों की खेल शैली अलग है। आप अपने खिलाड़ियों को उनकी खेल शैली का अनुभव कैसे दिला सकते हैं। इसके लिए हमें उनके साथ निरंतर खेलना होगा। इसी तरह आप इस अंतर को पाट सकते हैं। कुमार ने कहा, हम मुख्य रूप से अपने शीर्ष खिलाड़ियों पर ध्यान देते हैं। उन्हें किसी तरह की शिकायत नहीं होनी चाहिए लेकिन कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने के लिए समर्थन की जरूरत है। हमें उन पर ध्यान देना होगा।

# एसए20 का असर दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दिख रहा हैः बाउचर

बेंगलुरु। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर मार्क बाउचर ने कहा कि एसए20 लीग का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में उनके देश के प्रदर्शन पर बड़ा असर पड़ा है क्योंकि इससे युवा खिलाड़ियों को विभिन्न तरह की मैच परिस्थितियों में खेलने का अनुभव मिला। पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण अफ्रीका ने काफी सफलता हासिल की है। टीम 2024 के टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची और इसके बाद पिछले साल भारत में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के साथ एक टेस्ट श्रृंखला भी अपने नाम की।

एसए20 द्वारा चुनिंदा मीडिया से आयोजित वर्चुअल बातचीत में बाउचर ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एसए20 का असर साफ दिखाई दे रहा है, इसमें जरा भी शक नहीं है। जब से एसए20 शुरू हुई है, इसने हमारे स्थानीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने और अलग मैच परिस्थितियों में खेलने का अनुभव दिया है।

बाउचर ने भारत की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का उदाहरण देते हुए कहा, हमने देखा है कि आईपीएल में क्या हुआ। आईपीएल में जैसे ही युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ खेलने लगे और उनसे सीखने लगे, उनका खेल एक अलग ही स्तर पर पहुंच गया। आज भारतीय क्रिकेट में इतनी गहराई है। उन्होंने युवा ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश का उदाहरण देते हुए कहा, हालांकि यह आईपीएल के स्तर का तो नहीं है, लेकिन एसए20 फिर भी बहुत अच्छी है। इसने वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है और हमारे क्रिकेटरों को सिर्फ टी20 में ही नहीं बल्कि एकदिवसीय प्रारूप और टेस्ट क्रिकेट में भी मदद की है। कॉर्बिन बॉश को ही देखिए। उनका एसए20 में प्रदर्शन शानदार रहा, फिर वह वनडे क्रिकेट खेलने लगे और उसके बाद टेस्ट क्रिकेट में भी खेलते नजर आए। इसलिए एसए20 शत प्रतिशत गेम-चेंजर है जो हमारे देश में क्रिकेट के लिए बेहद जरूरी है।

हालांकि 49 वर्षीय बाउचर का मानना है कि एसए20 को बाजार में पकड़ बनाने और प्रतिभा की खोज के मामले में अभी आईपीएल और बिग बैश लीग के स्तर तक पहुंचने के लिए लंबा सफर तय करना है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एसए20 को काफी ऊंचा दर्जा देते हैं और इनमें से कई बिग बैश लीग और आईपीएल में भी खेल चुके हैं। लेकिन जैसा कि मैंने पहले कहा कि आईपीएल हमेशा आईपीएल ही रहेगा और मुझे नहीं लगता कि आईपीएल से कोई प्रतिस्पर्धा है।

# डब्ल्यूपीएलः दूसरी बार आमने-सामने होंगे यूपी वॉरियर्स और मुंबई इंडियंस






नवी मुंबई। सत्र की अपनी पहली जीत हासिल करके उत्साह से ओतप्रोत यूपी वॉरियर्स की टीम शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

पहले तीन मुकाबलों में जीत हासिल नहीं कर पाने वाली वॉरियर्स ने गुरुवार को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अपना खाता खोला। यह दोनों टीम तीन दिनों में दूसरी बार एक-दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। वॉरियर्स को हालांकि अभी भी अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर समस्या का समाधान ढूंढना होगा, क्योंकि सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे लगातार चौथे मैच में नहीं चल पाई। मुख्य कोच अभिषेक नायर और कप्तान मेग लैनिंग अब फोएबे लिचफील्ड से पारी की शुरुआत कराने या श्वेता सहरावत जैसी किसी खिलाड़ी को शीर्ष क्रम में आजमाने के विकल्प पर विचार कर सकते हैं। ऐसे में नवगिरे को मध्यक्रम में या फिनिशर के रूप में खेलने के लिए कहा जा सकता है। हरलीन देओल ने 39 गेंदों में 64 रन की शानदार पारी खेली और वह अपनी इस लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। नायर ने कहा, हरलीन एक ऐसी खिलाड़ी है जो टीम के हित को प्राथमिकता देती है। इस टीम में खिलाड़ियों की सोच इसी तरह की है। वह अब हरमनप्रीत कौर के बाद इस सत्र में अर्धशतक बनाने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज हैं और हम यही चाहते थे। हरलीन और क्लो ट्रायोन की शानदार पारियों से वॉरियर्स ने जीत का स्वाद चखा। दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन, हरलीन और लिचफील्ड जैसी विश्व स्तरीय खिलाड़ियों की मौजूदगी में वॉरियर्स की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। वॉरियर्स से हार के कारण मुंबई इंडियंस का दो मैच से चला आ रहा जीत का सिलसिला रुक गया। हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम अब बदला लेने के लिए बेताब होगी। मुंबई के गेंदबाजों ने अपने पिछले मैच में खासकर हरलीन के खिलाफ वाइड और शॉर्ट गेंदें फेंकने की गलती की और इसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। बीमारी के कारण एक मैच से बाहर रहने के बाद नैट साइवर ब्रंट ने वॉरियर्स के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। निकोला कैरी ने भी अब तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया है, जबकि हेली मैथ्यूज अपनी जोरदार बल्लेबाजी के लिए जानी जाती हैं। मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण में अमेलिया केर और शबनीम इस्माइल जैसी शानदार खिलाड़ी हैं।

**टीम इस प्रकार हैंः**

**मुंबई इंडियंसः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), नैट साइवर ब्रंट, हेली मैथ्यूज, अमनजोत कौर, जी कमलिनी, अमेलिया केर, शबनीम इस्माइल, संस्कृति गुप्ता, सजना सजीवन, राहिला फिरदौस, निकोला कैरी, पूनम खेमनार, त्रिवेणी वशिष्ठ, नल्ला रेड्डी, सैका इशाक, मिल्ली इलिंगवर्थ।

**यूपी वारियर्सः** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देओल, डींड्रा डॉटिन, सोफी एक्लेस्टोन, क्रांति गौड़, शिप्रा गिरी, चार्ली नॉट, फोएबे लिचफील्ड, सुमन मीना, किरण नवगिरे, शिखा पांडे, प्रतिका रावल, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, सिमरन शेख, आशा सोभना, गोंगाडी त्रिशा, क्लो ट्रायोन।

मैच दोपहर 3:00 बजे (भारतीय समयानुसार) शुरू होगा।

# बार्टमैन की हैट्रिक से पार्ल रॉयल्स एसए20 के प्लेऑफ में

सेंचुरियन। ओटनेल बार्टमैन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक सहित पांच विकेट लिए जिससे पार्ल रॉयल्स ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। बार्टमैन ने 16 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे रॉयल्स ने कैपिटल्स को 19.1 ओवर में 127 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद रॉयल्स के बल्लेबाजों ने 4.5 ओवर शेष रहते हुए आसानी से लक्ष्य हासिल कर दिया। उसने 15.1 ओवर में चार विकेट पर 128 रन बनाकर बोनस अंक हासिल किया। इससे वह 21 अंक लेकर पहले स्थान पर पहुंच गया है। बार्टमैन एसए20 के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले प्रिटोरिया कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने पिछले हफ्ते ही किंग्समीड में डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ यह कारनामा किया था।

बार्टमैन ने आंद्रे रसेल, लिज़ाद विलियम्स और एनगिडी को आउट करके हैट्रिक बनाई। इससे पहले उन्होंने कॉनर एस्टरहुइज़न और जॉर्डन कॉक्स को लगातार गेंद पर आउट किया। यह 32 वर्षीय गेंदबाज लीग में अब 57 विकेट ले चुका है जो इस टूर्नामेंट का नया रिकॉर्ड है। उन्होंने मार्को यानसन को पीछे छोड़ा।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे पीएम

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17-18 जनवरी को बंगाल और असम के दौरे पर

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 और 18 जनवरी को पश्चिम बंगाल और असम के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान, वह देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, दोनों राज्यों में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे तथा काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के लिए भूमि पूजन करेंगे।

पश्चिम बंगाल और असम में इस साल विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, मोदी शनिवार दोपहर लगभग 12:45 बजे पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे, जहां वह हावड़ा (कोलकाता) और कामाख्या (गुवाहाटी) को जोड़ने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। बयान में कहा गया है कि दोपहर 1:45 बजे प्रधानमंत्री मालदा में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न रेल एवं सड़क अवसंरचना परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे तथा कई परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसमें कहा गया है कि मोदी रविवार को दोपहर लगभग तीन बजे हुगली जिले के सिंगूर में लगभग 830 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चार नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, जिनमें न्यू जलपाईगुड़ी-




नागरकोइल अमृत भारत एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस और अलीपुरद्वार-मुंबई (पनवेल) अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि इन चारों ट्रेन की शुरुआत से लंबी दूरी के किफायती और विश्वसनीय रेल सम्पर्क में सुधार होगा। इसमें कहा गया है कि नयी ट्रेन सेवाएं आम नागरिकों, छात्रों, प्रवासी श्रमिकों और व्यापारियों की आवागमन संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित होंगी तथा अंतर-राज्यीय आर्थिक एवं सामाजिक संबंधों को मजबूत बनाएंगी। बयान के मुताबिक, मोदी एलएचबी डिब्बों से लैस दो नयी ट्रेन सेवाओं, राधिकापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस और बालुरघाट-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस, को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इसमें कहा गया है कि दोनों ट्रेन क्षेत्र के युवाओं, छात्रों और आईटी पेशेवरों को बेंगलुरु जैसे प्रमुख आईटी एवं रोजगार केंद्र तक सीधी, सुरक्षित व आरामदायक यात्रा की सुविधा प्रदान करेंगी। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय राजमार्ग-31डी के धूपगुड़ी-फलाकाटा खंड को चार लेन में बदलने संबंधी परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे। यह एक महत्वपूर्ण सड़क परियोजना है, जो उत्तर बंगाल में यात्रियों और माल की सुगम आवाजाही को सुविधाजनक बनाएगी। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल में चार प्रमुख रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जिनमें बालुरघाट और हिली के बीच नयी रेल लाइन, न्यू जलपाईगुड़ी में अगली पीढ़ी की माल ढुलाई रखरखाव सुविधाएं, सिलीगुड़ी लोको शेड का उन्नयन और जलपाईगुड़ी जिले में वंदे भारत ट्रेन रखरखाव सुविधाओं का आधुनिकीकरण शामिल है। इसमें कहा गया है कि मोदी न्यू कूचबिहार-बमनहाट और न्यू कूचबिहार-बॉक्सिरहाट के बीच रेल लाइन के विद्युतीकरण संबंधी परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिससे तेज, स्वच्छ एवं अधिक ऊर्जा-कुशल ट्रेन संचालन संभव हो सकेगा।

# सोमनाथ मंदिर शाश्वत सनातन का प्रतीक, सृजन करने वालों की ताकत विध्वंसकों से कहीं अधिक

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात का सोमनाथ मंदिर गत एक हजार साल में 16 आक्रमणों के बावजूद शाश्वत सनातन धर्म के प्रतीक के रूप में शान से खड़ा है और दिखाता है कि सृजन करने वालों की शक्ति विनाश करने वालों से कहीं अधिक है। शाह ने यहां यमुना नदी के किनारे स्थित विशाल बांसेरा पार्क में तीसरे अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का उद्घाटन किया और लोगों को, विशेषकर किसानों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

शाह ने कहा कि मकर संक्रांति को विभिन्न क्षेत्रों में लोहड़ी, बिहू, पोंगल और खिचड़ी पर्व के नाम से भी जाना जाता है जो मूल रूप से किसानों का त्योहार है और सूर्य देवता की जीवनदायी शक्ति का प्रतीक है। शाह ने पतंग महोत्सव पर कहा कि यह देश के



लोगों को दिल्ली से जोड़ेगा और उन्होंने दिल्ली सरकार और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से इसे देश और दुनिया के अग्रणी आयोजनों में से एक बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने सुझाव दिया कि इस आयोजन को और अधिक समग्र बनाने के लिए एक समिति का गठन किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उपस्थित थे। महमूद गजनवी द्वारा 1026 में सोमनाथ मंदिर पर किये गए पहले हमले को लेकर हाल में संपन्न हुए सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का जिक्र करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गुजरात के इस मंदिर को 1000 वर्षों में 16 बार लूटा गया, लेकिन आज भी यह भव्य रूप में खड़ा है, जो इस बात का प्रमाण है कि निर्माण करने वालों की शक्ति विध्वंस करने वालों से कहीं अधिक है। शाह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर सनातन धर्म की शाश्वतता के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों की अमरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश ने 8 से 11 जनवरी तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया और आने वाला वर्ष पूरे देश में सोमनाथ स्वाभिमान वर्ष के तौर पर मनाया जाएगा।

## संक्षेप

### एनएचएआई का फैसला कोर्ट ने बहाल किया

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे परियोजना के एक हिस्से को समय पर पूरा न करने के कारण संबंधित ठेकेदार का अनुबंध समाप्त करने के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के फैसले पर लगी रोक हटा ली है। अदालत ने कहा कि नागरिकों को सुचारु और निर्बाध आवागमन के लिए एक अच्छी तरह निर्मित राजमार्ग से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति दिनेश मेहता और न्यायमूर्ति विनोद कुमार की पीठ ने 13 जनवरी को उच्च न्यायालय की एकलपीठ के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें एनएचएआई के 23 दिसंबर, 2025 के आदेश पर रोक लगा दी गयी थी। एनएचएआई ने 23 दिसंबर 2025 को रोडवे सॉल्यूशंस इंडिया इंफ्रा लिमिटेड को अनुबंध समाप्त करने के इरादे की सूचना दी थी। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि एनएचएआई अपने निर्णय पर स्वतंत्र रूप से कार्वाई कर सकता है और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के संबंधित हिस्से के निर्माण को पूरा करने के लिए किसी अन्य इकाई को नियुक्त करने हेतु नयी निविदा जारी कर सकता है। पीठ ने कहा कि इस तरह की अंतरिम रोक नहीं दी जानी चाहिए थी, क्योंकि इससे परियोजना में देरी होती, जो एक राष्ट्रीय नुकसान है।

# एफटीए सबसे महत्वपूर्ण समझौता साबित होगा: गोयल

## यह समझौता भारत और यूरोपीय संघ दोनों के लिए अच्छा और लाभकारी साबित होगा

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) सबसे महत्वपूर्ण समझौता साबित होगा। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि यह समझौता भारत और यूरोपीय संघ दोनों के लिए अच्छा और पारस्परिक रूप से लाभकारी साबित होगा। उन्होंने भारत-ईयू एफटीए के बारे में यहां संवाददाताओं से कहा कि यह व्यापार समझौते में सबसे महत्वपूर्ण समझौता होगा। वाणिज्य



मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार काफी हद तक संतुलित है। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यात क्षेत्रों के लिए भी यह एक सुपर समझौता होगा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा था कि भारत और यूरोपीय संघ प्रस्तावित एफटीए पर बातचीत पूरी करने के बेहद करीब हैं। अग्रवाल ने कहा था कि शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए चर्चा जारी है ताकि इस महीने के अंत में यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व की यात्रा के दौरान इस समझौते की घोषणा की जा सके।

वर्ष 2014 से अब तक सात देशों एवं समूहों के साथ व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

# अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने प्रमुख अमेरिकी सांसदों की मेजबानी की

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने वाशिंगटन और नयी दिल्ली के बीच गहराती साझेदारी को लेकर अमेरिकी कांग्रेस में मिल रहे निरंतर, द्विदलीय समर्थन का स्वागत करते हुए प्रमुख अमेरिकी सांसदों की मेजबानी की।

द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर चल रही बातचीत के बीच पिछले दो महीनों में शीर्ष अमेरिकी सांसदों के साथ यह क्वात्रा की दूसरी ऐसी बैठक रही। क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इंडिया हाउस में एक विशेष शाम। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के 12 माननीय सदस्यों की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला। इंडिया हाउस वाशिंगटन में राजदूत का आधिकारिक निवास है। क्वात्रा ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस में भारत-अमेरिका साझेदारी को और गहरा करने के लिए मिल रहे निरंतर, द्विदलीय समर्थन का स्वागत किया, जिसमें व्यापार और आर्थिक संबंधों, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और नवाचार, मजबूत रक्षा सहयोग तथा महत्वपूर्ण आतंकवाद-रोधी प्रयासों पर व्यापक चर्चा शामिल रही। भारतीय दूत ने यह भी कहा कि आने वाले वर्षों में भारत की सात प्रतिशत से अधिक अनुमानित मजबूत आर्थिक वृद्धि समृद्धि और सुरक्षा के इस साझा दृष्टिकोण को और सुदृढ़ करती है। क्वात्रा ने कांग्रेस सदस्य डेबोरा रॉस और प्रतिनिधि रॉब विटमैन का स्वागत किया, जो कांग्रेसनल स्टडी ग्रुप ऑन इंडिया के सह-अध्यक्ष हैं। यह पहल अमेरिकी प्रतिनिधि सभा और सीनेट के साथ भारत की भागीदारी को बढ़ाने के लिए है और इसे एसोसिएशन ऑफ फॉर्मर मेंबर्स ऑफ कांग्रेस तथा राउंडग्लास फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है।

# ट्रंप से ईरान पर हमले टालने का आग्रह

वाशिंगटन। अमेरिका के कई पश्चिम एशियाई सहयोगियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन से प्रदर्शनकारियों पर ईरान सरकार की घातक कार्वाई को लेकर उसके खिलाफ हमलों की योजना टालने का आग्रह किया है। इस मामले से परिचित अरब के एक राजनयिक ने यह जानकारी दी।

राजनयिक ने अपना नाम गोपनीय रखे जाने की शर्त पर बताया कि मिस्र, ओमान, सऊदी अरब और कतर के शीर्ष अधिकारियों ने पिछले 48 घंटे में चिंता जताई है कि अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिला देगा तथा पहले से ही अस्थिर क्षेत्र को और अस्थिर कर देगा। व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का अधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईरान के मामले में ट्रंप के लिए सभी विकल्प खुले हैं। लेविट ने कहा, सच्चाई



यह है कि केवल राष्ट्रपति ट्रंप जानते हैं कि वह क्या करने जा रहे हैं और सलाहकारों की एक बहुत, बहुत छोटी टीम को ही उनकी सोच की जानकारी है। वह ईरान में जमीनी स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। ईरान की इस्लामिक सत्ता को चुनौती देने वाले देशव्यापी विरोध प्रदर्शन बृहस्पतिवार को धीरे-धीरे शांत होते नजर आए। एक सप्ताह पहले ही ईरानी अधिकारियों ने देश को दुनिया से अलग-थलग कर दिया था और अपनी दमनकारी कार्वाई को तेज कर दिया था। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस दमनकारी कार्वाई में कम से कम 2,637 लोग मारे गए। राजनयिक ने बताया कि अरब के अधिकारियों ने ट्रंप से हमले टालने का अनुरोध करने के अलावा वरिष्ठ ईरानी अधिकारियों से भी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसक दमनकारी कार्वाई समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान अमेरिका की किसी कार्वाई के जवाब में अमेरिका या क्षेत्र में अन्य लक्ष्यों पर कोई प्रतिक्रिया देता है तो इसके ईरान के लिए गंभीर परिणाम होंगे। सहयोगी देशों द्वारा ट्रंप से हमले टालने का आग्रह किए जाने संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर लेविट ने इस मामले पर सीधे तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने कहा कि सैन्य कार्वाई एक विकल्प है जो अब भी विचाराधीन है।

# कोई गलतफहमी नहीं, मसौदा बीज विधेयक किसानों के अधिकारों की रक्षा करेगा: चौहान

नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को मसौदा बीज विधेयक 2025 पर चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि यह किसानों के खेत में बचे बीजों को बोने, बचाने, अदला बदली करने और बेचने के अधिकारों की रक्षा करता है। साथ ही गैर-कानूनी बीजों के उत्पादन और बिक्री के लिए कड़े जुर्माने का भी प्रावधान करता है।

चौहान ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार ने गैर-कानूनी बीज उत्पादन को रोकने के लिए 30 लाख रुपये तक के जुर्माने का



प्रस्ताव दिया है, जो वर्ष 1966 के बीज कानून के तहत मौजूदा 500 रुपये के जुर्माने से काफी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि यह गलतफहमी फैलाई जा रही है कि इससे पारंपरिक बीज प्रभावित होंगे। यह सच नहीं है। मंत्री ने साफ किया कि विधेयक के नियम किसानों और पारंपरिक किस्मों सहित उनकी किस्मों पर लागू नहीं होते हैं। किसान अपने बीज खुद बो सकते हैं। किसान दूसरे किसानों को बीज दे सकते हैं। पारंपरिक प्रणाली, जिसमें किसान बुवाई के समय बीज उधार लेते हैं और बाद में सवा गुना रकम लौटाते हैं, बिना किसी रुकावट के जारी रहेगा। कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले बीजों के लिए, विधेयक में उद्गम स्थल जानने के उपाय बताए गए हैं। अगर यह पाया जाता है कि बीज घटिया हैं या उनमें अंकुरण नहीं हो रहा है, या कोई और समस्या आती है।

## इंटरटेनमेंट...

# बैटल ऑफ गलवान पर विदेश मंत्रालय ने दी सफाई

मुम्बई। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय की तरफ से सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' को लेकर एक बड़ी जानकारी साझा की गई। मंत्रालय ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि इस फिल्म के प्रोजेक्ट्स में उनकी कोई भूमिका नहीं है।

एएनआई की खबर के अनुसार विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान से जुड़े सवालों के जवाब दिए। उन्होंने साफ किया कि ऐसे प्रोजेक्ट्स में विदेश मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं है। रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें पता चला है कि इस तरह की फिल्म बनाने की योजना बनाई जा रही है। भारत में फिल्म बनाने से जुड़े मामले संबंधित अधिकारी संभालते हैं। जहां तक हमारी बात है, विदेश मंत्रालय की इसमें या ऐसे किसी भी प्रोजेक्ट में कोई भूमिका नहीं है। सलमान खान की




अपकमिंग फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' है।

27 दिसंबर 2025 को एक्टर के जन्मदिन पर फिल्म से जुड़ा एक टीजर मेकर्स ने शेयर किया। इसके बाद ही एक कंट्रोवर्सी खड़ी हुई। इस फिल्म के टीजर की चीन के सरकारी मीडिया आउटलेट ग्लोबल टाइम्स ने आलोचना की है। उन्होंने दावा किया कि यह फिल्म तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है।

नववर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस पर सभी देशावासियों के सुख-समृद्धि व बेहतर स्वास्थ्य लाभा की कामना करते हैं।



डॉ. पी.पी. गोयल
प्रांत अध्यक्ष-गोरक्ष प्रांत मिशन योगी सी.एम. अगेन डायरेक्टर जनसेवा हॉस्पिटल, खजांची चौराहा, गोरखपुर



श्रीमती निर्मला देवी
पार्षद-वार्ड नं. 31
हरसेवकपुर

नववर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर महानगर के सम्मानित सभी नागरिक गण के सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।



संत गुलाब यादव
पूर्व प्रधान-हरसेवकपुर
9415378515

आलोक यादव
डायरेक्टर -संत लाइब्रेरी
संत टावर हरसेवकपुर नं.-2
पूर्वांचल एकेडमी रोड नीयर
गांधी नगर, गोरखपुर



# हॉन्ग सिस्टर्स के साथ काम करने का सपना हुआ पूरा : गो यूं जंग

नयी दिल्ली। दक्षिण कोरिया की मशहूर अभिनेत्री गो यूं जंग ने अपने नये रोमांटिक ड्रामा कैन दिस लव बी ट्रांसलेटेड? को लेकर कहा कि हॉन्ग बहनों के साथ दोबारा काम करना उनके लिए किसी सपने के पूरा होने जैसा था। जंग के अनुसार दोनों लेखिकाएं अपनी कहानियों में एक अनोखी और अलग ही दुनिया बना देती हैं। दक्षिण कोरिया की प्रसिद्ध लेखिकाएं हांग जंग-यून और हांग मी-रान कई रोमांटिक और फंतासी शो से जुड़ी रही हैं। होटल डेल लूना, माई गर्लफ्रेंड इज ए गुमिहो, द ग्रेटेस्ट लव और ए कोरियन ओडिसी जैसे शो को लोगों ने काफी पसंद किया है। इन दोनों बहनों को हॉन्ग बहनें भी कहा जाता है। अभिनेत्री जंग ने दूसरी बार हॉन्ग बहनों के साथ काम किया है। इससे पहले उन्होंने सफलतम ड्रामा अल्केमी ऑफ सोल्स (दो भाग) में साथ-साथ काम किया था। जंग ने हॉन्ग बहनों के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए कहा, उनके साथ काम करते हुए मैंने पहले भी और अब भी महसूस किया कि वे ऐसी लेखिकाएं हैं जो ऐसा माहौल और समय रचती हैं जिसमें आपको लगता है जैसे आप किसी



परीकथा का हिस्सा हों। अल्केमी ऑफ सोल्स भले ही फंतासी शो था लेकिन मुझे लगता है कि वे उस दुनिया में भी फंतासी का खूबसूरती से निर्माण करते हैं जो असल में काल्पनिक नहीं होती। यह सब एक परीकथा जैसा महसूस होता है। जंग ने कैन दिस लव बी ट्रांसलेटेड? में चा मू-ही का किरदार निभाया है, जबकि किम सियॉन हो इस कार्यक्रम में जू हो जिन के किरदार में नजर आएंगे। 12 एपिसोड की यह ड्रामा सीरीज शुक्रवार से ओटीटी (ओवर-द-टॉप) मंच नेटफ्लिक्स पर प्रसारित की जा रही है।

## कृति सेनन ने बहन नूपुर को दी शादी की बधाई

नयी दिल्ली। अभिनेत्री कृति सेनन ने अपनी बहन और गायिका नूपुर सेनन के लिए सोशल मीडिया पर एक संदेश लिखा और कहा कि उनके पास अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए पर्याप्त शब्द नहीं हैं। नूपुर ने हाल में साहिबा फेम स्टेबिन बेन से शादी की है। नूपुर और स्टेबिन ने 11 जनवरी को सोशल मीडिया पर शादी की कई तस्वीरें साझा करके अपनी शादी की घोषणा की। कृति ने बृहस्पतिवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया। इसकी शुरुआत उनकी और नूपुर की एक तस्वीर से हुई और इसके बाद शादी और अन्य समारोहों की झलकियां साझा की गईं।

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBDNIIT(056)-CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)-CSE, ECE & IT
12500+ More than 1800+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 5 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Legal Studies • Pharmacy • Architecture
• Dental Science • Computer Applications • Basic Sciences • Education
• Hotel Management • Agricultural Sciences • Media & Communication • Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 52.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
NEW COURSE B.Sc. (Agriculture) 4 Year Full Time Degree Program
• Courses available in Collaboration with IBM
• Minor Degree available in Collaboration with IIT - Mandi
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS), IT, ECE, ME, EE, CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(AI), IT, ECE, EE, ME, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN Paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com